नई दिल्ली
शनिवार, 22 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
नवमी वर्ष : 28, अंक : 314
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 26
न्यून. 11

# अमेरिका से पनामा लाए गए लोगों के भारतीय होने की पुष्टि के बाद होगी वतन वापसी: जायसवाल

यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को राजधानी में आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका से बीते दिनों पनामा और कोस्टारिका लाए गए कुल करीब 299 अवैध प्रवासियों के मामले को लेकर शुक्रवार को विदेश मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण टिप्पणी आई है।

जिसमें मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अमेरिका से कुछ अवैध प्रवासियों को पनामा और कोस्टारिका लाया गया है। वहां इन्हें एक होटल में ठहराया गया है। इनमें से कुछ लोग भारतीय नागरिक हो सकते हैं। लेकिन इसकी पुष्टि तभी हो सकती है, जब हम इनके दस्तावेजों का सत्यापन कर लेंगे। एक बार इनके भारतीय होने की सत्यता प्रमाणित होने के बाद हम इन्हें जरूरी दस्तावेज जारी करेंगे और फिर इनकी स्वदेश वापसी होगी।





### स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में भारतीय मिशन

*उन्होंने कहा कि पनामा और कोस्टारिका जैसे दोनों देश अवैध प्रवासियों के मामले में अमेरिका के साथ सहयोग कर रहे हैं। यह इन लोगों को इनके मूल देश भेजने के दौरान एक पुल के रूप में काम कर रहे हैं। दोनों देशों में पहुंचे प्रवासियों को खाने-पीने से लेकर चिकित्सा व अन्य जरूरी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। अमेरिका ही इस पूरे अभियान का खर्च उठा रहा है। वहीं, भारत के पनामा और कोस्टारिका में मौजूद मिशन वहां के स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं।*

### बेड़ियों में नहीं जकड़े गए महिलाएं, बच्चे

*रणधीर ने कहा कि इस महीने 15 और 16 फरवरी को अमृतसर में लैंड हुई अवैध भारतीय प्रवासियों की दो उड़ानों में महिलाओं और बच्चों को बेड़ियों और हथकड़ियों में जकड़ा नहीं गया था। इसे लेकर भारत सरकार ने अपनी चिंताओं को अमेरिकी प्रशासन के समक्ष उठाया था। जिसमें ये भी कहा था कि मानवीय और धार्मिक आधार को ध्यान में रखते हुए इन लोगों को वापस भेजा जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी हालिया अमेरिका यात्रा में भी अवैध प्रवासियों के मामले को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक में उठाया था। भारत और अमेरिका अवैध प्रवास के सख्त खिलाफ हैं। दोनों शीर्ष नेताओं के संयुक्त बयान में भी सख्त भाषा में इसका उल्लेख किया गया था।*

### सार्क बैठक के आयोजन पर हुई चर्चा

*उन्होंने कहा, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन के बीच मस्कट में हुई एक हालिया बैठक में सार्क की बैठक आयोजित किए जाने के मामले पर चर्चा की गई थी। बांग्लादेश की तरफ से इस मुद्दे को उठाया गया। लेकिन भारत के विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया कि दक्षिण एशिया में सभी यह जानते हैं कि किस देश की गतिविधियों की वजह से यह बैठक नहीं हो पा रही है। उन्होंने हुसैन को यह स्पष्ट किया कि बांग्लादेश को आतंकवाद के मामले को हल्के में नहीं लेना चाहिए। मौजूदा अंतरिम सरकार के कुछ सलाहकारों द्वारा भारत के खिलाफ की जा रही टिप्पणियों से दोनों देशों के संबंधों पर प्रभाव पड़ेगा।*

### तुर्किए के राजदूत के समक्ष जताई नाराजगी

*रणधीर जायसवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पर की गई तुर्किए के राष्ट्रपति एर्दोगन की टिप्पणियों को लेकर नई दिल्ली में उनके राजदूत को तलब कर भारत ने अपनी नाराजगी जताई है। हम भारत के मुद्दे की गई ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणियों को सिरे से खारिज करते हैं। भारत की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ की गई ऐसी बयानबाजी को कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि अच्छा होता अगर सीमापार आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली पाकिस्तान की नीति पर रोक लगाई जाती।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मोदी सरकार देगी 5 लाख लिमिट वाला क्रेडिट कार्ड

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने छोटे कारोबार को बढ़ावा दे रही है। लोन के लिए बजट में क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने का ऐलान किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हम उद्यम पोर्टल पर रजिस्टर्ड माइक्रो यानी सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपए की सीमा वाले विशेष कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड शुरू करेंगे।



### धनश्री ने चहल से मांगी 60 करोड़ की एलिमनी?

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा अब साथ नहीं हैं। दोनों का तलाक हो गया है। रिपोर्ट्स में यह दावा किया जाने लगा कि युजवेंद्र चहल को तलाक के बाद धनश्री को 60 करोड़ रुपए की एलिमनी देनी पड़ी है। हालांकि, ये सच नहीं है। इस बता की पुष्टि धनश्री के परिवार के एक सदस्य ने की है।



### हाथरस भगदड़ कांड में भोले बाबा को क्लीन चिट

**लखनऊ।** हाथरस कांड की न्यायिक जांच की रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी गई है। फिलहाल राज्य सरकार ने रिपोर्ट के तथ्यों का सार्वजनिक नहीं किया है। सूत्रों की मानें तो रिपोर्ट में भोले बाबा को आरोपी नहीं ठहराया गया है, जिससे उन्हें क्लीन चिट मिल गई है। आयोग ने पुलिस की जांच को सही पाया है। ऐसी घटनाओं को रोकने के सुझाव भी दिए हैं।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में बोले

# भारत के चुनाव में यूएसएआईडी के दखल के ट्रंप के दावे पर जांच में जुटी एजेंसियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यूएसएआईडी द्वारा भारत में किसी और को चुनाव जिताने के लिए 21 मिलियन डॉलर की धनराशि दिए जाने के दावे को केंद्र सरकार ने बेहद गंभीरता से लिया है। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में कहा कि यूएसएआईडी की गतिविधियों और फंडिंग को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति और उनके प्रशासन की तरफ से किए गए खुलासों के बारे में हमें जानकारी है।

जिनसे भारत के अंदरूनी मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को लेकर गंभीर चिंता पैदा हुई है। लेकिन हमारे यहां कुछ एजेंसियां और मंत्रालय इस मामले की जांच कर रहे हैं। ऐसे में अभी इस पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी करना बेहद जल्दबाजी होगा। उन्होंने कहा कि देश में कई एकाइयां और मंत्रालय हैं जो यूएसएआईडी के साथ काम करते हैं। उनके द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे की पड़ताल की जा रही है। ऐसे में जैसे ही इसे लेकर कोई जानकारी मिलेगी, हम उसे मीडिया के साथ साझा करेंगे।

*नेपाल के छात्रों की सुरक्षा और कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध, उठाए जाएंगे सभी जरूरी कदम*



### राष्ट्रपति ट्रंप का दावा

*गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने बीते दिनों बाइडन प्रशासन के भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर यूएसएआईडी द्वारा निर्वाचन आयोग को 21 मिलियन डॉलर दिए जाने के फैसले पर सवालिया निशान लगाया गया था। उनका यह दावा हालांकि एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग (डोज) के यूएसएआईडी द्वारा भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग को 21 मिलियन डॉलर का योगदान देने के बयान के बाद किया गया था। जिससे देश की राजनीति में भूचाल आ गया है। मुख्य रूप से केंद्र में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी और विपक्षी दल कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया है। ट्रंप ने अपने बयान में ये भी कहा था कि हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर देने की जरूरत क्यों है? वाह, मुझे लगता है कि वे (बाइडन प्रशासन) किसी ओर को सत्ता में लाने की कोशिश कर रहे थे। हमें इसके बारे में भारत सरकार को बताना होगा।*

### सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा और कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता

ओडिशा के केआईआईटी में बीते दिनों नेपाल की छात्रा की आत्महत्या के मामले पर रणधीर ने कहा कि संस्थान में छात्रा द्वारा की गई आत्महत्या की घटना सामने आने के बाद हम बहुत दुखी हैं। मंत्रालय पीड़ित के परिजनों के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं प्रकट करता है। केंद्र सरकार सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों की देश में सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इस घटना के सामने आने के बाद मंत्रालय ओडिशा सरकार, केआईआईटी और नेपाल की अथॉरिटी के साथ भी लगातार संपर्क में है। नेपाल की अथॉरिटी को ओडिशा सरकार द्वारा उठाए गए तमाम कदमों के बारे में जानकारी दी गई है। भारत और नेपाल के लोगों के बीच मौजूद मजबूत संबंधों में वहां के छात्र भी शामिल हैं। इसे देखते हुए सरकार उनकी सुरक्षा और हितों की पूर्ति के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी।

### उच्च स्तरीय समिति बनी, आरोपी गिरफ्तार

जायसवाल ने बताया कि ओडिशा पुलिस ने मामले में कुछ गिरफ्तारियां की हैं। जिसमें आरोपी भी शामिल है। सभी लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही प्रदेश सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। जिसकी सिफारिशों के आधार पर उचित कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार नेपाल के छात्रों को भारत से वापस भेजने या वहां से यहां लाने की सुविधा प्रदान कर रही है। छात्रों की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने जरूरी कदम उठाए हैं और नेपाली छात्रों को चौबीसों घंटे मदद देने के लिए एक हेल्पलाइन भी शुरू की गई है।

मोदी से नफरत करते-करते अब भारत से भी नफरत

## भाजपा बोली- भारत में वोटर टर्नआउट के लिए 21 मिलियन डॉलर की दी जा रही थी मदद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने कांग्रेस और राहुल गांधी के देश विरोधी बयानों और कार्यों को सबूतों के साथ पेश करते हुए प्रश्न उठाए। पार्टी ने तथाकथित फैक्ट चेकरों और कांग्रेस द्वारा अमेरिका के यूएसएड एड को भारत के बजाय बांग्लादेश को दी जाने वाली खबर को प्रचारित करने के लिए जमकर आलोचना की।



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को केंद्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी ऐसे कृत्य इसलिए करते हैं क्योंकि वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नफरत करते-करते भारत ▶▶ शेष पेज 5 पर

पवन खेड़ा ने कहा झूठ से पर्दा उठना चाहिए

## अमेरिकी फंडिंग पर मोदी सरकार से व्हाइट-पेपर लाने की मांग की कांग्रेस ने

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिकी फंड पर कांग्रेस पार्टी ने केंद्र की भाजपानीत सरकार से दो टूक मांग करते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रात प्राप्ति के बाद 'यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट' (यूएसएड) की ओर अब तक किन किन संस्थाओं को कब, कब कितना फंड मिला उसका श्वेत-पत्र लेकर आये ताकि देश को सच्चाई का पता चल सके। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने अमेरिका में ये बोलकर भारत में सियासी भूचाल ला दिया कि पूर्व की बाइडन सरकार ने तत्कालीन भारत सरकार को 21 मिलियन डॉलर दिये थे ताकि उनके मनमाफिक सरकार भारत में आ सके। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### वाशिंगटन से चला झूठ भारत में फैलाया गया

भाजपा की ओर से ताबड़तोड़ कांग्रेस पर अभी राजनीतिक प्रहार शुरू ही किया गया था कि दिल्ली के 'द इंडियन एक्सप्रेस' ने प्रमुखता से एक खोजी खबर प्रकाशित करते हुए दावा किया कि बाइडन सरकार ने भारत को नहीं बांग्लादेश को तत्कालीन राष्ट्रपति शेख हसीना के पद से हटने के 7 महीने पहले 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर की फंडिंग की थी। इस खबर के बाद कांग्रेस पार्टी के तेजतर्रार प्रवक्ता पवन खेडा ने पूरी आक्रामकता के साथ कुछ वीडियो, फोटो मीडिया के साथ साझा करते हुए विस्तार से प्रेस कांफ्रेंस ▶▶ शेष पेज 5 पर

महाकुंभ में 'महापापियों' पर एक्शन

## महिलाओं के नहाते हुए बनाए वीडियो, 103 सोशल मीडिया हैंडल्स पर ताला, 13 पर केस

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



प्रयागराज पुलिस ने महाकुंभ में नहाती महिलाओं का चोरी से वीडियो बनाकर डार्क वेब (अश्लील साइट) और दूसरे सोशल मीडिया पर बेचने वालों पर बड़ी कार्रवाई की है।

प्रयागराज पुलिस ने इस मामले में 13 एफआईआर दर्ज की है। साथ ही 103 सोशल मीडिया हैंडल के खिलाफ एक्शन लिया है। दरअसल, प्रयागराज महाकुंभ में अधर्म की एक ऐसी खबर आई, जिसने सभी को परेशान कर दिया है। पुलिस से लेकर डुबकी लगाने वाले लोग तक परेशान हैं। क्योंकि कुछ गंदी सोच वाले महाकुंभ में डुबकी लगा रही महिलाओं के वीडियो बना रहे हैं। उनकी फोटो खींच रहे हैं और फिर इन वीडियोज़ और फोटोज़ को डार्क नेट पर अपलोड कर रहे हैं। पॉर्न साइट्स पर डाल कर पैसा ▶▶ शेष पेज 5 पर

डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने किसे दिखाई आंख?

## मुझे 'हल्के' में मत लेना तांगा पलट दूंगा इशारा जिसे समझना हो, वह समझ ले

**सीएम देवेंद्र फडणवीस कैंप में मची हलचल**

एजेंसी ▶▶ मुंबई



डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के ताजा बयान ने एक बार फिर से महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है।

कहा जा रहा है कि उनका ताजा बयान देवेंद्र फडणवीस से संबंधित है। उन्होंने कहा कि उन्हें हल्के में लेने की जरूरत नहीं है। शिंदे ने कहा कि उन्हें 2022 में हल्के में लिया गया था, तब उन्होंने सरकार बदल दी। इसलिए उन्हें हल्के में न लिया जाए। ये तो मैंने पहले ही कहा है, जिन्होंने मुझे हल्के में लिया है। मैं एक सामान्य कार्यकर्ता हूं लेकिन बालासाहेब और दिघे साहब का कार्यकर्ता हूं। ये समझकर मुझे सबने लेना चाहिए। और इसलिए जब हल्के में लिया तो 2022 में तांगा पल्टी कर दिया, सरकार को बदल दिया। आम लोगों के मन की सरकार वहां पर लेकर आए और जो लोग चाहते थो डबल इंजन की सरकार चली। ▶▶ शेष पेज 5 पर

कहा, रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण 30 जनवरी 1987 को दी गई अपनी रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय जल्द ले, ताकि हरियाणा को मिले उसके हिस्से का पानी

## मुख्यमंत्री नायब ने रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण के समक्ष उठाया हरियाणा के पानी का मुद्दा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण के समक्ष हरियाणा के हितों की बात करते हुए कहा कि 30 जनवरी 1987 को रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण द्वारा दी गई अपनी रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय जल्द से जल्द लिया जाए, ताकि हमारे न्यायोचित हिस्से का पानी हमें शीघ्र मिल सके। मुख्यमंत्री ने यह बात रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण के दौरे के दौरान हुई बैठक में कही। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पंजाब से हिस्से का नहीं मिला पानी

*सैनी ने कहा कि हरियाणा के लिए एसवाईएल भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और सुप्रीम कोर्ट द्वारा हरियाणा के हक में फैसला भी दिया गया है, लेकिन फिर भी अभी तक पंजाब की ओर से हरियाणा को उसके हिस्से का पानी नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि हम लगातार कई मंचों से कह चुके हैं कि हरियाणा को उसके हिस्से का पानी मिलना चाहिए, लेकिन पंजाब सरकार द्वारा इस दिशा में कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही एसवाईएल के विषय का समाधान होगा। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, हरियाणा व पंजाब के महाधिवक्ता भी मौजूद रहे।*

ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की व्यवस्था में बदलाव

# विशेष दर्शन में स्लॉट सिस्टम लागू अब 4 स्लॉट में विशेष दर्शन होंगे

मनोज त्रिवेदी ▶▶ ओंकारेश्वर

26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन की व्यवस्था में मंदिर प्रशासन ने बदलाव किए गए हैं। ऑनलाइन विशेष दर्शन (शीघ्र दर्शन) में स्लॉट सिस्टम लागू किया गया है। अब 4 स्लॉट में विशेष दर्शन होंगे। आधार नंबर से टाइम स्लॉट जनरेट होगा। माध्यान्ह भोग दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक दो घंटे के लिए कोई ▶▶ शेष पेज 5 पर

◆ *ऑनलाइन टिकट धारी व्यक्ति को ममलेश्वर सेतु (नया झूला पुल) से ही मिलेगा प्रवेश*



### शीघ्र दर्शन करवाने वालों से रहें सावधान

मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से शीघ्र दर्शन के नाम पर ठगी करने वालों से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि एक आधार कार्ड से कई टिकट लिए जा सकते हैं। इस पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। क्योंकि, अभी तक आम आदमी को तथाकथित व्यक्तियों के द्वारा शीघ्र दर्शन के नाम पर भ्रमित कर ठग लिया जाता था।

पीएम मोदी के मुख्य आतिथ्य में होगा देशव्यापी वृहद किसान सम्मान समारोह

# 24 फरवरी को 19वीं किस्त में 22,000 करोड़ रु. किसानों को उनके बैंक खाते में ट्रांसफर किए जाएंगे: शिवराज

- 9.80 करोड़ किसानों को "पीएम किसान" की राशि प्रधानमंत्री मोदी ट्रांसफर करेंगे
- कहा, 23 फरवरी को बिहार में मखाना उत्पादक किसानों से तालाबों के किनारे चर्चा करेंगे
- प्रधानमंत्री दुग्ध उत्पाद संयंत्र, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, रेल लाइन, रेलवे ओवरब्रिज का कार्यक्रम भी संपन्न करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में प्रेसवार्ता कर बताया कि किसानों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'पीएम किसान' की 19वीं किस्त की राशि भागलपुर (बिहार) में आयोजित वृहद कार्यक्रम- किसान सम्मान समारोह के मंच से ट्रांसफर करेंगे।

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम किसान) की 19वीं किस्त में 22,000 करोड़ रुपए की राशि देशभर के लगभग 9.80 करोड़ किसानों को सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। चौहान ने बताया कि पीएम किसान की 18वीं किस्त में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा किसानों के खातों में 20,665 करोड़ रु. दिए गए थे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने बताया कि भागलपुर के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ▶▶ शेष पेज 5 पर



### दुग्ध उत्पाद संयंत्र प्रारंभ होगा

*उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम के अतिरिक्त भागलपुर में कुछ और कार्यक्रम सम्पन्न करेंगे। बिहार के बरौनी में बरौनी डेयरी द्वारा एक दुग्ध उत्पाद संयंत्र प्रारंभ किया जाएगा, जिसकी दूध प्रसंस्करण की क्षमता लगभग 2 लाख लीटर है। ये पशुपालन व डेयरी विभाग का कार्यक्रम है। मोतीहारी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसके अतिरिक्त, एक रेल लाइन 36.45 किमी, जिसकी लागत 526 करोड़ रुपये है, रेलवे ओवर ब्रिज का उद्घाटन करेंगे। बिहार की प्रमुख फसल मखाना है। मखाना उत्पादकों को ऊर्जा मिले, इसके लिए मखाना बोर्ड स्थापित करने* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### बदमाशों ने खुद को बताया था ईडी अधिकारी, चढ़े हत्थे

# फार्महाउस पर ईडी की फर्जी रेड कर मांगे थे 20 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- प्रिंस तेवतिया गैंग का बदमाश साथी संग अरेस्ट
- महरौली के फार्महाउस में मारी थी फर्जी रेड



अपराध शाखा की दक्षिणी रेंज ने खुद को ईडी अधिकारी बताकर फार्महाउस मालिक से 20 करोड़ की उगाही की कोशिश करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार एक आरोपी प्रिंस तेवतिया गैंग का सदस्य भी है। वह स्नैचिंग, डकैती, आर्म्स एक्ट और बलात्कार सहित 30 मामलों में शामिल रहा है। इसके साथ ही वह मालवीय नगर थाने का बीसी भी है।

पुलिस के अनुसार इन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारी बनकर एक फर्जी छापेमारी की थी। दरअसल 22 अक्टूबर 2024 की शाम को सात व्यक्तियों का एक ग्रुप महरौली के एक फार्महाउस में घुस गया था। उन्होंने खुद को ईडी से बताया। फार्महाउस में मौजूद सभी लोगों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए और किसी को भी परिसर से बाहर जाने से रोक दिया गया था। छापेमारी की आड़ में उन्होंने शिकायतकर्ता से उसके बैंक खाते से महत्वपूर्ण नकदी निकासी के बारे में पूछताछ की। इसके बाद 20 करोड़ की डिमांड की गई। रकम नहीं देने पर गिरफ्तारी की धमकी भी दी गई। शिकायतकर्ता ने इन्हें आश्वस्त किया कि उसे धन की व्यवस्था करने के लिए बैंक जाने की जरूरत है। अगले दिन दो आरोपी उसके साथ हौज खास के एक बैंक में गए।

इस बीच शिकायतकर्ता ने व्हाट्सएप के माध्यम से अपने मैनेजर और वकील को भी सूचित कर दिया था, जिन्होंने ईडी के कार्यालय से पुष्टि की कि ऐसी कोई छापेमारी नहीं की गई है। जब शिकायतकर्ता ने बैंक में आरोपियों में से एक से पहचान का अनुरोध किया तो जालसाजों को संदेह हुआ और वे भाग गए।

साथ ही उनके साथी फार्म हाउस से फरार हो गए। इस संबंध में महरौली थाने में एफआईआर भी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान एक आरोपी इकबाल कुरेशी की पहचान की गई। यह भी पता चला कि इकबाल कुरेशी प्रिंस तेवतिया गैंग का सदस्य है। इसके बाद इकबाल कुरेशी और अरुण लाल को गिरफ्तार किया गया। इकबाल कुरेशी शिकायतकर्ता का पूर्व परिचित है। वहीं इस पूरी फर्जी रेड व उगाही की कोशिश का मास्टरमाइंड था। इस मामले में लकी नामक शख्स को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पकड़ा गया दूसरा आरोपी अरुण लाल उर्फ अंकित पहले कालकाजी थाने में दर्ज एक सनसनीखेज हत्या के मामले में शामिल रह चुका है। इस मामले में मां-बेटी की मौत हो गयी थी। वह फिलहाल जमानत पर बाहर था। पुलिस इनके अन्य साथियों को पकड़ने के लिए प्रयासरत है।

## अवैध रूप से दिल्ली में रह रहा बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले की पुलिस ने अवैध रूप से दिल्ली में रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी से बचने के लिये चाय की दुकान चला रहा था। शाह अली नामक इस बांग्लादेशी नागरिक को आगे की कार्रवाई के लिये एफआरआरओ आर के पुरम के हवाले किया गया है। डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए विदेशी सेल की टीम ने 47 वर्षीय शाह अली पुत्र शमशुल हकीकत निवासी जिला बेगरहाट, बांग्लादेश को पकड़ा है। इसे डी-ब्लॉक सीमापुरी से पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि शाह अली ने पांच साल पहले अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था। उसे पहले 2018 में बांग्लादेशी सेल, सीलमपुर, उत्तर पूर्वी जिले द्वारा निर्वासित किया गया था, लेकिन वह गैरकानूनी तरीके से फिर भारत पहुंच गया। पुलिस अब इसकी अवैध एंट्री करने में मदद करने वाले नेटवर्क की पहचान करने में जुट गई है।

- पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए चला रहा था चाय की दुकान

## पिटाई का बदला लेने के लिये युवक पर चाकू से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नेब सराय थाना अंतर्गत संगम विहार में एक युवक पर चाकू से हमला किया गया। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुये एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को पकड़ा है। इनके पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद हो गया है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि पिटाई का बदला लेने के लिये यह हमला किया गया था।

पुलिस के अनुसार मस्जिद वाली गली, संगम विहार के पास चाकूबाजी के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। घायल रेहान (19) निवासी एल-2, संगम विहार को अस्पताल ले जाया गया। जांच के दौरान पता चला कि करीब एक महीने पहले गुग्लू नाम के लड़के से रेहान का झगड़ा हुआ था। इस दौरान मारपीट भी की गई थी। गुरुवार को रेहान मस्जिद वाली गली के पास मौजूद था। वहीं पर गुग्लू अपने दो अन्य दोस्तों के साथ पहुंचा और उसे पीटने लगा। इनमें से एक ने उसके सीने के बाई ओर चाकू घोंप दिया। हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। कार्रवाई स्वरूप आरोपी मुफजुल उर्फ गुग्लू और एक नाबालिग को चाकू के साथ पकड़ा गया है। तीसरा आरोपी अभी फरार है। उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# करोड़ों की ड्रग्स के साथ पकड़ी गई लेडी डॉन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- गैंगस्टर हाशिम बाबा की है तीसरी पत्नी
- जोया खान कर रही थी गैंग को ऑपरेट



- नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के वेलकम इलाके से जोया को 270 ग्राम हेरोइन के साथ किया गया गिरफ्तार

स्पेशल सेल ने यमुनापार की लेडी डॉन जोया खान को गिरफ्तार किया है। इसके पास से करोड़ों की ड्रग्स भी बरामद हुई है। जोया कुख्यात गैंगस्टर हाशिम बाबा की तीसरी पत्नी बताई जाती है। आजकल हाशिम गैंग को जोया खान ही ऑपरेट कर रही थी। हाशिम बाबा पहले से ही तिहाड़ जेल में बंद है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जोया पर लंबे समय से दिल्ली पुलिस शिकंजा कसने की तैयारी कर रही थी। लेकिन हर बार वह पुलिस से चार कदम आगे रहती थी। इस बार स्पेशल सेल ने जोया को ड्रग्स मामले में धर दबोचा। नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के वेलकम इलाके से उसे 270 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है। जोया खान, हाशिम बाबा की तीसरी पत्नी है। जबकि जोया की यह दूसरी शादी है। 2014 में पहली शादी के बाद उसका तलाक हो गया था, जिसके बाद वह हाशिम बाबा के करीब आई। दोनों पड़ोसी थे और नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के रहने वाले है। धीरे-धीरे यह नजदीकियां बढ़ीं और फिर 2017 में दोनों ने शादी कर ली। शादी के बाद हाशिम जेल चला गया और धीरे धीरे जोया ने गैंग की कमान संभाल ली थी।

## खबर संक्षेप

### आज से शुरू होगा दो दिवसीय पलाश फ्लावर शो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारका क्षेत्र में आज शनिवार से दो दिवसीय पलाश फ्लावर शो का आयोजन करने जा रहा है। इस बारे में डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार पलाश फ्लावर शो का शुभारंभ एलजी विनय कुमार सक्सेना के कर कमलों से होगा। डीडीए के अनुसार दूसरे तीन दिवसीय पलाश फ्लावर शो का आयोजन यमुनापार घड़ौली मयूर विहार स्थित स्मृति वन में किया जाएगा। इस का आयोजन 28 फरवरी,1-2 मार्च को किया जाएगा, इसका शुभारंभ भी एलजी सक्सेना के हाथों ही होगा। जबकि दोनों शो में एलजी के अलावा डीडीए के उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद होंगे।

### टाटा पावर ने मिलाया प्रोबस स्मार्ट थिंग्स से हाथ

नई दिल्ली। निजी बिजली आपूर्ति कंपनी टाटा पावर-डीडीएल ने एडवांस स्मार्ट मीटरिंग टेक्नोलॉजी के लिए प्रोबस स्मार्ट थिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ हाथ मिलाया है। कंपनी के अनुसार इस तकनीकी के प्रयोग से स्मार्ट मीटरिंग टेक्नोलॉजी में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। इसके लिए टाटा पावर ने इनोवेटिव टेक्नोलॉजी और एआई-आधारित डेटा एनालिटिक्स सॉल्यूशंस के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी प्रोबस स्मार्ट एनालिटिक्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ भागीदारी की घोषणा की है। ब्लूटूथ-इनेबल्ड कम्युनिकेशन के साथ यूनीवर्सल नेटवर्क इंटरफेस कार्ड (एनआईसी) की मदद से स्मार्ट मीटरिंग टेक्नोलॉजी को उन्नत बनाया जाएगा।

### निगम से सेवानिवृत्त होने वाले सफाई कर्मियों के साथ हो रहा भेदभाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम से सेवानिवृत होने वाले सफाई कर्मियों के साथ निगम प्रशासन द्वारा भेदभाव किया जाता है। दिल्ली नगर निगम संयुक्त मोर्चा नरेला के अध्यक्ष दलीप कुमार बरवाला ने यह आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि एमसीडी द्वारा सेवानिवृत्ति पर नियमानुसार सेवानिवृत कर्मियों को ना तो कोई चेक दिया जाता है और ना ही पीपीओ नंबर। दफ्तर में अनेक चक्कर लगाने के बाद कई-कई महीने बाद यह दिया जाता है। सफाई कर्मचारी जो सेवानिवृत्ति पर एडवांस राशि लेते हैं वह पूरी नहीं मिलती लेकिन उसकी किश्त कटनी चालू हो जाती है। इसके साथ ही सेवानिवृत्ति के बाद सफाई कर्मचारी बेचारा अपनी धनराशि प्राप्त करने के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाता रहता है।

### डीएमआरसी बिछाएगी ऑप्टिक केबल

## मेट्रो यात्रियों को जल्द मिलेगी हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

डीएमआरसी जल्द ही यात्रियों को हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा देने जा रही है, जिसकी शुरुआत होने जा रही है। इस योजना के लिए डीएमआरसी ने फैसला किया है जल्द ही मेट्रो की सभी लाइनों पर ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने का कार्य शुरू हो जाएगा।

इस बारे में डीएमआरसी के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि दिल्ली मेट्रो यात्रियों को अब हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा देने जा रही है। सबसे पहले मजेंटा लाइन (बोटेनिकल गार्डन-कृष्णा पार्क एक्सटेंशन) और पिंक लाइन (शिव विहार-मजलिस पार्क) कॉरिडोर पर यह सुविधा शुरू की जाएगी। इसके बाद अन्य सभी कॉरिडोर पर चरणबद्ध तरीके से छह महीने में यह काम पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए डीएमआरसी ने बेकहाल डिजिटल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता किया, जिस पर डीएमआरसी के एमडी डॉ विकास कुमार की मौजूदगी में हस्ताक्षर हुए। यह कंपनी ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क बिछाने का कार्य छह माह में पूरा करेगी और रखरखाव का कार्य भी करेगी। दयाल के अनुसार योजना के तहत सभी मेट्रो कॉरिडोर के साथ बिछेगी करीब 700 किलोमीटर लंबी आप्टिक फाइबर केबल बिछाई जाएगी। इससे मेट्रो में यात्रियों को 5 जी हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा मिल सकेगी। जिसके बाद मेट्रो में इंटरनेट कनेक्टिविटी की कोई समस्या नहीं होगी।

# कांग्रेस, 'आप' ने दिल्ली के लोगों की समस्याओं का नहीं किया कभी समाधान : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस ने 15 साल तक दिल्ली पर शासन किया और उसके बाद आम आदमी पार्टी (आप) सत्ता में रही लेकिन दोनों ने दिल्ली के लोगों की समस्याओं का कभी समाधान नहीं किया। रेखा ने कहा कि उनकी सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले दिन ही आयुष्मान भारत योजना को पारित कर दिया। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ने दिल्ली के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित रखा और कोई वास्तविक कार्रवाई किए बिना केवल नारे लगाए। कांग्रेस ने 15 साल तक दिल्ली पर शासन किया और उसके बाद 'आप' ने, फिर भी उन्होंने दिल्ली के लोगों के मुद्दों पर कभी ध्यान नहीं दिया और अब हमारे सत्ता में आने के एक दिन बाद ही उन्होंने हमारी सरकार पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम वही हैं जिन्होंने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना पारित की। हमने शपथ ली और उसी दिन उस योजना को मंजूरी दी जिसे 'आप' ने वर्षों से रोक रखा था। उन्होंने सुझाव दिया कि दोनों दलों को अपने-अपने पार्टी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## एक्शन में सीएम : पूर्व सीएम और मंत्रियों के व्यक्तिगत स्टाफ की सेवाएं की समाप्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कुर्सी संभालते ही ताबड़तोड़ एक्शन लेना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उन अफसरों और कर्मचारियों को अपने मूल कैडर में रिपोर्ट करने को कहा है जिन्हें पूर्व सरकार के दौरान दूसरी जगह नियुक्त किया गया था। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्रियों के व्यक्तिगत स्टाफ की सेवाएं भी खत्म कर दी गई हैं। हालांकि ऐसा प्रावधान है कि मंत्री पद से हटते ही उनके निजी स्टाफ के सेवाएं खत्म हो जाती हैं और नए मंत्री अपना निजी स्टाफ नियुक्त करते हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को दूसरी जगह नियुक्त किया गया था उन्हें तुरंत अपने मूल विभागों में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

# निगम ने डॉ साहिब सिंह वर्मा स्टेडियम में प्रथम दिव्यांग महोत्सव का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




- पैरालिम्पियन अमित के जीवन से मिलती है प्रेरणा : शिक्षा निदेशक
- दिव्यांग महोत्सव 24 फरवरी तक चलेगा

हमें पैरालिम्पियन अमित सरोहा के जीवन से प्रेरणा मिलती है कि कैसे विषम परिस्थितियों में आगे बढ़ा जा सकता है। शुक्रवार को ककरौला स्थित डॉ. साहब सिंह वर्मा स्टेडियम में प्रथम दिव्यांग महोत्सव के रंगारंग उद्घाटन के अवसर पर दिल्ली नगर निगम के शिक्षा निदेशक संजय सिंह ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए यह प्रेरणादायक बाते कही। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को प्रथम दिव्यांग महोत्सव के सफल आयोजन की बधाई भी दी। निगम प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन अवार्डी और पैरालिम्पियन अमित सरोहा ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली नगर निगम के शिक्षा निदेशक संजय सिंह ने की। कार्यक्रम में अतिरिक्त निदेशक शिक्षा और सभी क्षेत्रों के उपशिक्षा निदेशक, विद्यालय निरीक्षक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। वहीं, अर्जुन अवॉर्डी एवं चार पैरालंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले अमित सरोहा ने इस अवसर पर निगम विद्यालयों के छात्रों के बीच अपने संघर्ष को साझा किया।

### 1304 दिव्यांग बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया

निगम प्रशासन के अनुसार इसमें सभी 12 जोनों के लगभग 1304 दिव्यांग बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। दिल्ली नगर निगम का प्रथम दिव्यांग महोत्सव 21 फरवरी से 24 फरवरी 2025 तक डॉ. साहब सिंह वर्मा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सिंगिंग, डांसिंग, फैंसी ड्रेस, टैलेंट हंट, पेंटिंग एंव स्पोर्ट्स के इवेंट्स आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम में कुल 8 दिव्यांगता के बच्चों को शामिल किया गया है।

### निगम महापौर और आयुक्त को नहीं बुलाया गया

वहीं, निगम शिक्षकों में इस आयोजन के चलते रोष है। नाम नहीं छापने की शर्त पर शिक्षकों ने बताया कि यह पहला दिव्यांग महोत्सव है और इसमें महापौर, निगमायुक्त को भी बुलाना चाहिए था ताकि दिव्यांगों का मनोबल बढ़ सके।

### निगम जोनल बैठकों में पार्षदों ने उठाई आवाज

# सड़कों पर हुए अतिक्रमण के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब दिल्ली नगर निगम के पार्षद भी जनता की समस्याओं पर गौर करने लगे हैं और चाहते हैं कि जनता की समस्याओं का ध्यान रखा जाए। बता दें कि शुक्रवार को केशव पुरम जोन और नरेला जोन की वार्ड समिति की बैठकें हुई। इन बैठकों में पार्षदों ने प्रमुख मार्गों व फुटपाथों पर अतिक्रमण की समस्याओं पर उठाया। बताया गया कि इसके चलते सड़कों पर पैदल लोगों का चलना तक मुश्किल हो गया है और वाहनों की लंबी लाइनें लग रही है। निगम के केशवपुरम जोन की वार्ड समिति के चेयरमैन योगेश वर्मा (एडवोकेट) ने बताया कि बैठक में सभी निगम पार्षदों अवैध अतिक्रमण की समस्या बताई। उन्होंने कहा कि पार्षदों को अपने-अपने वार्ड से पांच-पांच प्राथमिक बिंदु देने होंगे, जिन पर निगम अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करेंगे। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अनधिकृत अतिक्रमण दोबारा न हो। इस बैठक में उपायुक्त संदीप गहलोत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं निगम पार्षदगण उपस्थित रहे। इसके अलावा आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए तीन-तीन वार्डों का एक समूह बनाया जाएगा। इन समूहों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में लगातार एक सप्ताह तक कार्रवाई की जाएगी और आवारा पशुओं को हटाया जाएगा। शौचालयों की स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए सफाई अधिकारी को प्रतिदिन सुबह-सुबह शौचालयों की तस्वीर भेजनी होगी, जिससे उनकी नियमित सफाई की पुष्टि हो सके।बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। वहीं, नरेला जोन में भी इसी प्रकार की समस्याएं पार्षदों ने उठाई और आगामी बैठक तक समाधान करने को बोला।

### भंडारे के आयोजन पर लिया जाए शपथ पत्र

जोन चेयरमैन योगेश वर्मा ने बताया कि जब भी किसी स्थान पर भंडारे का आयोजन होगा, सफाई अधीक्षक आयोजकों से संपर्क कर उन्हें सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा डस्टबिन लगाने के लिए प्रेरित करेंगे और एक शपथ पत्र भी देंगे कि वह भंडारे के बाद वह स्थान स्वच्छ हो इसको सुनिश्चित करेंगे। वहीं, निगम अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर इन सभी उपायों को प्रभावी रूप से लागू करें और निगरानी सुनिश्चित करें।

## निगम ने 5 आवारा पशुओं को पकड़ा, केशवपुरम जोन में 9 अवैध डेयरी की सील



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली


दिल्ली नगर निगम के पशु चिकित्सा विभाग ने शुक्रवार को रोहिणी जोन के सुल्तानपुरी क्षेत्र में 5 पशुओं को पकड़ा है। निगम प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रशासन ने बताया कि निगम ने अपने अधिकार क्षेत्र में अवैध डेयरी पर भी अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में केशव पुरम जोन के त्रि नगर में 9 डेयरी सील की गईं। निगम का पशु चिकित्सा सेवा विभाग आवारा मवेशियों और शहरीकृत क्षेत्र में चल रही अवैध डेयरियों की समस्या को हल करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। आने वाले दिनों में निगम की ओर से इस संबंध में और सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बताया गया कि दिल्ली नगर निगम आवारा पशुओं और अवैध डेयरियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है।

## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

**मु. न. 17 दिनांक 15/01/2025 धारा 346 आई.पी.सी. थाना बरोदा जिला सोनीपत ।**

**गुमशुदा की पहचान**

नाम- धीर सिंह।
पिता का नाम चतर सिहं ।
पता - वासी गांव घड़वाल जिला सोनीपत ।
उम्र-52 वर्ष ।
जन्म तिथि- वर्ष 1993
कद- 5 फुट 9 ईन्च ।
हुलियाः रंग गेहुंआ, पतला शरीर, लमबुंतरा चेहरा, काले बाल ।
पहनावाः- पैंट-शर्ट व जुते पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि धीर सिंह पुत्र चतर सिहं वासी गांव घड़वाल जिला सोनीपत जो करीब 31 साल पहले घर से बिना बताये चला गया था। जो अब तक अपने घर वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करें।

प्रबन्धक थाना-7419410546
अनुसंधानकर्ता मो. न.-7048936400
कन्ट्रोल रुम सोनीपत-0130-2222903,100

**हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी, कृते पुलिस उपायुक्त। मुख्यालय, सोनीपत।**

पीआरडीएच-1084/11/3138/2025/32460/88/7 दि. 21.02.25

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण | हर्बल पार्क, सेक्टर-26, पंचकूला में पथ लाइट, हाई मास्ट और म्यूजिक सिस्टम का प्रावधान + 4 कार्य। | 18.02.2025 28.02.2025 | 90.65 लाख | https://etencers.hry.nic.in | 9468434344 xenpmdahry@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2025/40/32464/I/88/7 दि. 21.02.25

## नवगठित दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र 24 से

# 25 फरवरी को सदन में पेश होगी कैग रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नवगठित दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र 24 फरवरी (सोमवार) से शुरू होगा जिसमें लंबित कैग रिपोर्ट पेश की जाएंगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सत्र 24, 25, 27 फरवरी को आयोजित किया जाएगा तथा आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार के प्रदर्शन से जुड़ी 14 लंबित कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्ट सदन में पेश की जाएंगी। वहीं शुक्रवार भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने सीएम रेखा गुप्ता से मुलाकात की। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ बैठक कर आगामी विधानसभा सत्र के एजेंडे पर विस्तृत चर्चा की। 25 फरवरी को विधानसभा के पटल पर कैग की रिपोर्ट्स प्रस्तुत की जाएगी।



विधानसभा सत्र से पहले भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ बैठक कर आगामी विधानसभा सत्र के एजेंडे पर की विस्तृत चर्चा


गुप्ता ने कहा कि सत्र 24, 25 और 27 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। प्रक्रिया के अनुसार दिल्ली विधानसभा के सभी 70 विधायक सत्र के पहले दिन शपथ लेंगे, जिसके बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। वहीं सूत्रों के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के समय भाजपा विधायक अरविंदर सिंह लवली प्रोटेम स्पीकर की भूमिका निभाएंगे। गुप्ता ने कहा कि 24 फरवरी को सदस्यों द्वारा शपथ और अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। 25 फरवरी को सीएजी रिपोर्ट सदन के समक्ष रखी जाएगी। गुप्ता ने कहा कि कैग रिपोर्ट अध्यक्ष कार्यालय को पहले ही मिल चुकी है। इसलिए पहला एजेंडा सीएजी रिपोर्ट को पेश करना और अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष के चुनाव के बाद उस पर चर्चा करना है। उल्लेखनीय है कि सीएजी रिपोर्ट में दिल्ली सरकार की आबकारी नीति में अनियमितताओं के कारण 2,026 करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण राजस्व नुकसान का खुलासा किया गया है। रिपोर्ट के निष्कर्षों में कहा गया है कि नीति के उद्देश्यों से विचलन, मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता की कमी और लाइसेंस जारी करने में उल्लंघन थे, जिन पर जुर्माना नहीं लगाया गया।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** नवनियुक्त मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से मुलाकात की। सीएम रेखा ने पहले राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस मुलाकात की तस्वीरें राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में साझा कीं। इसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से उनके आवास वाइस प्रेसिडेंट एन्क्लेव में मुलाकात की। इस मुलाकात की तस्वीरों को शुक्रवार को सोशल मीडिया पर उपराष्ट्रपति के आधिकारिक अकाउंट से पोस्ट भी किया गया।





### प्रवेश वर्मा ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात

दिल्ली के नवनिर्वाचित मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारत के उपराष्ट्रपति से भेंट की। इस दौरान उनका मार्गदर्शन लिया। राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी गहरी समझ और प्रेरणादायक विचारों से सीखने का अवसर मिला। अपने अमूल्य समय और स्नेहपूर्ण संवाद के लिए मैं हृदय से आपका आभार प्रकट करता हूं।

### अरविंदर सिंह लवली होंगे दिल्ली विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर : गुप्ता

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक और दिल्ली विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि अरविंदर सिंह लवली सदन में 'प्रोटेम स्पीकर' की भूमिका निभाएंगे। 'प्रोटेम स्पीकर' अस्थायी विधानसभा अध्यक्ष होते हैं, जो पूर्णकालिक अध्यक्ष के चुनाव तक सीमित समय के लिए सदन की कार्यवाही का संचालन करते हैं। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की जनता के जोश और जुनून के अनुरूप कदम दर कदम आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री के साथ बैठक हुई है, जिसमें आगे की कार्यवाही कैसे आगे बढ़ेगी इस पर कुछ चर्चा हुई है। प्रोटेम स्पीकर के सवाल पर गुप्ता ने कहा कि सदन की कार्यसूची शाम तक जारी कर दी जाएगी और यह भूमिका लवली अदा करेंगे।

## भाजपा ने पहली कैबिनेट में ही तोड़ा अपना वादा : आतिशी

**भाजपा के नेताओं ने कहा था कि पहली कैबिनेट बैठक में महिलाओं को 2500 रुपए देने की स्कीम होगी पास**




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को 2500 रुपए देने की महिला समृद्धि योजना को पहली कैबिनेट बैठक में पास नहीं करके अपना वादा तोड़ा है। यह बात शुक्रवार को दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी ने प्रेसवार्ता में कही। आतिशी ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने अपनी रैलियों में कहा था कि पहली कैबिनेट बैठक में महिलाओं को 2500 रुपए देने की स्कीम पास होगी। लेकिन सीएम रेखा गुप्ता ने सबको झूठा साबित कर दिया। साथ ही ये भी साबित किया कि मोदी की गारंटी, कोई गारंटी नहीं, सिर्फ एक जुमला है। इसलिए पूरी दिल्ली भाजपा से एक ही सवाल कर रही है कि महिलाओं के खाते में ढाई हजार रुपए कब आएंगे।

## मुख्यमंत्री या पार्टी के महिमामंडन में जनधन का एक पैसा नहीं लुटाएगी भाजपा सरकार : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

किसी भी सरकार की स्थापना का दिन एक संदेश देने का दिन होता है और गुरूवार को 27 वर्ष के अंतराल के बाद बनी भाजपा सरकार ने अपने पहले ही दिन एक बड़ा संदेश दे दिया है कि हम सरकार के, मुख्यमंत्री के या पार्टी के महिमामंडन में जनधन का एक पैसा नहीं लुटायेंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार एक प्रेसवार्ता में यह बातें कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा गुड गर्वनेंस एवं सुशासन के लिए जानी जाती है जिसकी पहली झलक दिल्ली वालों को गुरूवार को देखने को मिली। भाजपा के गुड गर्वनेंस की इस पहली झलक ने भाजपा एवं आम आदमी पार्टी के बेड गर्वनेंस एवं कुशासन की पोल खोल कर रख दी है।

### शपथग्रहण समारोह में सारा खर्च भाजपा ने किया खुद वहन

सचदेवा ने कहा है कि इसके ठीक विपरीत गुरुवार को जब दिल्ली की भाजपा सरकार ने शपथ ग्रहण समारोह के प्रचार पर दिल्ली के सरकारी खजाने से एक पैसा भी खर्च नहीं किया गया। उन्होंने कहा है कि गुरुवार को दिल्ली में भाजपा सरकार के विकसित दिल्ली शपथ ग्रहण समारोह में दिल्ली वालों को आमंत्रित करने के जो विज्ञापन दिए गये, जो होर्डिंग लगाए गए उनका सारा खर्च भाजपा ने खुद वहन किया।

### केजरीवाल ने साढ़े चार करोड़ रूपए प्रति दिन केवल प्रचार पर उड़ा डाले

सचदेवा ने बताया कि उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि केजरीवाल ने 2020 में अपनी तीसरी सरकार की स्थापना पर साढ़े 4 करोड़ रूपए प्रति दिन केवल विज्ञापनबाजी पर उड़ा डाले थे जबकि भाजपा ने गुरूवार को सरकारी पैसे से जीरो खर्च किया। उन्होंने ने आरोप लगाते हुए बताया कि हमारे संज्ञान में आया है कि केजरीवाल शासन में विज्ञापन देने लेने के लिए जो ऐजेंसी काम कर रही थी उसका काम पारदर्शी नहीं था और जन-धन की भारी लूट हुई।









## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा उंचा गांव टीम ने योजना के तहत कंपनी की पेमेंट की चोरी करने के मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में अवनेश,



अजय, अनुज और अंकित का नाम शामिल है। अवनेश, अजय और अनुज उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले के गांव फतेहपुर और अंकित उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के गांव नंगला के रहने वाले है। जो वर्तमान में बल्लभगढ़ में अलग-अलग स्थान पर रह रहे है। अपराध शाखा टीम ने तकनीकी सहायता से आरोपियों की पहचान की है।

### पॉलिसी रिनुअल करने के नाम पर आरोपी को दबोचा

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी रवि शर्मा लाल कुआं गाजियाबाद का रहने वाला



है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। एनआईटी में रहने वाले एक महिला ने शिकायत में बताया कि उसके पास 18 नम्बर 2024 को एक व्यक्ति का कॉल आया। जिसने बोला कि शिकायतकर्ता की

### 4 वर्षीय बच्ची एशियन अस्पताल से डिस्चार्ज

**फरीदाबाद।** बीते 10 फरवरी को डबुआ थाना क्षेत्र में एक 4 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारादात को अंजाम दिया गया था। जिसको सिविल अस्पताल से इलाज के लिए रेफर कर दिया। फरीदाबाद



पुलिस द्वारा उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार बच्ची को एशियान अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह के द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त बडखल विष्णु प्रसाद के नेतृत्व में एसआईटी गठित की। फरीदाबाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी जावेद उर्फ जाबिद निवासी गांव कुरैशीपुर धौज को गिरफ्तार किया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीड़िता को इलाज उपरांत अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया।

# सबसे दुर्लभ और बेशकीमती विंटेज कारें गुरुग्रामवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

अगर आपको इतिहास की किताबों से निकलकर सड़क पर दौड़ती हुई विरासत देखनी हो, तो लीला एंबियंस गोल्फ ग्रीन्स की ओर रुख करें। यहां विंटेज कारों का ऐसा संग्रह सजाया गया है, जो किसी संग्रहालय से कम नहीं। 21 गन सैल्यूट कॉनकोर्स डी'एलिगेंस के 11वें संस्करण में दुनिया की कुछ सबसे दुर्लभ और बेशकीमती विंटेज कारें गुरुग्रामवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में देश-विदेश की 125 से अधिक दुर्लभ विंटेज कारें और 50 विंटेज मोटरसाइकिलें प्रदर्शित की जा रही हैं, जो गुरुग्रामवासियों के लिए एक अनूठा अनुभव लेकर आई हैं। गुरुग्राम में इस ऐतिहासिक आयोजन का उद्घाटन हरियाणा सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने किया। इससे पहले, इंडिया गेट पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विंटेज कारों की ग्रैंड रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था, जो राजधानी की सड़कों से होते हुए गुरुग्राम पहुंची।

### 21 गन सैल्यूट कॉनकोर्स डी'एलिगेंस के 11वें संस्करण का मंत्री सिंह ने किया उद्घाटन

#### शो में सबसे पुरानी 1903 की डी डिऑन बूटोन कार दिखी



लीला एंबियंस गोल्फ ग्रीन्स में आयोजित इस प्रतिष्ठित ऑटो शो में कारों की ऐसी विरासत पेश की जा रही है, जिसे देखने के लिए ऑटोमोबाइल प्रेमी और विशेषज्ञ दूर-दूर से आ रहे हैं। जब 1939 की डेलाहे (फिगोनी एट फलास्की) की चमचमाती बॉडी, 1903 डी डिऑन बूटोन की नायाब बनावट, और 1917 फोर्ड मॉडल टी रोडस्टर की ऐतिहासिक शान दर्शकों के सामने आई, तो मानो वक्त ठहर सा गया। ऐसी ही दर्जनों ऐतिहासिक कारें तीन दिनों तक गुरुग्राम में अपनी खूबसूरती बिखेर रही हैं जिनमे शामिल है 1903 डी डिऑन बूटोन (इस शो की सबसे पुरानी कार), 1935 ब्यूक 90एल (पूर्व अयोध्या राजपरिवार की), और 1935 कैडिलैक फ्लीटवुड शामिल हैं।

#### अंतरराष्ट्रीय जूरी करेगी मूल्यांकन

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली कारों की बारीकी से जांच करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ जूरी बुलाई गई है, जिसमें क्रिश्चियन क्रेमर, व्हिटनी ओवरॉकर, शिनिची एक्को, एलेक्स वॉन मोजर और एलन विन जैसे नामी जज शामिल हैं। यह जूरी कारों को प्रामाणिकता, डिजाइन, कारीगरी और ऐतिहासिक महत्व के आधार पर परख रही है।

#### गुरुग्राम में ऑटोमोबाइल विरासत का भव्य मंच

21 गन सैल्यूट हेरिटेज ट्रस्ट के चेयरमैन एवं मैनेजिंग ट्रस्टी, मदन मोहन का कहना है कि "यह सिर्फ एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध ऑटोमोबाइल विरासत का उत्सव है। हम इस आयोजन के माध्यम से न केवल ऐतिहासिक गाड़ियों को संजोने का संदेश दे रहे हैं, बल्कि भारत को विंटेज कारों के वैश्विक मंच पर स्थापित कर रहे हैं। हरियाणा कभी भारत में पर्यटन के मामले में शीर्ष पर था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसमें गिरावट देखी गई है। 21 तोपों की सलामी जैसे भव्य आयोजनों के साथ, हम वास्तव में मानते हैं कि हमारा पर्यटन क्षेत्र अपनी प्रमुखता फिर से हासिल करेगा और एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आएगा। ये पहल केवल ऑटोमोबाइल के बारे में नहीं हैं, वे विरासत का जश्न मनाते हैं। पर्यटन को बढ़ावा देते हैं और गुरुग्राम की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित करते हैं। मैं अपनी शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि इस तरह के प्रयास हरियाणा के पर्यटन उद्योग को आगे बढ़ाते रहेंगे।

**राव नरबीर सिंह, उद्योग और वाणिज्य मंत्री, हरियाणा**

### गोवा पर्यटन निगम के चेयरमैन डॉ. गणेश गावकर ने किया गोवा पवेलियन का अवलोकन

# मिलकर काम करेंगे गोवा और हरियाणा पर्यटन निगम: प्रबंध निदेशक डॉ. कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पर्यटन की दृष्टि से अंतरराष्ट्रीय पटल पर प्रसिद्ध गोवा राज्य अब केवल सन सैंड और सी तक ही सीमित नहीं रहा है। यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पुरातन सांस्कृतिक धरोहर और जंगल सफारी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। यह कहना है गोवा के विधायक एवं गोवा टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन डॉ. गणेश गावकर का। गोवा पवेलियन का अवलोकन करते हुए डॉ. गणेश गावकर ने बताया कि इस साल सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले के माध्यम से गोवा में टूरिज्म को प्रोत्साहन देने के लिए यह पवेलियन लगाई गई है। उन्होंने बताया कि गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत व पर्यटन मंत्री डॉ. रोहन खाउंते के प्रयास से गोवा पर्यटन को नया स्वरूप प्रदान किया गया है। अब गोवा का पर्यटन केवल समुद्र के बीच, सूरज की धूप और रेत तक ही सीमित नहीं है। समुद्र से दूर गोवा के आंतरिक क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक किलों, भगवान शिव व देवियों के प्राचीन मंदिरों, बायो डायवर्सिटी पार्क, मेडिसिनल प्लांट्स गार्डन, जल प्रपात, यूनेस्को हेरिटेज साइट्स को विकसित कर पर्यटन का विस्तार किया जा रहा है।

*गोवा में ऐतिहासिक किलों, प्राचीन मंदिरों विकसित किए जा रहे हैं*

*बायो डायवर्सिटी और जंगल सफारी का भी आनंद ले सकते हैं पर्यटक*

#### गोवा के 25 मंदिरों का पुनरोद्धार किया जाएगा



डॉ. गणेश गावकर ने बताया कि करोड़ों रुपयों की राशि खर्च कर गोवा के 25 प्राचीन मंदिरों का काशी, उज्जैन की तरह पुनरोद्धार किया जा रहा है। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 25 फरवरी को यहां सांकरोडे के महादेव मंदिर में विशाल शिव महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यहां आकर पर्यटक नेचुरल फूड और जैविक कला शिल्प की सुंदरता देख सकते हैं। इसके अलावा गोवा के घरों में पर्यटक होम स्टे कर कोंकणी कल्चर को नजदीक से देख सकते हैं।

#### मेले के माध्यम से संस्कृति हो रही है सांझी: डॉ. सुनील

इस अवसर पर उपस्थित हरियाणा पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि गोवा और हरियाणा राज्य सूरजकुंड मेले के माध्यम से अपनी कला संस्कृति को सांझा कर रहे हैं। भविष्य में भी ये दोनों राज्य पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए मिलकर कार्य करेंगे। गोवा के कलाकारों ने यहां आकर अपनी प्रतिभा से दर्शकों का मन मोह लिया। बड़ी चौपाल पर कोंकणी संस्कृति के पारंपरिक नृत्यों की इन कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी।

### जीडीए ने अवैध कॉलोनी की ध्वस्त

# भारी विरोध के बीच 13 बीघा भूमि में कई निर्माणाधीन ढांचे हटाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का बुलडोजर शुक्रवार को मुरादनगर की असलत नगर कॉलोनी के खसरा नंबर 25 पर चलाया गया जिसमें करीब 13 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वर्ष की निर्देश के बाद जॉन दो प्रभारी शुक्रवार को मुरादनगर क्षेत्र के असालतनगर नगर कालोनी में खसरा 25 में अवैध रूप से नितिन त्यागी व अनिल डबास द्वारा काइट के सामने, शिवम विहार के पीछे, शिवम विहार थर्ड मुरादनगर के लगभग 13 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग तहस नहस कर दिया गया।

इस अवैध कालोनी में कालोनाईजर द्वारा बनायी गई सड़क, बाउन्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान कोलोनाईजर और निर्माणकर्ता द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की प्रभावी कार्यवाही के द्वारा उनको डंडे फटकारकर भगा दिया गया। प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-2 द्वारा लोगों को सख्त निर्देश दिये गए कि बिना अनुमति किए गए किसी भी निर्माण को बक्शा नहीं जाएगा।

# देसी-देसी ना बोला कर छोरी रै... सुनकर झूमा सूरजकुंड मेला परिसर

### सांस्कृतिक संध्या में हरियाणवी सिंगर एमडी देसी रॉकस्टार और सुभाष फौजी ने जमाया रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

देसी-देसी ना बोला कर छोरी रै... इस देसी की फैन या दुनिया हो रही रै... जैसे ही हरियाणवी रॉकस्टार के नाम से विख्यात फॉक सिंगर एमडी देसी ने बड़ी चौपाल के मंच से गीत गाना शुरू किया तो दर्शकों ने नाचना शुरू कर दिया। हरियाणवी कलाकार एमडी देसी रॉकस्टार और सुभाष फौजी ने हरियाणवी गीतों से बड़ी चौपाल पर देर रात तक रंग जमाए रखा।

उल्लेखनीय है कि हरियाणा राज्य पर्यटन निगम और कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की ओर से आयोजित किए जा रहे सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों में हर रोज विख्यात कलाकारों द्वारा दी जा रही प्रस्तुतियों से पर्यटकों का भरपूर मनोरंजन किया जा रहा



है। इसी कड़ी में मेला परिसर की हरियाणवी सिंगर एमडी देसी रॉकस्टार और सुप्रसिद्ध गायक सुभाष फौजी के मदमस्त गीतों के नाम रही।

सबसे पहले इन दोनों हरियाणवी कलाकारों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा का सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेले में इतनी बड़ी स्टेज पर आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद किया। वहीं मेला परिसर में की गई बेहतरीन व्यवस्था के लिए पर्यटन निगम और सूरजकुंड मेला प्रशासन की सराहना की। बड़ी चौपाल के मंच से सांस्कृतिक संध्या में एमडी देसी रॉकस्टार और सुभाष फौजी ने ऐसा समां बांधा कि फिर रूकने का नाम नहीं लिया। उन्होंने निरंतर दो घंटे से भी अधिक समय तक अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इन दोनों कलाकारों की तेरी आख्यां का यो काजल मन्ने करे सै गोरी घायल, मैडम बैठ बुलेरो में स्पेशल तेरी खात्तर लाया, पानी आली पानी प्या दे, ठाके डोल खड़ी होगी, मेरी मां ने बांधा डोरा, ठीक ठाक रहवे छोरा, तेरे रूप का जादू गौरी बंजारे न मार गया।

### सूरजकुंड मेले में पर्यटकों को लुभा रही भील आर्ट कला

**फरीदाबाद।** 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में थीम स्टेट मध्यप्रदेश की पैवेलियन में स्टाल संख्या 1175 पर भील कला की झलक हर पर्यटक पर कला की अमिट छाप छोड़ रही है। यह स्टाल हर मेला विजिटर के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। भोपाल के कलाकार अनिल बारिया द्वारा संचालित इस स्टॉल पर पद्मश्री सम्मानित कलाकार भूरी बाई की प्रेरणादायक लोक कला का जीवंत प्रदर्शन किया जा रहा है।

भील समुदाय की पारंपरिक चित्रकला, जिसे भील आर्ट कहा जाता है, अद्वितीय रंगों, बिंदुओं और आकृतियों के संयोजन से जीवंत हो उठती है। यही कला अनिल बारिया के स्टॉल पर अपने पूरे वैभव के साथ प्रस्तुत की जा रही है। पद्मश्री अवार्ड से सम्मनित भूरी बाई ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर इस कला को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। इसके अलावा उन्हें सिकार सम्मान, देवी अहिल्या पुरस्कार और रानी दुर्गावती पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। उनके पुत्र अनिल बारिया, इस विरासत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।सूरजकुण्ड मेले में यह स्टॉल न केवल कला प्रेमियों बल्कि शोधकर्ताओं और इतिहासकारों के लिए भी एक अद्भुत अनुभव लेकर आया है। यहां आने वाले दर्शक न केवल भील पेंटिंग्स को देख और खरीद सकते हैं, बल्कि इस कला के बारे में गहराई से समझ भी सकते हैं। कलाकार अनिल बारिया कहते हैं कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में कलाकारों, बुनकरों और शिल्पकारो को सूरजकुंड मेला के रूप में बेहतरीन मंच प्रदान किया जा रहा है। सूरजकुंड मेला भारतीय लोक कला को वैश्विक मंच प्रदान करता है और ऐसे में भूरी बाई और अनिल बारिया जैसे कलाकारों की भागीदारी इस पहल को और मजबूती मिल रही है। यह स्टॉल न केवल लोक कलाकारों के लिए आजीविका का स्त्रोत है, बल्कि पारंपरिक कला को संरक्षित और प्रचारित करने का भी एक सशक्त माध्यम है।

# सिविल एंक्लेव हिंडन एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक में पूर्ण यात्री विमान संचालन योजना पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

सिविल एंक्लेव हिंडन एयरपोर्ट पर शुक्रवार को सलाहकार समिति की बैठक हुई। जिसमें 1 मार्च से पूर्ण यात्री विमान संचालन शुरू होने की योजना पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। साथ ही एयरपोर्ट के संचालन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान कुछ प्रमुख बिंदुओं पर विचार किया गया, जिनमें पश्चिमी प्रबंधन, एयरपोर्ट रोड पर पूर्ण प्रकाश व्यवस्था, मुख्य मार्गों पर एयरपोर्ट दिशा सूचक बोर्ड की स्थापना, और एयरपोर्ट रोड पर पुलिस की तैनाती शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, फ्लाइट संचालन के बारे में पब्लिक को पूरी जानकारी उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया।

#### बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई



सदस्य सलाहकार समिति के संजीव मित्तल ने हिंडन एयरपोर्ट से उड़ने वाली फ्लाइट्स के किराए को लेकर सुझाव प्रस्तुत किया कि वर्तमान में यूजर चार्ज कम है, जिससे फ्लाइट्स सस्ते दामों में उपलब्ध हो सकती हैं। जबकि बुकिंग साइट्स पर अधिक कीमतें देखी जा रही हैं। इस प्रस्ताव को अध्यक्ष अतुल गर्ग ने अनुमोदित किया। सभी विषयों पर बिंदुवार चर्चा करते हुए, एयरपोर्ट विस्तार के लिए आवश्यक सहायता और विमानन मंत्रालय से पत्राचार सुनिश्चित करने का आश्वासन भी दिया गया।

इस मौके पर एयरपोर्ट निदेशक उमेश यादव ने सभी उपस्थित व्यक्तियों का धन्यवाद किया और इस महत्वपूर्ण बैठक को सफल बनाने में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। बैठक में जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल, तथा सलाहकार समिति के सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल उपस्थित रहे।

### जाट संस्था की धर्मशाला में 23 को रक्तदान शिविर

**फरीदाबाद।** हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद और जाट संस्था फरीदाबाद के तत्वाधान में महारक्तदान शिविर का आयोजन आगामी 23 फरवरी को प्याली चौक स्थित जाट संस्था की धर्मशाला में किया जाएगा। यह जानकारी हरियाणा युवा संघ के संस्थापक अनिल दहिया व जाट संस्था के प्रधान आजाद सिंह सांगवान ने आयोजित बैठक में दी। सांगवान ने बताया कि सामाजिक कार्यों को गति देने के उद्देश्य से यह शिविर लगाया जा रहा है। शिविर सुबह 10 बजे से सायं 4.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। सभी लोगों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में आकर रक्तदान करें। बैठक में हरियाणा युवा संघ के प्रधान संजय खासा, महासचिव संदीप पहल, कोषाध्यक्ष अजय दहिया, जाट संस्था फरीदाबाद के प्रधान आजाद सिंह सांगवान, महासचिव रामनिवास केंदल उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में दो गौ तस्कर गिरफ्तार, एक गोली से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

स्वाट टीम ग्रामीण एवं थाना वेवसिटी पुलिस ने शुक्रवार की रात में वेंटो कार से घूम रहे दो गौ तस्करों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान एक गैंगस्टर बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया।



गिरफ्तार अभियुक्तों से अवैध शस्त्र तथा छुरा रस्सी एवं नशीले इंजेक्शन आदि बरामद हुए हैं। एसीपी लिपि नगायच (वेव सिटी) ने बताया कि गिरफ्तार गौ तस्करों नौशाद पनिवासी उझारी थाना सैद नगली जिला अमरोहा हाल पता कांति नगर न्यू सीलामपुरी दिल्ली गोली लगने से घायल हुआ है । तथा अन्य दूसरा साथी शहनवाज निवासी सैफखां सराय थाना कोतवाली सम्भल उम्र 26 वर्ष वेलकम जाफराबाद भी गिरफ्तार किया गया है। शाहनवाज थाना संभल से पूर्व में पुलिस मुठभेड़ में घायल होकर जेल जा चुका है। गिरफ्तार अभियुक्तों पर गैंगस्टर, गोकशी, चोरी हत्या का प्रयास, शस्त्र अधिनियम आदि के 02 दर्जन से अधिक अभियोग दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, संभल आदि में पंजीकृत हैं। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

### जन्म से ही बच्चे के हार्ट के वाल्व की बनावट ठीक नहीं थी

# कार्डियक सर्जरी टीम ने 6 साल के बच्चे का किया सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद में पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जरी टीम ने किर्गिस्तान से हार्ट वाल्व में लीकेज की गंभीर समस्या के साथ आये लगभग 6 वर्षीय एल्दर एर्लानोविच बोलोत्चुनोव की सफलतापूर्वक सर्जरी की। परिजन के अनुसार बच्चे को खेलने के दौरान जल्दी थक जाने एवं सांस फूल जाने की परेशानी होने पर अपने ही देश में उसका इको टेस्ट कराया था, जहां हार्ट के एक वाल्व में अधिक लीकेज होने का पता चला था।

डॉ. राजेश शर्मा, क्लिनिकल डायरेक्टर.पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जरी, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद ने बताया कि जब बच्चा हमारे पास आया तो हमने बच्चे की ठीक से जांच की फिर इको टेस्ट और एक्सरे किया गया जिसमें पता चला कि बच्चे के हार्ट का साइज बड़ा हुआ। जन्म से ही मरीज के हार्ट के वाल्व की बनावट ठीक नहीं थी और हार्ट के माइट्रल वाल्व में



अधिक लीकेज की समस्या भी थी। ठीक से जांच के बाद हमने ओपन हार्ट सर्जरी करके मरीज के हार्ट में वाल्व को रिपेयर किया। सर्जरी के बाद बच्चा तेजी से ठीक हो रहा है पूरी तरह स्वस्थ होने पर उसे जल्द ही हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

#### रिपेयर में एक घंटे से ज्यादा समय लगा

डॉ. राजेश शर्मा ने बताया यह केस काफी चुनौतीपूर्ण था क्योंकि हार्ट वाल्व को रिपेयर करना ज्यादा मुश्किल होता है। हार्ट वाल्व को रिपेयर करने में हमें एक घंटे से ज्यादा समय लगा। अगर रिपेयर नहीं होता है तो फिर वाल्व को बदलना भी पड़ सकता है। माइट्रल वाल्व की मरम्मत पोस्टीरियर लीफलेट कॉर्डल ट्रांसफर द्वारा एंटीरियर माइट्रल लीफलेट के प्रोलैप्सिंग सेगमेंट में की गई थी। चूंकि कोई कृत्रिम सामग्री का उपयोग नहीं किया गया है, मरम्मत में संरक्षित विकास क्षमता के साथ स्थायी राहत का वादा है। ऑपरेशन सफल रहा और मरीज तेजी से रिकवरी कर रहा है। इस दौरान डॉ. मनीषा चक्रबर्ती, सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स व पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जरी टीम के अन्य सदस्यों का भी विशेष योगदान रहा। इस दौरान डॉ. मनीष सक्सेना, सीनियर कंसल्टेंट, पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद ने अहम भूमिका निभाई।

### पुलिस मामले की जांच में जुटी

# हथियारबंद बदमाश लूट कर ले गए पेट्रोल-डीजल, विरोध करने पर पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मसूरी थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप पर हथियारबंद बदमाशों ने बंद हो जाने के बाद भी पेट्रोल पंप को चालू कर लिया और उसमें से करीब 45 हजार रुपए का डीजल और पेट्रोल ड्रामों में भरकर ले गए। जब पेट्रोल कर्मियों ने इसका विरोध किया तो उनके साथ भी उन्होंने मारपीट की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि शुक्रवार को मसूरी थाने पर सूचना प्राप्त हुई कि नहर चौकी क्षेत्र स्थित पेट्रोल पम्प पर लूट हुई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात व्यक्तियों ने पेट्रोल बन्द हो जाने के पश्चात वहां खुद आकर पेट्रोल पम्प को खुद चालू करके उसमें से डीजल व पेट्रोल अपने साथ में लाये ड्रामों में भरकर ले गए। बदमाशों ने पेट्रोल पम्प कर्मी से मारपीटाई की और वहां से भाग गये । इस सूचना के आधार पर प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मसूरी पर सुसंगत



धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। उन्होंने कहा कि पैसे के कोई लूट नहीं हुई है। इस घटना के अनावरण के लिए टीमों का गठन किया गया यह पेट्रोल पंप दिल्ली निवासी ऑल इंडिया पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय बंसल का है। घटना में घायल कर्मचारी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। घायल कर्मचारी लाल चौधरी के मुताबिक बदमाशों के पास देशी तमंचे थे। वो अपने साथ लाए कई ड्रम में करीब 40-45 हजार रुपए की कीमत का पेट्रोल और डीजल भरकर ले गए हैं। उधर इस घटना से पेट्रोल पंप मालिकों में रोष है।

# सीएम योगी आज करेंगे आगाज, बनारस जैसे भव्य बनेगी छोटी काशी

लखीमपुर खीरी जिले में गोला में भव्य कारिडोर बनने का काम शुरू हो चुका है। 22 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस कॉरिडोर का शिलान्यास करेंगे।

एजेंसी ▶▶ लखीमपुर खीरी

जिले में छोटी काशी के नाम से प्रख्यात शिवनगरी गोला में भव्य कारिडोर बनने का काम शुरू हो चुका है। 22 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस कॉरिडोर का शिलान्यास करेंगे। 'छोटी काशी' कहे जाने वाले इस शिवधाम को अयोध्या और काशी की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोला में उपचुनाव के दौरान ऐलान किया था कि यहां कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा, जिस पर तेजी से काम चल रहा है। मुख्यमंत्री 22 फरवरी को इस भव्य कॉरिडोर का शिलान्यास करेंगे। कॉरिडोर के निर्माण हो जाने से पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा। साथ ही स्थानीय रोजगार में इजाफा भी होगा।

**पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा, स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार**

## काशी-अयोध्या जैसा चमकेगा शिवधाम



लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ धाम का नजारा का अयोध्या और काशी जैसा नजर आएगा। इस शिवधाम को 'छोटी काशी' से जाना जाता है। यहां करीब 19 हजार चार सौ वर्ग मीटर में भव्य कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है। इस कॉरिडोर के निर्माण में 70 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इसको पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है। इस पर जोरों से काम चल रहा है।

कॉरिडोर के पहले फेज में ध्वस्तीकरण का काम पूरा हो चुका है। दूसरे फेज का काम चल रहा है। इसमें रिटेनिंग वॉल से लेकर मंदिर की सीढ़ियों का निर्माण शामिल है। योजना के मुताबिक कॉरिडोर को चारों तरफ से कवर किया जाएगा। साथ ही कई विकास के काम कराए जाएंगे। कॉरिडोर के मेन गेट के दक्षिण में पार्किंग की सुविधा विकसित की जाएगी।

## शुद्ध हवा व लाइट-साउंड से भव्यता बढ़ेगी

प्रस्तावित कॉरिडोर में मुख्य मंदिर परिसर के साथ ही आसपास के क्षेत्र का भी कायाकल्प किया जाएगा। शुद्ध हवा के लिए ऑक्सीजन प्लांट लगाया जाएगा। यही नहीं यहां लाइट और साउंड से भी भव्यता और बढ़ेगी। कॉरिडोर के निर्माण के साथ ही लोगों की कुछ दिक्कतें बढ़ी हैं लेकिन विकास से पहले की दिक्कतें महज थोड़े दिनों की ही होती है। उसके बाद सकरी गलियों से स्थानीय लोगों को निजात मिलेगी। लोग सीधे मंदिर तक कॉरिडोर के माध्यम से पहुंच सकेंगे और अपने आराध्य का दर्शन कर सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### डीजीपी नियुक्ति मामले में सुको पहुंचे मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी की नियुक्ति की प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट में दायर अवमानना याचिका में उन्होंने मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, डीजीपी नियुक्ति के लिए बनी नॉमिनेशन कमेटी के चेयरमैन जस्टिस रत्नाकर भेंगरा व कमेटी के सदस्य व पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा को प्रतिवादी बनाया है।

### धमाके के साथ केमिकल फैक्ट्री में लगी आग



**सीतापुर।** जिले में कोतवाली देहात इलाके में मलुही सरैया स्थित केमिकल फैक्ट्री में शुक्रवार दोपहर तेज धमाके के साथ आग लग गई। एक के बाद एक कई धमाके हुए और आग ने विकराल रूप ले लिया। लखीमपुर लखनऊ हाईवे पर स्थित फैक्ट्री में लगी आग से इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### सदन में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने अनुपूरक प्रश्न किया था

# योगी ने किसान की लागत और यूपी सरकार की डेढ़ गुना ज्यादा एमएसपी का कैलकुलेशन समझा दिया

उत्तर प्रदेश विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने बताया कि धान और गेहूं के लिए किसानों को लागत मूल्य से डेढ़ गुना ज्यादा एमएसपी मिल रहा है। माता प्रसाद पांडेय ने जब पूछा कि ये किस तरह है? इस पर योगी ने विस्तार से समझाया

एजेंसी ▶▶ लखनऊ।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडेय ने अनुपूरक प्रश्न किया कि नेता सदन योगी आदित्यनाथा ने एमएसपी को बताया कि ये लागत मूल्य से ज्यादा है। क्या सरकार ने धान और गेहूं का प्रति कुंतल लागत मूल्य निकाला है और वह क्या है? इस सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एमएसपी की पूरी गुणा गणित समझा दी। सीएम योगी ने कहा, 'पांडे जी आप पता नहीं किसान हैं कि नहीं। आप लोग पेशे से समाजवादी हैं। आपकी प्रवृत्ति है जिस थाली में खाएंगे, उसी में छेद भी करके जाएंगे। देखिए एक किसान अगर धान की खेती करता है तो एक एकड़ में एक कुंतल धान पैदा करने में उसकी लागत 1100 रुपए आती है, सरकार उसे एमएसपी का 2300 रुपए दे रही है। ऐसे ही गेहूं में किसान की लागत 1100 से 1200 रुपए आती है, सरकार उसे 2300 से 2400 रुपए दे रही है'।

**खास बातें**

- किसानों को मिल रहा है लागत से डेढ़ गुना अधिक मूल्य
- सरकार ने 7 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी
- एमएसएमई सेक्टर में दो करोड़ लोगों को मिला रोजगार

## रागिनी सोनकर के सवाल का भी विस्तार से दिया जवाब



इससे पहले सपा विधायक रागिनी सोनकर ने सीएम योगी से सीधे सवाल किया कि वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी का दावा कर रहे हैं। आपने सिर्फ विभागों के नाम दिए हैं, लेकिन उनका क्या योगदान है? ये नहीं बताया है। मैं सिर्फ तीन विभागों कृषि, रोजगार सेवा और इंडस्ट्री विभाग का जिक्र करूंगी, जहां सबसे ज्यादा काम करने की जरूरत है।
आपने ये नहीं बताया कि इन विभागों में कितना और काम करने की जरूरत है कि हम वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे? वहीं मध्यम वर्ग को सरकार कैसे बचाएगी? इस पर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सदन की तरफ से टैबलेट भी आप सभी को उपलब्ध कराए गए हैं।
हम लोगों ने जितने भी सेक्टर की ग्रोथ रेट है, इसे सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से हमने पेश किया है, इसे आप जाकर देख भी सकते हैं। लेकिन उसके लिए समय निकालना पड़ेगा।
उन्होंने कहा कि दूसरा है उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश। यूपी में हमने फरवरी 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट किया था, जिसमें 40 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले थे, इनमें 15 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव को ग्राउंड ब्रेकिंग किया जा चुका है। जिनमें से कई में प्रोडक्शन भी शुरू हो चुका है। ये 15 लाख करोड़ का प्रस्ताव यूपी के सीधे-सीधे 60 लाख नौजवानों को रोजगार की गारंटी है।

**दलहन, तिलहन में भी अतिरिक्त आमदनी**

*सीएम योगी ने कहा कि क्रय केंद्र सरकार जो इसके लिए उपलब्ध करा रही है। गन्ना किसानों को पहली बार सरकार 2300 रुपए दे रही है। ये पैसा सीधे डीबीटी के माध्यम से किसान के खाते में जा रहा है। दलहन, तिलहन के लिए भी अतिरिक्त आमदनी उसकी हो सकती है। इसके लिए हमने फ्री में बीज उपलब्ध कराए हैं। क्या आपको लगता नहीं कि डेढ़ गुना से ज्यादा का दाम मिल रहा है।*

### 25 हजार छात्रों का भविष्य अधर में

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और यूपी सरकार को नोटिस जारी कर मांगा जवाब



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के मदरसों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके छात्रों को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों, कॉलेजों या अन्य शैक्षणिक संस्थानों में स्थानांतरित करने या एडजस्ट करने की मांग वाली याचिका पर केंद्र सरकार, यूपी सरकार और यूपी मदरसा एजुकेशन बोर्ड को नोटिस जारी किया है। दरअसल, यूपी के मदरसों में फाजिल और कामिल की पढ़ाई कर रहे छात्रों की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने यह नोटिस जारी किया।

सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है कि पिछले साल नवंबर में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने यूपी मदरसा एजुकेशन एक्ट को संवैधानिक करार दिया था। लेकिन, फाजिल (पोस्टग्रेजुएट) और कामिल (ग्रेजुएट) डिग्री को यह कहते हुए मान्यता देने से इंकार कर दिया था कि ये यूजीसी एक्ट के मुताबिक नहीं है। इसके चलते अभी फाजिल और कामिल की पढ़ाई कर रहे करीब 25 हजार छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है।

## अब्बास अंसारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में आदेश वापस



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपना वह आदेश वापस ले लिया जिसमें पुलिस को 'गैंगस्टर' अधिनियम के तहत उत्तर प्रदेश के विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ जांच 10 दिन के भीतर पूरी करने को कहा गया था। न्यायालय ने इसके बजाय पुलिस से यह जानना चाहा कि क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले में अगली सुनवाई के लिए छह मार्च की तारीख तय की है। इससे पहले अंसारी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है और उत्तर प्रदेश 'गैंगस्टर' अधिनियम के तहत दर्ज मामले में आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है।

## पेज एक का शेष

### भारत में वोटर टर्नआउट के...

और इसके नागरिकों से भी नफरत करने लगे हैं। भाटिया ने कहा कि विपक्ष, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का भारत विरोधी चरित्र बेहद चिंताजनक है। अमेरिका के राष्ट्रपति श्री डोनाल्ड ट्रम्प ने एक वक्तव्य दिया कि यूएसएड की फन्डिंग के माध्यम से भारत की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया जा रहा था। लोकसभा चुनाव से पूर्व भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ-साथ कई देश प्रेमी पत्रकारों और संगठनों ने यह बात उठाई कि विदेशी शक्तियां भारत की चुनावी प्रक्रिया में यह सोच के हस्तक्षेप करती हैं कि कैसे नरेन्द्र मोदी को सत्ता से हटाया जाए। भारत एक स्वतंत्र और संप्रभु देश है, जहां किसी विदेशी ताकत को आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। यह तब और महत्वपूर्ण हो जाता है जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी, जिन्होंने संविधान की शपथ ली है, देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत में चुनावी हस्तक्षेप को लेकर बयान सामने आया, जिसमें कहा गया कि 21 मिलियन डॉलर की मदद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्ता से बाहर करना था, तो कुछ अखबार और मीडियाकर्मी इस तथ्य पर पर्दा डालने का प्रयास करने लगे। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी की जिम्मेदारी है कि वह देश के समक्ष वास्तविक तथ्य रखे। सबसे पहला तथ्य यह है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत में विदेशी हस्तक्षेप की जानकारी दी है, और उनसे बेहतर किसी को इसकी सटीक जानकारी नहीं हो सकती। भाटिया ने कहा कि गांधी परिवार के चाटुकार इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद से ही उन्हें बचाने के लिए अलग-अलग दलीलें दे रहे हैं। दूसरा तथ्य यह है कि अमेरिका की एक एजेंसी, डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट इफिशिएंसी ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा की, जिसमें एक वक्तव्य भारत के संदर्भ में भी था। इसमें उल्लेख किया गया कि भारत में 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता वोटर टर्नआउट के लिए दी जा रही थी, और यह अमेरिकी सरकार के वेरिफाइड एक्स हैंडल से जारी किया गया बयान था।

### अमेरिकी फंडिंग पर मोदी...

**केंद्र सरकार से सवाल** : कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा कि एक हफ्ते से एक कहानी चलाई रही है कि यूएसएड ने नरेन्द्र मोदी सरकार को अस्थिर करने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दिए। अगर इतनी सुरक्षा एजेंसियों के होते हुए भी मोदी सरकार ने भारत में 2.1 करोड़ डॉलर आने दिए तो ये शर्म की बात है। वहीं, जब इस बारे में मोदी सरकार से सवाल पूछा गया तो कहने लगे- ये पैसा 2012 में यूपीए सरकार के समय आया था। ऐसे में क्या 2014 में भाजपा और नरेंद्र मोदी इसी पैसे से जीते थे?

**उठाये कई सवाल** : पवन खेड़ा ने कहा कि मोदी सरकार के मंत्री लगातार यूएसएड के अधिकारियों से मुलाकात करते हैं। 2024 में पीयूष गोयल 2030 तक 'जीरो कार्बन उत्सर्जन' के लिए यूएसएड से पैसे लेते हैं। 10 नवंबर 2022 को देवेंद्र फडणवीस यूएसएड से आपसी सहयोग की चर्चा करते हैं। 2016 में नोटबंदी से ठीक पहले नरेंद्र मोदी यूएसएड से कैशलेस इकोनॉमी पर समझौता करते थे। तो क्या ये नोटबंदी अमेरिका के कहने पर हुई? कोविड में नरेंद्र मोदी जी ने यूएसएड से $100 मिलियन लिया, तो क्या नरेंद्र मोदी भी उनके हाथों में खेल रहे हैं?

**कांग्रेस ने सूचना तंत्र पर उठाये सवाल तो भाजपा ने कहा चाटुकार फैला रहे भ्रम** : उन्होंने एक अंग्रेजी दैनिक की खबर का हवाला देते हुए कहा कि सच्चाई ये है कि यूएसएड के ये 2.1 करोड़ डॉलर बांग्लादेश के गैर सरकारी संगठनों को गए हैं। खेड़ा ने दावा किया कि एक समय भारत के प्रधानमंत्री के पद की ऐसी साख होती थी कि अमेरिका तक को पीछे हटना पड़ता था, लेकिन आज अमेरिका से बांग्लादेश में 2.1 करोड़ डॉलर आ गए, पर नरेन्द्र मोदी को कुछ पता ही नहीं। उन्होंने सवाल किया कि ये आपका कैसा सूचना तंत्र है। ये आपका कैसा खुफिया तंत्र है। क्या बांग्लादेश में आई अस्थिरता का असर भारत पर नहीं पड़ेगा। भाजपा ने इंडियन एक्सप्रेस की खबर को 'लीपापोती' और 'फर्जी' बताते हुए इसे खारिज किया है और आरोप लगाया कि 'गांधी परिवार के चाटुकार' भ्रामक दावे करके भ्रम फैला रहे हैं।

### वाशिंगटन से चला झूठ...

किया। उन्होंने भाजपा नेताओं, कुछ मीडिया संस्थानों पर बिना तहकीकात किये ट्रंप के कहे भर से झूठ प्रचारित करने का आरोप मढ़ा। माफी की मांग की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर यह खबर साझा करते हुए पोस्ट किया कि झूठ सबसे पहले वाशिंगटन में बोला गया। फिर झूठ को बीजेपी की झूठ सेना द्वारा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया... अब झूठ का पूरी तरह से पर्दाफाश हो गया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या झूठे लोग माफी मांगेंगे?

### महिलाओं के नहाते...

कमा रहे हैं। इस बात का खुलासा यूपी पुलिस ने खुद किया है। प्रयागराज पुलिस के मुताबिक, कुछ इंस्टाग्राम अकाउंट्स...फेसबुक अकाउंट्स और टेलीग्राम चैनल पर ऐसे वीडियोज़ और फोटोज़ अपलोड किए जाने की शिकायतें मिली थी। पुलिस ने जब जांच की तो पता लगा कि सीसीटीवी चैनल 11 नाम के एक टेलीग्राम चैनल पर कुछ आपत्तिजनक तस्वीरों को टीज़र के तौर पर इस्तेमाल किया गया। इसमें कुछ पिक्चर्स लगाकर दावा किया गया कि इस चैनल का 1999 रूपए में सब्सक्रिप्शन लेने पर महाकुंभ में स्नान करती महिलाओं के वीडियो दिए जाएंगे। इसी तरह के कई अकाउंट पुलिस को मिले हैं। पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से इन अकाउंट्स के बारे में डिटेल जानकारी मांगी है। यूपी पुलिस ने इस मामले में 13 एफआईआर दर्ज की हैं और अब तक 103 सोशल मीडिया हैंडल के खिलाफ एक्शन लिया है।

**डीआईजी वैभव कृष्ण ने दी ये जानकारी**: डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि कुछ फोटोज़ और वीडियोज़ पर लिखा है कि वो सेल के लिए अवलेबल हैं। यानि इसके जरिए पैसा कमाने का धंधा भी चल रहा है। इसलिए, अब पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है और अपराधियों को जल्दी से जल्दी पकड़ा जाएगा। सनातन के सबसे बड़े मेले में महापाप की जांच शुरू हो गई है। जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

### मुझे 'हल्के' में मत लेना तांगा...

उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा के भाषण में जो मैंने पहले कहा था कि मैं और देवेंद्र जी 200 से ज्यादा सीटें लाऊंगा, 232 सीटें आई हैं। इसलिए मुझे हल्के में मत लेना, यह इशारा जिसे समझना है वो समझ ले। मैं मेरा काम करता रहूंगा।

### मुख्यमंत्री नायब ने रावी और...

रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विनीत सरन, सदस्य न्यायमूर्ति पी. नवीन राव और सुमन श्याम के समक्ष चंडीगढ़ में कहा कि 30 जनवरी 1987 को रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण ने अपनी रिपोर्ट दी थी। उस दिन से आज तक हरियाणा का हर बच्चा, नवयुवक और बुजुर्ग इस विषय में अंतिम निर्णय आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें आशा है कि न्यायाधिकरण इस सम्बंध में अवश्य ही विवेकपूर्ण निर्णय लेगा, जिसकी पूरे भारतवर्ष में प्रशंसा होगी। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण न केवल भारत की चिंता है, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय बन गया है। इसके लिए जल संरक्षण की योजनाएं बनानी होंगी। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने नदियों को जोड़ने की योजनाएं बनाई थी, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। हरियाणा सरकार ने भी नदियों को जोड़ने के लिए रूपरेखा बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं।

### विशेष दर्शन में ...

स्लॉट नही मिलेगा। दर्शन टिकट अब केवल ऑनलाइन बुक होंगे। तो वहीं शनिवार, रविवार विशेष दर्शन बुकिंग बंद रहेगी। विशेष दर्शन करने के लिए बुकिंग सिर्फ मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट **www. shriomkareshwar. org** से होगी। कलेक्टर खंडवा ऋषव गुप्ता ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और शीघ्र दर्शन के नाम पर ठगी से बचने के साथ ही वीआईपी दर्शन करने के लिए लागू किया गया है।

### 24 फरवरी को 19वीं किस्त...

मोदी के साथ बिहार के राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित मंत्रीगण भाग लेंगे। इसका आयोजन केवल बिहार में नहीं होगा, बल्कि इसका देशभर में हर स्तर पर आयोजन हो रहा है। ब्लॉक स्तर, ग्राम पंचायत स्तर पर राज्य सरकारें आयोजन करेगी। 731 कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) में भी आयोजन होगा। राज्यों के कृषि मंत्री और सांसदगण व विधायकगण भी अपने-अपने क्षेत्रों में इस कार्यक्रम से जुड़ने वाले हैं। इसका सीधा प्रसारण डीडी किसान, माय गव पर वेबकास्ट, यूट्यूब, फ़ेसबुक और देशभर के 5 लाख से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर पर भी किया जाएगा। लगभग ढाई करोड़ किसान भौतिक और वर्चुअली इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

**पीएम किसान ने छोटे किसानों की जिंदगी बदली** : चौहान ने कहा कि किसान सम्मान निधि ने छोटे किसानों की जिंदगी बदली है। इस योजना के तहत 6 हजार रु. तीन किश्तों में सीधे दिए जाते हैं। अभी तक लगभग 3.46 लाख करोड़ रु. किसानों के खातों में डाले गए हैं। 19वीं किश्त जारी होते ही कुल 3.68 लाख करोड़ रुपए किसानों के खातों में पहुंच जाएंगे। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि छोटे किसानों को बोवनी के समय खाद-बीज की दिक्कत होती थी, उन्हें ब्याज पर राशि कर्ज लेकर जरूरतें पूरी करना पड़ती थी। अब कृषि संबंधित जरूरी खर्च इस निधि से किसान पूरा करते है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान ने पीएम किसान स्कीम का स्वतंत्र अध्ययन किया है, जिसमें पता चला कि इस योजना के तहत प्राप्त धनराशि ने किसानों की ऋण बाधाओं को दूर करने में मदद की है। किसानों की जोखिम लेने की क्षमता बढ़ी है।

**केसीसी लिमिट बढ़कर 5 लाख रुपए** : चौहान ने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर अधिकतम 3 लाख रुपये किसान को मिलते थे, अब वो सीमा बढ़ाकर 5 लाख रु. कर दी गई है। हमने पात्र किसानों को लाभ मिले, इसके लिए हमने लगातार अभियान चलाया है। इस तरह की अनेक योजनाएं देश के किसानों के हित में चलाई जा रही है।

### दुग्ध उत्पाद संयंत्र ...

का फैसला लिया गया है। मैं 23 फरवरी को बिहार पहुंचूगा, सीधा इन उत्पादकों से चर्चा करूंगा व मखाना उत्पादक किसानों को और कैसे सुविधा दे सकते हैं, उनकी समस्याएं दूर करने के लिए सीधे चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि चर्चा किसी हॉल में नहीं, बल्कि तालाबों के किनारे ही करेंगे।

### कहा-मुंबई जाने पर पीछे लगा देते हैं गुंडे

## फैमिली कोर्ट में हाजिर हुए उदित नारायण समझौते से इनकार



एजेंसी ▶▶ सुपौल

पहली पत्नी की ओर से दायर एक मामले में बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक उदित नारायण झा शुक्रवार को सुपौल फैमिली कोर्ट में पेश हुए। उदित नारायण की इस मामले में यह पहली व्यक्तिगत उपस्थिति थी। इससे पहले वो कई सुनवाई में गैर हाजिर रहे थे। इस वजह से कोर्ट ने उन पर 10 रुपए का जुर्माना भी लगाया था। फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश राहुल उपाध्याय ने उदित नारायण को 28 जनवरी 2025 तक जवाब दाखिल करने का अंतिम मौका दिया था। कोर्ट ने शुक्रवार को रंजना झा और उदित नारायण को सामने रख कर दोनों पक्षों की काउंसिलिंग की। सुनवाई के दौरान उदित नारायण ने कोर्ट से अनुरोध किया कि भविष्य में वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित होना चाहते हैं। कोर्ट में पेशी के बाद रंजना झा ने बताया कि कोर्ट में उदित नारायण ने समझौते से इनकार कर केस लड़ने की बात कही है। कोर्ट में दायर अपने जवाब में उदित नारायण ने कहा है कि कोर्ट में दायर वाद में आवेदिका द्वारा सही तथ्यों को छुपाया गया है। बिहार राज्य महिला आयोग, पटना के समक्ष दर्ज मामले में दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया था। महिला आयोग ने 4 जुलाई 2013 को आवेदन को खारिज कर दिया था।

### नीतीश को बड़ा सियासी झटका

## दिग्गज नेता ने जदयू को कहा अलविदा, कांग्रेस का हाथ थामा



एजेंसी ▶▶ पटना

पूर्व राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ जदयू नेता अली अनवर अंसारी शुक्रवार को विधिवत रूप से कांग्रेस में शामिल हो गए। अनवर 2017 तक नीतीश कुमार के सहयोगी रहे थे। कांग्रेस से जुड़ने के बाद अनवर ने कहा कि मोदी के नफरत के बाजार में राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान से आकर्षित होकर वे कांग्रेस से जुड़े हैं।

**अखिलेश ने अनवर को दिलाई सदस्यता-** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने अली अनवर एवं उनके दर्जनों सहयोगियों को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता दिलायी, हालांकि इसकी घोषणा पहले दिल्ली में कर दी गई थी।

**'नीतीश के मिजाज को भांप नहीं पाए'**

डॉ. सिंह ने अनवर का स्वागत करते हुए कहा कि अली अनवर एक सामाजिक सरोकार वाले व्यक्ति हैं। नीतीश के मिजाज को भांप नहीं पाए। राजनीति में ऐसी भूलें हो जाया करती हैं। अली अनवर के कांग्रेस में आ जाने से बिहार कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर कूपानाथ पाठक, ब्रजेश प्रसाद मुनन, राजकुमार राजन, अजय कुमार सिंह, लाल बाबू लाल, रीता सिंह, सौरभ सिन्हा, मृणाल अनामय, शशि भूषण राय, सतीश कुमार मंटन, शशि रंजन, राजेश मिश्रा उपस्थित थे।





लोमड़ी 10 अलग-अलग तरह की आवाजें निकाल सकती है।



गाय एक ऐसा जानवर है जो कि खड़े रहकर भी सो सकती है।



# कंप्यूटर कोर्स से जुड़े हैं करियर के अनेक विकल्प



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज के समय में भारत में सरकारी नौकरी करना हर दूसरे युवा का सपना होता है, लेकिन सरकारी नौकरी के लिए कठिन परिश्रम के साथ-साथ स्कील का भी होना बहुत जरूरी है। बता देते हैं कि वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों में कंपटीशन काफी ज्यादा बढ़ गया है। इसीलिए आज के समय में अगर आप सरकारी नौकरी के बारे में सोच रहे हैं तो यह बिल्कुल भी आसान नहीं है, इसके लिए आपको काफी लंबे समय तक कठिन परिश्रम करना होगा। अगर आप कंप्यूटर कोर्स करते हैं, तो आपको सरकारी नौकरी में प्रायरिटी मिल जाती है क्योंकि वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों में भी कंप्यूटर कोर्स को शामिल कर दिया गया है।

## इसलिए जरूरी

वर्तमान समय में अलग-अलग विभागों में अनेक सारे ऐसे पर देखने को मिल जाते हैं। जहां पर कंप्यूटर कोर्स वाले आवेदक ही आवेदन कर सकते हैं क्योंकि उन पदों पर केवल कंप्यूटर का ज्ञान प्राप्त कर चुके लोगों की ही आवश्यकता होती है। वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों के तहत कंप्यूटर कोर्स की सबसे ज्यादा डिमांड जिन कोर्स की होती हैं। उन कोर्स की सूची इस प्रकार है

- कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट
- मैकेनिक कंप्यूटर हार्डवेयर
- डेस्कटॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजी
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- बैचलर इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- मास्टर इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- बैचलर ऑफ साइंस (कंप्यूटर साइंस/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)
- बैचलर ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (सिस्टम/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)
- ग्रेजुएट इन इंजीनियरिंग (कंप्यूटर साइंस/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)

## टॉप कोर्स

पांच ऐसे कंप्यूटर कोर्स है, जिसकी सरकारी नौकरी के लिए सबसे ज्यादा डिमांड देखने को मिल जाती है। यह उस सूची में टॉप 5 कंप्यूटर कोर्स है जिसे आप करते हैं, तो आपको अच्छा वेतन मिलता है और बेहतरीन पद भी मिलता है। तो सरकारी नौकरी के लिए मांगे जाने वाले टॉप 5 कंप्यूटर कोर्स इस प्रकार है ।

**एडीसीए कंप्यूटर कोर्स :** अगर आप एक कंप्यूटर कोर्स करके सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं तो यह कंप्यूटर कोर्स आपके लिए बेहतरीन साबित हो सकता है क्योंकि इस कंप्यूटर कोर्स के अंतर्गत आपको कंप्यूटर एप्लीकेशन में एडवांस डिप्लोमा कोर्स का सर्टिफिकेट दिया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद आपको कंप्यूटर का एडवांस नॉलेज हो जाता है और आप सरकारी नौकरी के तहत अच्छा वेतन प्राप्त कर सकते हैं। बता देते हैं कि इस पोस्ट को 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी कर सकते हैं। लेकिन यह कोर्स कंप्यूटर में रुचि रखने वालों के लिए ही उपयुक्त है विशेष रुप से कंप्यूटर कोर्स को विज्ञान के छात्र ही करते हैं।

**सीसीसी कंप्यूटर कोर्स :** इस कोर्स को आप 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी कर सकते हैं। अगर आप 12वीं कक्षा पास करने के बाद इस कोर्स को करते हैं, तो भी आप की सरकारी नौकरी लग सकती है। 12वीं कक्षा पास करने के बाद आपको किसी डिग्री या डिप्लोमा कोर्स की आवश्यकता नहीं है। यह कोर्स 3 महीने की अवधि का है। इस कोर्स को आप नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी द्वारा कर सकते हैं। इस कोर्स में आपको कंप्यूटर का महत्वपूर्ण ज्ञान प्रदान किया जाता है जिसमें कंप्यूटर की मूल बातें कंप्यूटर की प्रेजेंटेशन पैकेज के बारे में बताया जाता है। कंप्यूटर डिजिटल फाइनेंस के बारे में जाता है वर्ड प्रोसेसिंग और स्प्रेडशीट पैकेज के बारे में बताया जाता है।

**डीसीए कोर्स :** अगर आप दसवीं अथवा 12वीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी करने का सपना देखते हैं। तो ऐसा तो काफी मुश्किल है क्योंकि आज के समय में विभिन्न प्रकार की डिग्री और डिप्लोमा कोर्स करने के बाद भी लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिलती है। लेकिन अगर आप दसवीं कक्षा पास करने के बाद 6 महीने का यह कंप्यूटर कोर्स करते हैं। तो आपके सरकारी नौकरी लग सकती है बता देते हैं कि सरकारी नौकरी के लिए जिन 5 कंप्यूटर कोर्स की सबसे ज्यादा डिमांड देखने को मिलती है उसमें डीसीए कोर्स भी शामिल है। इस कोर्स में इंटरनेट एप्लीकेशन के बारे में बताया जाता है ऑपरेटिंग सिस्टम के बारे में बताया जाता है इसके अलावा माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस की सभी सर्विस का ज्ञान दिया जाता है।

**ओ लेवल कंप्यूटर कोर्स :** कंप्यूटर कोर्स से सरकारी नौकरी प्राप्त करने की सूची में यह कंप्यूटर कोर्स भी शामिल है। इस कंप्यूटर कोर्स को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा छात्रों के लिए प्रदान करवाया जाता है। इस कोर्स में कंप्यूटर से जुड़ी विभिन्न प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि यह कंप्यूटर कोर्स 1 साल का है। अगर आप इस 1 साल के कंप्यूटर कोर्स को करते हैं। तो आपको विभिन्न प्रकार के सरकारी नौकरियों के अवसर देखने को मिल जाते हैं क्योंकि यह आज के समय में सरकारी नौकरियों के तहत डिमांड वाला कोर्स है जिसके लिए सबसे ज्यादा सरकारी नौकरियों की मांग होती है।

**पीजीडीसीए कोर्स :** यह एक कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा कोर्स है यह कोर्स ग्रेजुएशन करने वाले विद्यार्थियों के लिए है।तो अगर आप दसवीं और बारहवीं कक्षा पास करने के बाद ग्रेजुएशन कर चुके हैं और कंप्यूटर कोर्स करके सरकारी नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए सबसे बेहतरीन साबित होने वाला है। बता देते हैं कि इस कोर्स को पूरा करने के बाद आप सरकारी नौकरी के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के प्राइवेट सेक्टर में भी काम कर सकते हैं और सरकारी नौकरी से भी ज्यादा वेतन प्राइवेट सेक्टर में पार्ट टाइम काम करके भी प्राप्त कर सकते हैं या अपना खुद का एक ऑनलाइन काम भी शुरू कर सकते हैं। पीजीडीसीए कोर्स के तहत आपको सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग सिखाया जाता है कंप्यूटर प्रोग्रामिंग सिखाई जाती है और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिखाया जाता है।

---

## दुनिया में आज लगभग हर काम कंप्यूटर आधारित, नौकरियां भी भरपूर

# कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर की आज खासी डिमांड, कोर्स कर बनाएं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## आजकल युवाओं की यहीं पहली पसंद

हार्डवेयर इंजीनियर की डिमांड आज के समय में काफी ज्यादा देखने को मिलती है क्योंकि आज का समय कंप्यूटर का जमाना कहा जाता है। आज के समय में पूरी दुनिया डिजिटलाइजेशन की तरह आगे बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक देश में प्रत्येक चैप्टर और सब जगह कंप्यूटर का इस्तेमाल हो रहा है क्योंकि कंप्यूटर एक ऐसी मशीन है जो विभिन्न प्रकार के तकनीकी से बनी हुई है और विभिन्न प्रकार के कार्य को आसानी से संपन्न कर देती है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर की डिमांड दुनिया भर में हर दिन तेजी से बढ़ रही है और आज के समय में लगभग प्रत्येक कार्य कंप्यूटर की मदद से किया जाता है। कंप्यूटर विभिन्न भागों से मिलकर बनता है, जिनमें 2 मुख्य भाग होते हैं। हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर सॉफ्टवेयर मुख्य रूप से कंप्यूटर का मस्तिष्क माना जाता है जो कंप्यूटर के अंतर्गत एक एप्लीकेशन के रूप में कार्य करता है, जबकि हार्डवेयर कंप्यूटर के बाहरी हिस्सों के रूप में हमें दिखाई देता है जो विभिन्न प्रकार के महत्वपूर्ण शक्तियों के रूप में कंप्यूटर को दिशा निर्देश देता है और कंप्यूटर से कार्य करवाता है वह हार्डवेयर कहलाता है। आपने देखा होगा कि कंप्यूटर में कीबोर्ड, हार्ड डिस्क, मॉनिटर, सीपीयू इत्यादि विभिन्न प्रकार के भाग होते हैं यह सभी कंप्यूटर के हार्डवेयर कहलाते हैं। जिस तरह से कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का निर्माण सॉफ्टवेयर डेवलपर करता है। ठीक उसी प्रकार कंप्यूटर के हार्डवेयर का निर्माण भी हार्डवेयर डेवलपर करता है। अगर आप अभी हार्डवेयर डेवलपर बनना चाहते हैं तो इसके लिए आपको निर्धारित किया गया कोर्स करना होगा, जिसके बाद ही आप हार्डवेयर डेवलपर बन सकते हैं।



## क्या है हार्डवेयर इंजीनियरिंग

हार्डवेयर इंजीनियर कंप्यूटर विषय के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस का एक महत्वपूर्ण भाग है। इसके अंतर्गत कंप्यूटर के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के हार्डवेयर का निर्माण करना होता है तथा उस हार्डवेयर के सेक्टर में नए-नए आविष्कार और नए-नए कार्य करने के लिए हार्डवेयर डेवलपर बनते हैं। कंप्यूटर के लिए हार्डवेयर सॉफ्टवेयर की भांति एक महत्वपूर्ण अंग माना जाता है, जो कंप्यूटर को आदेश या डिमांड प्रदान करता है। हार्डवेयर इंजीनियर एक महत्वपूर्ण कोर्स और पद माना जाता है। आज के समय में अधिकांश युवाओं द्वारा कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर इंजीनियर बनाने की उत्सुकता देखी जा रही है। अगर आप अभी पहले से ही कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर डेवलपर बनना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको 12वीं कक्षा पास करनी होगी। उसके बाद कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरिंग के तहत 3 वर्ष का ग्रेजुएशन कोर्स और 2 वर्ष का पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स करना होगा। उसके बाद 1 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स भी करना होता है। आज के समय में इस क्षेत्र में काफी करिए इसको देखा जाता है।

## हार्डवेयर इंजीनियर बनें

हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए आपको कंप्यूटर और टेक्नोलॉजी के विषय में अच्छी समझ और रुचि होनी चाहिए तभी आप इस क्षेर में आगे बढ़ सकते हैं और कुछ महत्वपूर्ण कार्य कर सकते हैं। हार्डवेयर डेवलपर बनाने के लिए सबसे पहले आपको 12वीं कक्षा पास करनी है। किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षण बोर्ड से 12वीं कक्षा पास कर सकते हैं। उसके बाद आपको कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरिंग के तहत डिप्लोमा या डिग्री कोर्स करना होगा। इस कोर्स को पूरा करने के बाद इंटरशिप करें। इंटरशिप की सहायता से आपको करियर ग्रोथ तथा अनुभव के बारे में जानकारी मिलेगी, जो काफी महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए। इंटरशिप के बाद आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मास्टर डिग्री जरूर करनी चाहिए, क्योंकि इस डिग्री के बाद आपकी सैलरी में बढ़ोतरी होती है और अच्छा पैकेज या अच्छी सैलरी मिलती है। इसके अलावा बड़ी-बड़ी कंपनियों में अच्छे पदों पर नौकरी मिलती है। ऐसे लिए आमतौर पर हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए मास्टर डिग्री भी की जाती है।

## कोर्स

कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए विभिन्न प्रकार के कोर्स निर्धारित किए गए हैं, जिनके अनुसार आप किसी भी कोर्स का चयन करके आगे बढ़ सकते हैं। हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए निर्धारित किए गए कोर्स में से कुछ प्रमुख कोर्स इस प्रकार हैं।

- कंप्यूटर माइक्रो प्रोसेसिंग कोर्स
- डिप्लोमा इन कंप्यूटर सीएएलसी
- मास्टर ऑफ साइंस इन हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- हार्डवेयर नेटवर्किंग कोर्स
- हार्डवेयर डिप्लोमा कोर्स
- कंप्यूटर हार्डवेयर स्ट्रक्चर
- कंप्यूटर सीएएलसी कोर्स

## करियर स्कोप

अगर आपने कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर डेवलपर का कोर्स कर लिया है तो अब आपको करियर स्कोप के तहत बिल्कुल भी चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि आज के समय में आपको विभिन्न प्रकार के नेटवर्क और तकनीकी से जुड़ी मल्टीनैशनल कंपनियों में और विभिन्न प्रकार के उद्योग में करियर स्कोप देखने को मिल जाता है जिनके नाम इस प्रकार हैं।

- आईटी एडमिनिस्ट्रेटर
- टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर
- हेल्प डेस्क इंजीनियर
- कंप्यूटर टेक्निशियन
- सिस्टम इंजीनियर
- कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर
- सिस्टम इंजीनियर
- कंप्यूटर एडमिनिस्ट्रेटर
- कंप्यूटर आईटी टेक्निशियन

## शिक्षण संस्थान

हार्डवेयर इंजीनियर कोर्स आज के समय में काफी महत्वपूर्ण कोर्स बन चुका है। इसलिए आज के समय में भारत के विभिन्न शिक्षण संस्थान और कॉलेजों द्वारा इस कोर्स को करवाया जाता है। आप भी अपने राज्य के अंतर्गत नजदीकी शिक्षण संस्थान से हार्डवेयर डेवलेपर का कोर्स कर सकते हैं। भारत के कुछ प्रमुख हार्डवेयर डेवलपर बनने के कोर्स कराने वाले शिक्षण संस्थानों के नाम इस प्रकार हैं।

- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी,त्रिची
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बैंगलोर
- इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वेल्लोर
- इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- एलएनएम इंस्टीट्यूट आफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, जयपुर
- बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बॉम्बे

## योग्यता


- हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए आपको सबसे पहले 12वीं कक्षा पास करनी होगी।
- 12वीं के बाद बैचलर की डिग्री प्राप्त करनी होती है।
- भारत के किसी भी शिक्षण संस्थान से बिटसैट, केसैट, वैबजी इन सभी प्रवेश परीक्षाओं के आधार पर ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं।
- हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि आपकी रुचि कंप्यूटर साइंस और तकनीकी के क्षेत्र में होनी चाहिए और संबंधित कुछ अनुभव भी होना चाहिए।
- हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री है हेतू यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित किया गया न्यूनतम अंक प्राप्त करना होगा।
- कुछ यूनिवर्सिटी द्वारा मास्टर प्रोग्राम के तहत प्रवेश परीक्षा आयोजित करवाई जाती है।
- कुछ यूनिवर्सिटी प्रवेश परीक्षा के आधार पर स्कोर या अंक की मांग करती हैं।

## आवेदन प्रक्रिया

- आप जिस भी यूनिवर्सिटी से हार्डवेयर डेवलपर कोर्स करना चाहते हैं उस यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर पहुंचे।
- ऑफिशियल वेबसाइट पर अपने मोबाइल नंबर या ईमेल की मदद से अपना अकाउंट बनाएं तथा यूजरनेम और पासवर्ड प्राप्त करें।
- यूजरनेम और पासवर्ड की मदद से यूनिवर्सिटी की ऑफिशल वेबसाइट पर लॉगिन करें।
- अब आपको यूनिवर्सिटी की ऑफिशल वेबसाइट पर होम पेज पर ही विभिन्न प्रकार के कोर्स दिखाई देंगे, उनमें से अपने पास का चयन करें।
- कोर्स का चयन करने के बाद आपको आवेदन फॉर्म दिखाई देगा।
- आवेदन फार्म को सही और महत्वपूर्ण जानकारी के अनुसार भरें।
- आवेदन फार्म के साथ संबंधित दस्तावेजों को भी अपलोड करें।
- आवेदन फार्म के अंतर्गत आवेदन फीस ऑनलाइन भुगतान करें और अपना आवेदन सबमिट कर दें।
- निर्धारित तारीख को प्रवेश परीक्षा दे और सर्वाधिक अंक हासिल करें।
- मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त होने पर आवेदन स्वीकार कर लिया जाएगा।
- आप कोर्स करके हार्डवेयर डेवलपर बन सकते हैं।

---

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना देश के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत में राज्यों की राजनीति का शिक्षा प्रणाली पर गहरा और व्यापक प्रभाव पड़ता है। चूंकि शिक्षा संविधान के तहत एक समवर्ती विषय है, इसलिए केंद्र और राज्य सरकारें दोनों इसके लिए नीतियां बनाती हैं। हालांकि, शिक्षा का अधिकांश दायित्व राज्य सरकारों के पास होता है, जिसके कारण राज्यों की राजनीतिक प्राथमिकताएं, नीतियां और एजेंडे शिक्षा प्रणाली को सीधे प्रभावित करते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ राज्य जैसे केरल और तमिलनाडु ने शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है, जिसके कारण इन राज्यों में साक्षरता दर और शैक्षणिक गुणवत्ता राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। वहीं दूसरी ओर, कुछ राज्यों में शिक्षा को कम प्राथमिकता दी जाती है, जिससे वहां के स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी और शिक्षा का निम्न स्तर देखने को मिलता है।

## पारदर्शिता की आवश्यकता

राजनीतिक एजेंडे के तहत पाठ्यक्रम में बदलाव, भाषा के मुद्दे, और शिक्षकों की नियुक्ति में राजनीतिक हस्तक्षेप जैसे कारक शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच को प्रभावित करते हैं। इसके अलावा, राज्य सरकारों की वित्तीय स्थिति और बजट आवंटन भी शिक्षा के स्तर को निर्धारित करते हैं। धनी राज्य शिक्षा पर अधिक खर्च करते हैं, जबकि गरीब राज्यों में शिक्षा का बजट कम होता है, जिससे राज्यों के बीच शिक्षा के स्तर में असमानता बढ़ती है। इस प्रकार, राज्यों की राजनीति भारत की शिक्षा प्रणाली की वर्तमान स्थिति को निर्धारित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, और यह स्पष्ट है कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और पारदर्शिता की आवश्यकता है। भारत में शिक्षा प्रणाली को सुधारने के लिए यह आवश्यक है कि राज्यों की राजनीति गरीब परिवारों की शिक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित करे और सरकारी स्कूलों को एक बेहतर ढांचा प्रदान करे। गरीब परिवारों के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना न केवल सामाजिक न्याय का मुद्दा है, बल्कि यह देश के समग्र विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी, शिक्षकों की कमी, और पाठ्यक्रम की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता है। राज्य सरकारों को चाहिए कि वे शिक्षा के लिए पर्याप्त बजट आवंटित करें, शिक्षकों की योग्यता और प्रशिक्षण पर ध्यान दें, और स्कूलों में आधुनिक शिक्षण सामग्री और तकनीक का उपयोग सुनिश्चित करें। इसके अलावा, गरीब परिवारों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा, छात्रवृत्ति, और पोषण योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यदि राज्यों की राजनीति गरीब परिवारों की शिक्षा को प्राथमिकता देती है और सरकारी स्कूलों को मजबूत बनाती है, तो भारत की शिक्षा प्रणाली में एक बड़ा सुधार संभव है।

## अपने विचारों को मूर्त रूप दें

**राजनीतिक प्राथमिकताओं का प्रभाव :** राज्य सरकारों की राजनीतिक प्राथमिकताएं शिक्षा के क्षेत्र में निवेश और नीतियों को निर्धारित करती हैं। कुछ राज्यों में, शिक्षा को विकास का मुख्य आधार माना जाता है, जबकि अन्य राज्यों में यह राजनीतिक एजेंडे में पीछे रह जाता है। उदाहरण के लिए, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों ने शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है, जिसके कारण इन राज्यों में साक्षरता दर और शैक्षिक गुणवत्ता राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। वहीं दूसरी ओर, कुछ राज्यों में शिक्षा के बजट को कम कर दिया जाता है, जिससे शिक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है।

**शिक्षा का राजनीतिकरण :** भारत में शिक्षा का राजनीतिकरण एक गंभीर समस्या है। राज्य सरकारें अक्सर शिक्षा पाठ्यक्रम को अपने राजनीतिक एजेंडे के अनुसार बदल देती हैं। इतिहास, सामाजिक विज्ञान और साहित्य जैसे विषयों में परिवर्तन करके राज्य सरकारें अपने विचारधारा को बढ़ावा देती हैं। इससे छात्रों को एक संकीर्ण और पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण मिलता है, जो उनके समग्र विकास को प्रभावित करता है।

**शिक्षकों की नियुक्ति और भ्रष्टाचार :** राज्यों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया अक्सर राजनीतिक हस्तक्षेप का शिकार होती है। योग्यता के बजाय राजनीतिक संबंधों के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति की जाती है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार भी एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी हो जाती है।

**भाषा और संस्कृति का मुद्दा :** राज्यों की राजनीति में भाषा और संस्कृति का मुद्दा हमेशा से प्रमुख रहा है। कई राज्य सरकारें अपनी क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा प्रणाली का उपयोग करती हैं। हालांकि यह स्थानीय संस्कृति को संरक्षित करने में मददगार हो सकता है, लेकिन इससे राष्ट्रीय एकता और समान शिक्षा प्रणाली के लक्ष्य को नुकसान पहुंचता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) स्थायि
(बी) स्थायी
(सी) स्थाई
(डी) स्थाइ

**2.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जलदी
(बी) जल्दी
(सी) ज्लदी
(डी) जल्डी

**3.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्राक्कथन
(बी) प्रक्कथन
(सी) प्राकथन
(डी) प्रकाथन

**4.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) क्षेत्र
(बी) छेत्र
(सी) क्षत्र
(डी) स्वेत्र

**5.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) रसायनिक
(बी) रासायनिक
(सी) रासीनीक
(डी) रसयनिक

**6.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्रतिवादी
(बी) प्रतीवादी
(सी) प्रतीवाडी
(डी) प्रतिवादि

**7.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) उतसव
(बी) उत्सव
(सी) उस्तव
(डी) ऊत्स्व

**8.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जेष्ठ
(बी) ज्येस्ट
(सी) जेठ
(डी) ज्येष्ठ

**9.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अन्तध्यान
(बी) अन्तर्धान
(सी) अन्तरध्यान
(डी) अन्त : ध्यान

**10.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अधम्र
(बी) अध्रम
(सी) अधर्म
(डी) अध्रिम

उत्तर 1.(बी) 2.(बी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(बी) 10.(सी)

## औद्योगिक भविष्य को आकार देने आगे आएंगी बड़ी कंपनियां

# मुख्यमंत्री ने कहा, ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में देश का फ्यूचर हब बनकर उभर रहा मप्र

### जीआईएस-25 बनेगा औद्योगिक बदलाव का ऐतिहासिक मंच

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र न केवल आदर्श निवेश स्थल बन कर उभर रहा है, बल्कि ऑटोमोबाइल और ईवी इंडस्ट्री के एडवांस इरा की नई परिभाषा लिख रहा है। 21वीं सदी में मध्यप्रदेश ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में भारत का फ्यूचर हब बनकर उभर रहा है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट -2025 इस बदलाव का एक ऐतिहासिक मंच बनेगा, जहां दुनिया की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल और ईवी कंपनियां मध्यप्रदेश के औद्योगिक भविष्य को आकार देने के लिए आगे आएंगी। यह सिर्फ निवेश आकर्षित करने का अवसर नहीं, बल्कि भारत में ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी और ई-मोबिलिटी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का मंच है।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24, 25 फरवरी 2025
भोपाल



**स्पीड लैब बनने की ओर अग्रसर प्रदेश**

भारत को एक वैश्विक ऑटोमोबाइल रिसर्च और टेस्टिंग सेंटर बनाने के विजन के तहत मप्र इसकी स्पीड लैब बनने की ओर अग्रसर है। एशिया का सबसे लंबा हाई-स्पीड परीक्षण ट्रैक, 14 टेस्ट ट्रैक और 5 ऑटो-विशिष्ट प्रयोगशालाओं के साथ राज्य दुनिया के अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माताओं के लिए एक वैश्विक परीक्षण केंद्र बन रहा है। ईवी बैटरी टेस्टिंग, हाइड्रोजन फ्यूल इनोवेशन के लिए मप्र अब भारत के प्रमुख अनुसंधान केंद्रों में गिना जाएगा।

**प्रदेश की नीतियों ने दिलाया निवेशकों को विश्वास**

व्यवसाय समर्थक नीतियां, तेज अनुमोदन प्रक्रिया और उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे ने निवेशकों को यह विश्वास दिलाया है कि मप्र ही अगला ऑटोमोबाइल सुपर हब बनने अग्रसर है। यहां पहले से ही 30 से अधिक ओरिजनल इक्विपमेंट मैन्यूफेक्चरर्स, 1 हजार से अधिक औद्योगिक इकाइयां आदि कार्यरत हैं।

**'मेक इन इंडिया' के साथ 'मेक इन एमपी' का अध्याय**

*ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 सिर्फ एक इन्वेस्टमेंट समिट नहीं, बल्कि एक वायदा है, भारत में ऑटोमोबाइल और ईवी सेक्टर को मध्यप्रदेश की धरती से नई ऊंचाई तक पहुंचाने का। इस मंच से अग्रणी कंपनियां अपने नए विनिर्माण संयंत्रों और निवेश योजनाओं की घोषणाएं करेंगी। मध्यप्रदेश सरकार ऑटोमोबाइल और ईवी कंपनियों के साथ उद्योग-विशेष समझौते करेगी। क्लीन और स्मार्ट मोबिलिटी के लिए वैश्विक विशेषज्ञों के साथ साझेदारी होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश 'मेक इन इंडिया' के साथ 'मेक इन एमपी' के नए अध्याय को परिभाषित कर रहा है।*

### कृषि शक्ति का पूर्ण लाभ उठाते हुए नवाचार को बढ़ावा

## पीएम मोदी के विजन के अनुरूप है मध्यप्रदेश की 'बॉयो फ्यूल योजना'

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बॉयो फ्यूल योजना-2025 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट' (एलआईएफई) अभियान के मूल सिद्धांतों के अनुरूप है, जिसमें सतत विकास को प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदार उपभोग और उत्पादन पर जोर दिया गया है। यह योजना प्रदेश की कृषि शक्ति का पूर्ण लाभ उठाते हुए नवाचार को बढ़ावा देगी।

प्रदेशवासियों के लिए हरित और समृद्ध भविष्य के साथ, योजना से प्रदेश में बॉयो फ्यूल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, बॉयो ऊर्जा संयंत्र, फीड स्टॉक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला के विभिन्न स्तरों पर व्यापक रूप से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। योजना से प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी, साथ ही पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी।

**व्यापक रूप से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सृजित होंगे रोजगार**

**हरित ऊर्जा उत्पादन और रोजगार सृजन की पहल**

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा कि 'बॉयो फ्यूल योजना-2025' राज्य की आर्थिक समृद्धि, हरित ऊर्जा उत्पादन और रोजगार सृजन के लिए क्रांतिकारी पहल है। इस योजना से प्रदेश में कृषि एवं जैव अपशिष्ट का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित होगा, जिससे पर्यावरण अनुकूल ईंधन का उत्पादन किया जा सकेगा और राज्य हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकेगा। नवकरणीय ऊर्जा और सतत विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए योजना को मंत्रि-परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया है।*

**सप्लाई चैन विकसित करने का प्रावधान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा कि बॉयो फ्यूल योजना में मुख्यतः बॉयो सीएनजी, बॉयो मास ब्रिकेट एवं पेलेट और बॉयो डीजल जैसे ईंधन शामिल हैं। यह बॉयो फ्यूल उत्पादन के सभी पहलुओं को कवर करती है, जिसमें फीडस्टॉक खेती, उत्पादन तकनीक, वितरण और उपयोग जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल हैं। योजना में बॉयो फ्यूल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट एवं बॉयो ऊर्जा संयंत्रों को कई लाभ प्रदान किए जाएंगे, साथ ही किसान संस्थाओं को कृषि उपकरण के लिए सब्सिडी, बॉयो मास एवं खाद की बिक्री सुनिश्चित करने और सप्लाई चैन विकसित करने के प्रावधान भी शामिल हैं।

### खबर संक्षेप

**आठ माह बाद जारी हुए वेतन भुगतान के आदेश**

**भोपाल।** जनजाति कार्य विभाग के स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी और अंशकालीन कर्मचारियों को आठ माह बाद वेतन मिलने जा रहा है। विभाग के आयुक्त ने आठ माह से लंबित वेतन भुगतान 25 फरवरी तक करने के आदेश जारी किए है। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा कि मंच ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को वेतन भुगतान न करने के संबंध में लिखित जानकारी दी थी। इसके बाद प्रमुख सचिव ने मामले को संज्ञान में लेते हुए लंबित वेतन भुगतान तत्काल करने के आदेश आयुक्त जनजाति कार्य विभाग को दिए हैं। अब 25 फरवरी को लंबित वेतन भुगतान मिलने जा रहा है।

**डॉक्टरों, स्टाफ का ब्यौरा ऑनलाइन पोर्टल पर**

**भोपाल।** एनएसयूआई की मांग के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मध्यप्रदेश में निजी अस्पतालों के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर सार्वजनिक कर दी है। एनएसयूआई ने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की जानकारी ऑनलाइन करने की मांग की थी। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने बताया कि प्रदेश के निजी अस्पतालों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी ऑनलाइन पोर्टल से हटा दी गई थी। यह कदम गड़बड़ी और अनियमितताओं को छिपाने के लिए उठाया गया। परमार ने कहा कि फर्जी अस्पताल संचालकों, भ्रष्ट अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### जीआईएस-2025 भोपाल में होगा वैश्विक निवेशकों का महासंगम

# जीआईएस की तैयारियां अंतिम चरण में विशिष्ट मेहमानों की सूची लगभग फाइनल

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और विशिष्ट मेहमानों की सूची भी लगभग फाइनल हो चुकी है। राज्य सरकार ने प्रदेश में मौजूद अपार संभावनाओं से परिचित कराने के लिए करीब 60 देशों से उद्यमियों को आमंत्रित किया है। इसमें 13 राजदूतों, 6 उच्चायुक्तों और प्रमुख रणनीतिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले कई महावाणिज्यदूतों की भागीदारी सुनिश्चित हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की अनूठी पहल देश के महानगरों में उद्योगपतियों के साथ मीटिंग और यूके, जर्मनी और जापान में निवेशकों को आकर्षित करने रोड-शो के आयोजन ने न सिर्फ क्षेत्रीय उद्योगों को एक सुदृढ़ प्लेटफार्म दिया है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों ने प्रदेश में निवेश की रुचि दिखाई है। समिट में राजनयिक कोर की भागीदारी का नेतृत्व जर्मनी, जापान, स्विट्जरलैंड और मलेशिया के महावाणिज्यदूतों सहित मिशनों के प्रमुखों द्वारा किया जा रहा है। इसमें यूनाइटेड किंगडम, पोलैंड, नीदरलैंड और कनाडा के वरिष्ठ राजनयिक प्रतिनिधि भी शामिल हैं। राजनयिक उपस्थिति को और प्रभावी करते हुए नेपाल, मोरक्को, जिम्बाब्वे, अंगोला और बुर्किनाफांसो के राजदूतों के साथ रवांडा, सेशेल्स, जमैका, लेसोथो और युगांडा के उच्चायुक्तों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।

**देश-विदेश की ख्यात कंपनियों ने दिखाई प्रदेश में निवेश की रुचि**



**कई देशों के प्रतिनिधिमंडल करेंगे साझेदारी**

जीआईएस में शामिल होने वाले रूस के उल्यानोवस्क क्षेत्र के गवर्नर रुस्किख अलेक्सई युरेविच रूस के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इसमें वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और व्यापारिक नेतृत्व शामिल हैं। जिम्बाब्वे के उद्योग और वाणिज्य उप मंत्री राज मोदी अपने देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं, जो मध्यप्रदेश और अफ्रीका के बीच बढ़ते आर्थिक सहयोग का संकेत है। जर्मनी 35 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ एक प्रमुख भागीदार के रूप में साथ आ रहा है।

**विश्व बैंक की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण**

*जीआईएस भोपाल में विश्व बैंक की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जीआईएस में विश्व बैंक का नेतृत्व कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कौमे कर रहे हैं। उनके साथ इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल परिवर्तन के वरिष्ठ विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। इसके अतिरिक्त निवेश संवर्धन एजेंसियों के संगठन (डब्ल्यूएआईपीए) का प्रतिनिधित्व उप कार्यकारी निदेशक दुष्यंत ठाकोर करेंगे। जीआईएस में विकसित अर्थव्यवस्थाओं की प्रमुख व्यापार और निवेश संवर्धन एजेंसियों ने भी अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। इनमें महानिदेशक हिरोयुकी कितामुरा के नेतृत्व में जेट्रो (जापान), निदेशक सुश्री सीमा भारद्वाज के प्रतिनिधित्व में जर्मन ट्रेड एंड इन्वेस्ट और इन्वेस्ट ओटावा का वरिष्ठ नेतृत्व शामिल हैं। शिखर सम्मेलन में इतालवी व्यापार एजेंसी, कनाडा की व्यापार आयुक्त सेवाएं, ऑस्ट्रेड (ऑस्ट्रेलिया) और मैट्रेड (मलेशिया) का भी प्रमुख प्रतिनिधित्व है, जो मध्यप्रदेश में मजबूत क्रॉस-महाद्वीपीय निवेश रुचि को दर्शाता है।*

**तीस देशों के मेहमानों की होगी मेहमानवाजी**

शहर के मानव संग्रहालय में 24 और 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिसमें 30 से अधिक देशों के उद्योगपति, उद्यमी और अधिकारी शामिल होंगे। दो दिवसीय समिट में 15 हजार उद्योगपतियों को पहले दिन प्रवेश दिया जा सकता है, वहीं अधिकारियों का कहना है कि कंपनी के वार्षिक टर्नओवर के हिसाब से उद्योगपतियों को प्रवेश दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि जीआइएस में शामिल होने के लिए 30 हजार पंजीयन हुए हैं।

**महिला प्रतिनिधि**

समिट में शामिल होने वालों में उद्योगपति, निवेशक, एमएसएमई और स्टार्टअप के प्रमुखों में महिला निवेशक में पारले एग्रो की सीईओ शौना चौहान, वर्धमान टेक्सटाइल्स की वाइस प्रेसिडेंट और जाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर आदि शामिल हो सकती हैं।

**द्विपक्षीय चैंबर्स ऑफ कॉमर्स से भरपूर समर्थन**

समिट को द्विपक्षीय चैंबर्स ऑफ कॉमर्स से भरपूर समर्थन मिला है, प्रबंध निदेशक स्टीफन हालुसा के नेतृत्व में इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स और जर्मन इंडियन इनोवेशन कॉरिडोर भारत-जर्मन आर्थिक सहयोग में महत्वपूर्ण विशेषज्ञता लेकर आए हैं। सिंगापुर के आर्थिक हितों का प्रतिनिधित्व सिंगापुर इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा किया जाता है। इसके अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी हैं, जो प्रौद्योगिकी और निवेश के अवसरों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। जीआईएस की विविध द्विपक्षीय भागीदारी में चेयरमैन रमेश अय्यर के नेतृत्व में कोरिया में भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसीके), अध्यक्ष जेजे सिंह के प्रतिनिधित्व वाले इंडो-पोलिश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (आईपीसीसीआई) और इंडिया जिबूती चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईडीसीसी) शामिल हैं।


**भारतीय रेल**
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
सं.: 2024/आरएस(ई)/टीएम/1 नई दिल्ली, दिनांक : 20.02.2025
शुद्धिपत्र संख्या 2
विषय : 23 अदद् 'मल्टी परपज़ टैम्पर (एम पी टी)' के डिज़ाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 17.03.2025 को बंद होने वाली ई-खुली वैश्विक निविदा सं. 2024-TM-1A
विषय निविदा के कुछ नियम और शर्तों को संशोधित और IREPS वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखें।
निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)
585/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुखजिंदर सिंह पुत्रः** श्री सरदार गुरदीप सिंह **पताः** 76, डीडीए क्वार्टर, नई सीमापुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 247/2019 U/s 498A/34 IPC थानाः सीमापुरी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुखजिंदर सिंह,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुखजिंदर सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 247/2019 U/s 498A/34 IPC थानाः सीमापुरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सुखजिंदर सिंह,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री मोक्षा बैंस
जेएमएफसी, महिला न्यायालय 02
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/2048/SHD/2025
(Court Matter)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) बंधना छेत्री उर्फ निक्की उर्फ श्रीमती गुप्ता, पुत्रीः बिनोद छेत्री,** पताः बी-112ए, शिव विहार, निहाल विहार, निलोठी एक्सटेंशन, दिल्ली, स्थायी पताः गौतितर, एमवी रोड, वार्ड नं. 13, कर्सियांग, दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल, **(2) केलेची जोनाथन उर्फ केसी, पुत्रः श्री डाइक,** पताः खसरा नं. 2/23, गली नं. 6, संत नगर, दिल्ली, स्थायी पताः 250 इमाक्लौर, राज्य पेहका, नाइजीरिया, **(3) उगोचुकवु उसिफो उर्फ मोनिका उर्फ ब्राउन ब्रूनो, पुत्रः उसिफो चुक्वू,** पताः ई-12/92ए, खसरा नं. 10, चौथी मंजिल, हौज रानी, खिरकी एक्सटेंशन, मालवीय नगर, दिल्ली, स्थायी पताः 21, इशेज रोड, लागोस, नाइजीरिया, **(4) सुलेमान लावल उर्फ बेंजामिन, पुत्रः एडेलेके,** पताः बी-42, तीसरी मंजिल, पंचशील विहार, खिड़की एक्सटेंशन, मालवीय नगर, दिल्ली, स्थायी पताः मुशिन, लागोस, स्ट्रीट नं. 40, नाइजीरिया ने **FIR No. 96/2017, dated 23.06.2017, U/s 419/420/ 467/468/471/120B/489A/489B/489C IPC, 66D IT Act, 14 Foreigners Act, 12 The Passport Act, पुलिस थाना क्राइम ब्रांच, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उपरोक्त मुलजिम मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उपरोक्त मुलजिम फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 96/2017, dated 23.06.2017, U/s 419/420/ 467/468/471/120B/489A/489B/489C IPC, 66D IT Act, 14 Foreigners Act, 12 The Passport Act, पुलिस थाना क्राइम ब्रांच, दिल्ली** के अभियुक्त **(1) बंधना छेत्री उर्फ निक्की उर्फ श्रीमती गुप्ता, (2) केलेची जोनाथन उर्फ केसी, (3) उगोचुकवु उसिफो उर्फ मोनिका उर्फ ब्राउन ब्रूनो, (4) सुलेमान लावल उर्फ बेंजामिन** से अपेक्षा की जाती है कि वो इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.03.2025** या इससे पहले हाजिर हों।
आदेशानुसार
सुश्री रूबी नीरज कुमार
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
उत्तर, कोर्ट नं. 115, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली
DP/2152/Crime/2025


### जीआईएस में सहकारिता विभाग का होगा विशेष सत्र

## सहकारिता में निवेश और नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल



प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में सहकारिता विभाग के विशेष सत्र की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। सारंग ने इस अवसर पर सहकारिता क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए पब्लिक को-ऑपरेटिव पार्टनरशिप (पीसीपी) मॉडल को अपनाने के साथ देश की प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ एमओयू कर पैक्स द्वारा निर्मित उत्पादों के विपणन को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए।

सारंग ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए पीसीपी मॉडल को बढ़ावा दिया जाएगा। इस मॉडल में सहकारी समितियों को उद्यमशीलता की दिशा में आगे बढ़ाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इससे प्रदेश के किसान, सहकारी संस्थाएं और उपभोक्ता सीधे लाभान्वित होंगे।

**25 फरवरी को आयोजित होगा विशेष सत्र**

*सारंग ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 25 फरवरी को सहकारिता विभाग का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। सत्र में सहकारिता क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं, नवाचार आधारित सहकारी मॉडल, आत्मनिर्भर सहकारिता और डिजिटल तकनीक के प्रयोग से व्यवसाय में वृद्धि जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी। देशभर के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों, निवेशकों और सहकारिता क्षेत्र के विशेषज्ञों को इस सत्र में आमंत्रित किया गया है, जो अपने अनुभव और विचार साझा करेंगे।*

**सीबीजी प्लांट स्थापित करने की अपार संभावनाएं**

सारंग ने कहा कि प्रदेश में सीबीजी प्लांट स्थापित करने की अपार संभावनाएं हैं। इन संयंत्रों की स्थापना में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इससे किसान अपने फसल अवशेषों और अन्य जैविक कचरे का उपयोग कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगे। सारंग ने बैठक में सहकारी समितियों द्वारा निर्मित उत्पादों के विपणन को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि देश की प्रमुख कंपनियों के साथ एमओयू किए जाएं, जिससे पैक्स के माध्यम से तैयार किए गए उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले।

**सहकारी चीनी मिलों को बढ़ावा देने की योजना**

सहकारिता मंत्री सारंग ने पीसीपी मॉडल में सहकारी चीनी मिलों के विस्तार और उनके आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में निवेश को आकर्षित कर नई चीनी मिलों की स्थापना एवं पुरानी मिलों के उन्नयन की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। इससे न केवल किसानों को लाभ होगा, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी सशक्त होगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपेक्स बैंक के प्रभारी प्रबंध संचालक मनोज कुमार गुप्ता, बीज संघ के प्रबंध संचालक महेंद्र दीक्षित उपस्थित रहे।

### धमतरी के सांकरा का मामला, पुलिस कर रही जांच

## सड़क किनारे खड़ी महिला को कार ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी

धमतरी जिले के सांकरा में एक तेज रफ्तार स्वीप्ट कार ने रोड किनारे खड़ी महिला को अपनी चपेट में लिया। इस हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि, मृत महिला सोंदूर की तरफ से आने वाली बस से उतरकर रोड किनारे खड़ी थी, तभी एक तेज रफ्तार कार ने महिला को अपनी चपेट में ले लिया। महिला के नाम पते की कोई जानकारी नहीं है। बताया जा रहा कि, कार उमरगांव निवासी तुलसी सार्वा की है उनके नाबालिक पुत्र गाड़ी को धुलवाने के लिए ले गया था। इसी दौरान सांकरा के नंदी चौक के पास खड़ी एक अधेड़ महिला को ठोकर मार दी, जिससे महिला की मौत हो गई।

■ मृतका की पहचान के प्रयास कर रही पुलिस


**बस की चपेट में आने से बच्चे की मौत**

*वहीं 20 फरवरी को बालोद जिले से तेज रफ्तार का कहर सामने आया है। यहां पर एक बस ने मासूम बच्चे को रौंद दिया था। इस दौरान मौके पर ही मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही थी। वहीं इस घटना के बाद से ग्रामीणों ने जमकर हंगामा करते हुए बस ड्राइवर की पिटाई भी कर दी थी। मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला रनचीराई थाना क्षेत्र का है। जहां पर तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से 3 साल के मासूम जाहिद भारती की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की। वहीं इस दौरान बुधवार देर रात तक हंगामा चलता रहा। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को शांत कराया। वहीं पुलिस ने आरोपी बस ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।*

### जन्मदिन कार्यक्रम में आया था आरोपी

## रिश्ते के नाना ने बच्चे के साथ किया कुकर्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गौरेला पेंड्रा मरवाही



पेंड्रा थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले रिश्ते में नाना लगने वाले एक शख्स ने 10 साल के मासूम बच्चे के साथ कुकर्म किया। पीड़ित और परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि बच्चे का जन्मदिन था और इसमें शामिल होने के लिए आरोपी (उम्र 30 साल) उनके घर आया हुआ था। रात को देर हो जाने के कारण वह घर में ही रुक गया। इस दौरान पीड़ित बच्चा आरोपी के साथ ही एक बिस्तर पर सो गया था, जबकि मां दूसरे कमरे में सोई हुई थी। आरोपी ने रात को बच्चे के साथ कुकर्म किया। जिसके बाद बच्चे ने रोते हुए मां को सारी बात बताई। परिजनों ने पेंड्रा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अविवाहित है और मेहमान बनकर आया हुआ था। इस मामले में आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## युवक का कुए में मिला शव, 4 दिन से लापता था परसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिकापुर



छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में लापता एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। शव को हत्या के बाद कुए में फेंका गया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक युवक का नाम मुन्ना राम था। वह ग्राम परसा गांव का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि, 17 फरवरी को पंचायत चुनाव के दिन से लापता था। परिजनों और स्थानीय लोगों ने खोजबीन के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत दर्ज लापता युवक की तलाशी कर रही थी। इसी दौरान लापता युवक की लाश कुएं में मिली। वहीं घटना की शुरुआती जांच में पता चला है कि, हत्या में एक से अधिक लोगों की शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश कर रही है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | क्र. सं. 01 से 01 मदों तक अर्थात जेसीबी बियरिंग नं. एचआर/39ए-8327 मदें निहित सूची (01 मद का सिंगल लॉट)* | 15.02.2025 11.03.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 2 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 01 मद तक मदें निहित सूची (01 मद का सिंगल लॉट)। | 04.02.2025 04.03.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | क्र. सं. 01 से 20 मदों तक मदें निहित सूची (20 मदों का सिंगल लॉट)* | 15.02.2025 11.03.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प, पलवल | पलवल जिले में पलवल में लघु सचिवालय के परिसर में प्रशा. खण्ड में निर्वाचन कार्यालय में एल्यूमीनियम केबिन्स का प्रावधान व फिक्सिंग (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.02.2025 | 9.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 5 | सिविल सर्जन कैथल | जिला सिविल हॉस्पीटल कैथल में डिलीवरी केसों को जेएसएसके डाइट। | 20.02.2025 08.03.2025 | ईएमडी 50000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/100/32481/I/88/7 दि. 21.02.25

## चिंतन

# वोटर टर्नआउट फंडिंग का 'सच' सामने लाए सरकार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत को लेकर कोई भी बात तथ्य की कसौटी पर तोलकर बोलनी चाहिए। दूसरी पारी में शपथ लेने के बाद से वे लगातार भारत की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। तेजी से वैश्विक भूराजनीतिक समीकरण को बदल रहे ट्रंप को भारत के बारे में किसी भी राजनीतिक शैली में बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने संबंधी अमेरिकी वित्त पोषण को लेकर ट्रंप के दावे तथ्यों की कसौटी पर कितने खरे हैं, इसकी जांच निश्चित ही होनी चाहिए। अमेरिका को पहले अपनी यूएसएड (अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय सहायता एजेंसी) की ऑडिट करनी चाहिए, फिर तथ्य के आधार पर भारत के बारे में अपनी बात कहनी चाहिए। भारत सरकार को भी देश में यूएसएड के कामकाज व फंडिंग की जांच करनी चाहिए। जिस प्रकार एलन मस्क नीत अमेरिकी प्रशासनिक सुधार विभाग ने भारत में वोटर टर्नआउट को लेकर यूएसएड की ओर से फंडिंग की बात उछाली है, उसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने उस बात को दोहराया और अपनी पूर्ववर्ती जो बाइडन सरकार की ओर इशारा करते हुए यूएसएड फंडिंग के जरिये भारत में चुनावी प्रक्रिया में दखल की बात कही, उसके बाद भारत सरकार का गंभीर होना लाजिमी है। लेकिन इन्वेस्टिगेटिव मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मस्क और ट्रंप जिस फंडिंग की बात कर रहे हैं, वो मालदोवा और बांग्लादेश के लिए की गई थी, भारत को नहीं। इस फंडिंग की वजह से दोनों जगह सत्ता प्रभावित हुई। सवाल है कि इस फंडिंग का सच सामने आना चाहिए। देश के अंदर राजनीतिक बयानबाजी के बजाय सरकार को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए और दूध का दूध व पानी का पानी करना चाहिए। भारतीय नीतियां, लोकतांत्रिक शासन प्रणाली, भारत की राजनीतिक स्थिरता, लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक व धार्मिक विविधताएं विदेशी एजेंसियों व राष्ट्रों के निशाने पर रही हैं। चूंकि भारत अभी तेजी से उभरता शक्तिशाली राष्ट्र है, इसलिए इसे अस्थिर करने की कोशिश भी तेजी से होगी। भारत सरकार को वोटर टर्नआउट के लिए कथित अमेरिकी फंडिंग के दावे को गंभीरता से लेते हुए एक्शन लेना चाहिए। इसके लिए भारत को किसी के दबाव में भी नहीं आना चाहिए। भारतीय प्रवासियों के साथ अमानवीय सलूक कर अमेरिकी सरकार ने विश्व में भारत का छविभंजन ही किया है। पीएम नरेन्द्र मोदी की यात्रा के दौरान जैसे को तैसा टैक्स की धमकी भी ग्लोबल ट्रेड व विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ ही है, साथ ही यह आतिथ्य परंपरा का भी अपमान है। भारत को अपना पक्ष मजबूती से रखना चाहिए। भारत को लेकर ट्रंप प्रशासन की जल्दबाजी वैश्विक कूटनीति के भी अनुरूप नहीं है। अमेरिका अगर भारत पर दबाव बनाने के लिए इन तरीकों का इस्तेमाल कर रहा है, तो यह बहुत ही बचकाना है। भारत को अपनी सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर आते हुए प्रतिक्रियात्मक रुख अपनाना चाहिए। प्रवासियों को भेजने के तरीके, रेसिप्रोकल टैक्स, वोटर टर्नआउट फंडिंग आदि मसले को लेकर भारत का बोल्ड रुख होना चाहिए। विश्व के अनेक देश देख रहे हैं कि अमेरिकी व्यवहार पर भारत का जवाबी व्यवहार कैसा है? भारत को महाशक्ति की रेस में आगे बढ़ना है, जमना है, तो ग्लोबल व्यवहार के प्रति उसी मात्रा में प्रतिक्रियात्मक बनना होगा। भू राजनीतिक व सामरिक-कूटनीतिक परिदृश्य में भारत अभी अनेक पिछड़े व विकासशील देशों के लिए उम्मीद है। इसलिए भी अमेरिकी दावों की जांच कर ट्रंप प्रशासन के सच को सामने लाना जरूरी है।

# फिर दौड़ने लगा भाजपा का विजय रथ



**विश्लेषण**
राजकुमार सिंह

> आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम् पार्टी की सत्ता में वापसी में भी वह गठबंधन- भागीदार थी, लेकिन उसके विजय रथ को रफ्तार मिली हरियाणा और महाराष्ट्र की चुनावी जीत से, जिसे अब दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी से और भी पंख लग जाएंगे। बेशक दो दर्जन विपक्षी दलों द्वारा 'इंडिया' गठबंधन बनाने तथा संविधान और आरक्षण को खतरे जैसे मुद्दे उठाने से अठारहवीं लोकसभा का चुनाव भाजपा के लिए कठिन साबित हुआ, लेकिन उसके बाद वह तेजी से अपनी चुनावी रणनीति और समीकरण बदलने में सफल रही है। लोकसभा चुनाव तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम और चेहरा ही भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी 'ट्रंप कार्ड' रहा।

पिछले साल लोकसभा चुनाव में 303 से 240 सीटों पर सिमट जाने के झटके से भाजपा आठ महीने में पूरी तरह उबर गयी है। चार जून, 2024 को आए लोकसभा चुनाव परिणाम भाजपा के विजय रथ की राह में बड़े 'स्पीड ब्रेकर' की तरह थे। 2014 में उसने 282 सीटों के साथ, तीन दशक बाद किसी एक दल को, स्पष्ट बहुमत का कमाल किया था, तो 2019 में अपनी सीटें बढ़ा कर 303 तक ले गयी थी। इसलिए 'अबकी बार, 400 पार' के नारे के बीच पिछले साल लोकसभा चुनाव में अपने दम पर बहुमत से भी वंचित हो जाना बड़ा झटका था। पर तीसरी बार, तेलुगु देशम् पार्टी और जनता दल यूनाइटेड जैसे सहयोगियों के समर्थन से, सरकार बनाने के बाद भाजपा अपने विजय रथ को फिर से पुरानी रफ्तार देने में सफल नजर आती है। बेशक पिछले साल लोकसभा चुनावों के साथ हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा पहली बार ओडिशा में सरकार बनाने में सफल रही थी।

आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम् पार्टी की सत्ता में वापसी में भी वह गठबंधन- भागीदार थी, लेकिन उसके विजय रथ को रफ्तार मिली हरियाणा और महाराष्ट्र की चुनावी जीत से, जिसे अब दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी से और भी पंख लग जाएंगे। बेशक दो दर्जन विपक्षी दलों द्वारा 'इंडिया' गठबंधन बनाने तथा संविधान और आरक्षण को खतरे जैसे मुद्दे उठाने से अठारहवीं लोकसभा का चुनाव भाजपा के लिए कठिन साबित हुआ, लेकिन उसके बाद वह तेजी से अपनी चुनावी रणनीति और समीकरण बदलने में सफल रही है। लोकसभा चुनाव तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम और चेहरा ही भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी 'ट्रंप कार्ड' रहा। लोकसभा चुनाव के बीच ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक इंटरव्यू में यहां तक कह दिया कि शुरूआत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मदद पर निर्भर रही पार्टी अब समर्थ हो गयी है, लेकिन उसके बाद उसकी चुनावी रणनीति में बड़ा परिवर्तन नजर आता है।

बेशक मोदी की लोकप्रियता अभी भी भाजपा का सबसे बड़ा सकारात्मक पक्ष है, लेकिन अब वह बहुआयामी चुनावी रणनीति के तहत चुनावी जंग में उतरती है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को लगे झटके के तीन प्रमुख कारण माने गये। एक, नड्डा की टिप्पणी से संघ की नाराजगी। दो, राज्य नेतृत्व की चुनाव में नगण्य भूमिका। तीन, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' द्वारा उठाये गये संविधान और आरक्षण को खतरे के मुद्दे। इसलिए भाजपा ने संघ से समन्वय और बेहतर बनाते हुए विधानसभा चुनावों में प्रदेश नेतृत्व को भी चुनावी मोर्चे पर आगे रखा। साथ ही वर्ष 2023 के अंत में खासकर मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में 'गेम चेंजर' साबित हुई 'लाडली बहन' योजना से प्रेरित होकर 'मुफ्त रेवड़ी राजनीति' को भी चुनावी रणनीति का खास अंग बनाया। बेशक भाजपा की हालिया चुनावी सफलताओं में 'इंडिया' में बढ़ता असंतोष तथा संविधान और आरक्षण के मुद्दों पर कांग्रेस से इतर दलों की आक्रामकता में कमी भी मददगार रही है, लेकिन मोदी की भाजपा ने फिर से 'चुनाव जिताऊ' मंत्र खोज लिया लगता है।

बेशक दिल्ली में तो भाजपा लगातार तीसरी बार सभी सात लोकसभा सीटें जीतने में सफल रही थी, लेकिन हरियाणा और महाराष्ट्र में, सत्तारूढ़ होने के बावजूद, उसे जबर्दस्त झटका लगा था। उसके बाद ही भाजपा ने राज्यों के चुनावों में स्थानीय नेतृत्व और मुद्दों पर ज्यादा फोकस करना शुरू किया।



महाराष्ट्र तो इस मामले में मिसाल है, जहां क्षेत्रवार चुनावी रणनीति बनायी गयी। बेशक हरियाणा में भी भाजपा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही, लेकिन महाराष्ट्र में उसने इतिहास ही रच दिया। मध्य प्रदेश की तर्ज पर 'लाड़की बहन' योजना समेत रिकॉर्ड संख्या में लोक लुभावन योजनाएं घोषित की गयीं तो महायुति के मित्र दलों की जीत की भी बिसात बिछायी गयी। हरियाणा और महाराष्ट्र में शानदार जीत के बावजूद देश की राजधानी दिल्ली में भाजपा की राह आसान नहीं थी। आखिर लोकसभा चुनाव में सातों सीटें जिताने के बावजूद दिल्ली के मतदाता उसे राज्य की सत्ता के पास भी नहीं फटकने दे रहे थे और आप उनकी पहली पसंद बनी हुई थी। दरअसल दिल्ली में आप ने एकछत्र राज-सा कायम कर लिया था।

2013 के विधानसभा चुनाव में तो 28 सीटें जीती आप को आठ सीटों वाली कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनानी पड़ी, लेकिन 2015 और 2020 में उसने क्रमशः 67 और 62 सीटें जीत कर देश और दुनिया को चौंका दिया। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा क्रमशः तीन और आठ सीटों पर सिमट गयी तो देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पायी।

ऐसे में दिल्ली का चुनावी मोर्चा, देश में लगातार तीसरी बार सरकार बना लेने के बावजूद, भाजपा के लिए सबसे दुष्कर माना जा रहा था। इसलिए दिल्ली में आप से 40 सीटें छीन कर 27 साल बाद सत्ता में वापसी भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनावी 'बूस्टर डोज' साबित हो सकती है। आंकड़े बताते हैं कि लोकसभा चुनाव मिल कर लड़ीं कांग्रेस और आप के एक-दूसरे के विरुद्ध ताल ठोंकने से भी मदद मिली, लेकिन इस जीत के लिए भाजपा ने एक साथ कई मोर्चों पर काम किया। शराब घोटाले और शीश महल के आरोपों से घिरे अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध भाजपा ने जहां बेहद आक्रामक अभियान चलाया, वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सघन जन संपर्क के जरिये बड़ी भूमिका निभायी।

आप के परंपरागत वोट बैंक में और भी आकर्षक 'रेवड़ी-वायदों' से सेंध लगायी तो स्थानीय नेतृत्व को आगे करते हुए वेतन आयोग एवं आयकर राहत से अपने वोट बैंक का विस्तार किया। आप के संयोजक केजरीवाल को चुनावी रणनीति में बेहद चतुर माना जाता रहा है, लेकिन उन्हें भी उनके गढ़ में ही करारी मात देकर भाजपा ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लिए चुनावी खतरे की घंटी बजा दी है। पंजाब की परिस्थितियां पूरी तरह अलग हैं, लेकिन दिल्ली की सत्ता गंवाने के बाद आप के लिए दिल्ली नगर निगम में भी अपनी सत्ता बचा पाना आसान नहीं होगा।

निगम की 11 खाली सीटों के लिए उप चुनाव होने हैं, जबकि आप के तीन पार्षद भाजपा तोड़ चुकी है। ऐसे में पिछली बार सिर्फ तीन वोट से जीती आप के लिए इस साल अप्रैल में अपना मेयर बना पाना बहुत मुश्किल होगा। इसी साल के अंत में बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं, जहां फिलहाल नीतीश कुमार जनता दल यूनाइटेड- भाजपा गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। इस गठबंधन में चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा भी शामिल हैं, जबकि चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की मौजूदगी से भी अप्रत्यक्ष लाभ भाजपा को ही मिलेगा। जाहिर है, फिर से रफ्तार पकड़ चुके भाजपा के विजय रथ से मुकाबला अंतर्कलह से ग्रस्त विपक्ष के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष
डॉ. इन्दिरा मिश्र



# श्री मां की छत्र-छाया में बीते मेरे दिन

मैं 04.01.1954 से 12.06.1956 तक श्री मां की छात्र छाया में रही हूं। इसका तात्पर्य कि इस काल में मेरी शिक्षा दीक्षा, खान-पान, दिनचर्या, उनके आदर्शों के अनुसार, उनके व्यापक मार्गदर्शन में हुई है। यह श्री अरविन्द आश्रम, पांडिचेरी की बात है। यह आश्रम अन्य किसी भी आश्रम से सर्वथा भिन्न है। यहां ऐसा नहीं है कि एक ही इमारत या कम्पाउंड में एक गुरु की नजरों के दायरे में सभी रहवासी रहते हों। यहां तो इमारतें भी अनेक हैं, और उनमें चलने वाली गतिविधियां भी अनेक। कोई गतिविधि छात्रों की शिक्षा संबंधी है, जो स्कूल में चल रही है, तो कोई आध्यात्मिक चर्चा संबंधी है, और तीसरी आश्रम को स्वनिर्भर बनाने की ने की दृष्टि से न केला, चित्र, अगरबत्ती अथवा सुंगंधि निमार्ण या विकय की है; तो कोई सामूहिक भोजन बनाने की, एवं कोई खेती की, या डेयरी चलाने की है। कोई पुस्तक छापने की, उनके विकय की है और हा/ कोई उन पुस्तकों को लिखने की है। शर्त यह है कि हर गतिविधि शुद्ध, सात्विक होगी और पूर्ण मनोयोग से 'काम की पूजा है', वाले भाव से, की जाएगी। श्री मां का हृदय विशाल था।



आश्रम का नियम यह है कि यहां स्थाई रूप से रहने वालों को अपनी सब संपत्ति आश्रम को दान देनी होती है, और फिर बदले में आश्रम उनकी सब आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। मेरे वेदव्रत मामा एवं विद्याव्रत मामा ने अपना सर्वस्व आश्रम को सौंप दिया था। श्री मां शुद्ध हृदय से आने वालों को कभी मना नहीं करती थी। यदि कोई सम्पत्तिवान हो, तो अपनी सम्पत्ति दे, जिसके पास संपत्ति नहीं है, वह केवल अपने को दे, ऐसा होता था। मेरे वेदव्रत मामा संस्कृत के विद्वान थे, और विद्याव्रत मामा ने फोटो कला में श्री मां के सानिध्य में ही प्रसिद्धि पाई थी। ये दोनों ही श्री मां को प्रिय थे। उन्हीं का पुण्य था कि मैं आश्रम में शिक्षा लेने आ पाई थी।

स्कूली शिक्षा के संदर्भ में श्री मां एवं श्री अरविन्द खुद्र सम्मत पद्धति यह थी, कि किसी को कुछ सिखाया नहीं जा सकता, जब तक कि उसमें उस ज्ञान के प्रति उत्सुकता न जागे। सिखाने का समय आने पर किताबी ज्ञान से कम महत्वपूर्ण व्यवहारिक ज्ञान नहीं माना जाता है। गुरू अपने शिष्यों को वह ज्ञान देता अपने प्रेम और मित्र भाव से। यहां मेरे 3-4 शिक्षक थे। हिन्दी के कुंज बिहारी जी, फ्रेंच की कृष्णा कुमारी दी और भैंसियो रेमो (उन्हें श्री मां ने तन्मय' नाम दिया था) कला व साईस की पारूल दी और अंग्रेजी के अंग्रेज युवक रिचर्ड। लेकिन अंग्रेजी के रिचर्ड से पहले कान्ता बहन ने मुझे इंग्लिश सिखाई। इसका पहला सबक था, अंग्रेजी के अक्षर W को ठीक से पहचानना। यह डब्ल्यू कम है यू' और हूं, हां, व्हे, व्हि अधिक है। जैसे कि who, what, where, which आदि में। मेरे यह सीखने के बाद रिचर्ड मेरे शिक्षक हुए। प्रारंभ में शरीरिक शिक्षा का आवश्यक भाग होता था ठीक से उठना बैठना, खाना-पीना, सही व्यायाम, खेल कूद, आपसी मित्रभाव। हार-जीत की अपेक्षा शरीर की ऊर्जा का विकास, सहन शक्ति, योग एवं मानसिक संतुलन बनाये रखना महत्वपूर्ण था। कलाओं के विकास पर भी वहां पर्याप्त ध्यान दिया जाता था। दिसम्बर के शुरू में दीक्षान्त समारोह में छोटे-बड़े, सभी छात्र हिस्सेदारी करते थे। वहां बड़े कलाकरों के नृत्य-गायन-वादन कार्यक्रम भी होते थे। रवीन्द्र संगीत भी सुना जाता था। वहां संस्कृत के नाटको और ये ही प्रथाएं आज तक भी चल रही हैं। श्री मां की प्रेरणा से आश्रम के बाग-बगीचों में हेड गार्डनर ने डैलियां आदि सर्दी के मौसम के फूल भी बखूबी उगाए थे। वहां इतने फूल होते थे कि आश्रम परिसर महकता रहता था। आश्रम की सुविधाओं में एक पुस्तकालय भी शामिल था, जो समुद्र किनारे से पिछली गली में था। इसमें फांस से कई सचित्र कॉमिक्स की पुस्तकें, बच्चों के लिए व्यूमास्टर एवं अन्य ढेर सी पुस्तकें होती थीं। किन्तु हिन्दी पुस्तकें नहीं थी चूंकि वहां हिन्दी पढ़ने वाले कम थे। आश्रम वासियों की भाषा कुछ बंगाली का पुट लिए, स्त्रीलिंग पुल्लिंग का विलोपन करती हुई थी जिसमें उत्तर -भारतीय, बंगाली, गुजराती सब खुश थे। परन्तु श्री मां हिन्दी संस्कृत को बहुत पसंद करती थी। जब हिन्दी की परीक्षा हुई, उसमें मैं (तीसरी कक्षा में) प्रथम आई। तब श्री मां ने स्कूल के प्रांगण में मुझे पुरस्कार दिया। आश्रम के उन्मुक्त जीवन में सुमधुर वाणी युक्त शिक्षकों की उपस्थिति से तथा सर्व सुविधा से संपन्न होने पर भी मुझे आगे सामान्य जीवन भरी, (चांदी सी चमकत एकाग्रता में लौटना था।


## जीवन सिर्फ परिस्थिति है, उसका अनुभव करें



संकलित
**दर्शन**

अक्सर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे। जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का ख्याल रखा जाएगा।

## निजी स्वार्थ में दूसरों को नहीं देना चाहिए कष्ट



संकलित
**प्रेरणा**

मृत्यु अटल सत्य है और एक दिन सभी मृत्यु को प्राप्त होंगे। मरने के बाद कोई भी व्यक्ति अपने साथ कुछ भी नहीं ले जा सकता है। इसीलिए गलत काम करने से बचना चाहिए। जो लोग इस बात का ध्यान रखते हैं, वे जीवन में कभी दुखी नहीं होते हैं। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार पुराने समय में एक दुखी व्यक्ति विद्वान संत के पास पहुंचा और बोला कि गुरुदेव मुझे कोई ऐसा सूत्र बताए, जो मुझे जीवनभर याद रहे और मेरी सारी समस्याएं खत्म हो सके। मेरे पास इतना समय नहीं है कि मैं रोज आपके प्रवचन सुनने यहां आऊं। संत ने उसकी बात ध्यान से सुनी और कहा कि ठीक है, मेरे साथ चलो। संत के साथ ही वह व्यक्ति भी चल दिया। संत उस व्यक्ति को लेकर श्मशान पहुंचे। उस व्यक्ति ने पूछा कि गुरुजी आप मुझे ये कहां लेकर आ गए हैं? संत ने कहा कि हम यहां कुछ देर रुकेंगे। थोड़ी ही देर में एक धनी व्यक्ति की अर्थी वहां आई और उसके कुछ देर बाद एक गरीब व्यक्ति की अर्थी लेकर कुछ लोग पहुंचे। अमीर और गरीब, दोनों लोगों के शवों को श्मशान में जला दिया गया। इसके बाद संत उस व्यक्ति को लेकर अपने आश्रम लौट आए। संत ने उससे कहा कि तुम कल फिर आना। मैं तुम्हें कल उपदेश दूंगा। अगले दिन सुबह-सुबह ही वह व्यक्ति फिर से संत के पास पहुंच गया। संत उसे लेकर श्मशान पहुंचे। संत ने अमीर की चिता से एक मुट्ठी राख उठाई और एक मुट्ठी राख गरीब की चिता से उठाई। दोनों मुट्ठियों की राख दिखाते हुए संत ने कहा कि ये देखो, अमीर हो या गरीब, दोनों एक समान हैं, दोनों में बिल्कुल भी अंतर नहीं है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**रैगिंग एक बदनुमा दाग**

हमारी मानसिकता कुछ इस तरह की बन चुकी है कि जब भी कोई बड़ी दुर्घटना या अनहोनी होती है तो मीडिया तो अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए उसे आम जन तक पहुंचाता है, पर हम एक बार समाचार पढ़ कर या तो व्यथित होते हैं या फिर क्षणिक क्रोधित होते हैं और फिर अगले ही पल भूल जाते हैं कि क्या हुआ था। इसे संवेदनहीनता ही कहा जाएगा। कई राज्यों में रैगिंग को लेकर जो नित नए अमानवीय यातनाओं के आयाम स्थापित किए जा रहे हैं, वो पूरी मानवता को शर्मिंदा करने वाले हैं। केरल में ही एक के बाद एक रैगिंग की ऐसी खबरें सामने आ रही हैं जो दिल दहला देने वाली हैं। ताजा मामला तिरुवनंतपुरम के कार्यावत्तोम गवर्नमेंट कॉलेज का है जहां सात सीनियर्स स्टूडेंट्स ने जूनियर स्टूडेंट को पानी में थूक मिलाकर पिलाया। **- रमेश अग्रवाल**, रायगढ़

## ट्रेंड

### नए क्षितिज की शुरुआत




पूर्वोत्तर की वास्तविक क्षमता को विकसित करने के लिए मोदी सरकार के अथक प्रयासों ने एक नए क्षितिज की शुरुआत की है जिसमें प्रगति और क्षेत्र की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत भविष्य की ओर साथ-साथ चलती है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### त्रिवेणी संगम में डुबकी




आज त्रिवेणी संगम में मेरे डुबकी लगाने के अनुभव का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता, जो सिर्फ नदियों का संगम नहीं है - यह करोड़ों संतानियों की आस्था, आध्यात्मिकता और विरासत का संगम है।
**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### बीजेपी की बी टीम



कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा आम चुनाव में इस बार बीजेपी की बी टीम बनकर चुनाव लड़ा, यह आम चर्चा है, जिसके कारण यहाँ बीजेपी सत्ता में आ गई है। वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता कि यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाए।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### मातृभाषा का हैंडल




अपनी मातृभाषा का हैंडल छोड़ना नहीं। जो अपनी भाषा में सोचता, बोलता और जीता है, वो अपनी पहचान कभी नहीं खोता। मिट्टी से जुड़ा इंसान, दुनिया में कहीं भी रहे, दिल से वहीं रहता है, जहाँ से चला था।
**-अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# ट्रंप के रुख के बाद जेलेंस्की के समर्थन में यूक्रेनवासी



यूक्रेन पर रूस के हमले की तीसरी वर्षगांठ से कुछ दिन पहले यूक्रेनवासी उतने ही उदास और तनावग्रस्त हैं, जितने मॉस्को द्वारा युद्ध शुरू करने से ठीक पहले थे। अब, वे केवल अपने पुराने दुश्मन के बारे में चिंतित नहीं हैं। यूक्रेन के लिए चौंकाने वाला नया खतरा उसके एक समय के सबसे अच्छे सहयोगी, अमेरिका से है, जिसका समर्थन कमजोर पड़ता दिख रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों के बीच लड़ाई को रोकने का संकल्प जताते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के स्वर में स्वर मिलाते दिख रहे हैं। ट्रंप ने दावा किया था कि यूक्रेन का नेतृत्व एक 'तानाशाह' कर रहा है जिसने रूस के साथ युद्ध शुरू किया। इसके बाद यूक्रेनी लोग जेलेंस्की के प्रति समर्थन जता रहे हैं, जिन्होंने रूस की 'गलत सूचनाओं' को बढ़ावा देने के लिए ट्रंप की सार्वजनिक रूप से आलोचना की थी। कीव की 25 वर्षीय तकनीकी कर्मचारी कैटरीना करौश ने कहा, ''हां, वह एक आदर्श राष्ट्रपति नहीं हैं, लेकिन वह तानाशाह भी नहीं हैं।'' लंबे समय से चली आ रहीं चुनौतियों के बावजूद, यूक्रेन के लोगों ने अमेरिका से भारी सैन्य समर्थन के साथ रूस को अपने देश पर कब्जा करने से रोका हुआ है, भले ही इसका लगभग पांचवां हिस्सा अब रूस के नियंत्रण में है।

## ऑफ बीट

# लोग जनरेटिव एआई से पूछ रहे स्वास्थ्य पर सवाल



ज़्यादातर लोग अपने रोज़मर्रा और पेशेवर जीवन में मदद के लिए 'जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की ओर रुख कर रहे हैं। चैटजीपीटी सबसे मशहूर और व्यापक रूप से उपलब्ध जनरेटिव एआई टूल में से एक है। यह किसी भी सवाल का मुफ़्त में सटीक और विश्वसनीय जवाब देता है। लोगों के लिए जनरेटिव एआई टूल की मदद से स्वास्थ्य के बारे में जानने की बहुत संभावना है। लेकिन उत्तर हमेशा सही नहीं होते। स्वास्थ्य सलाह के लिए सिर्फ चैटजीपीटी पर निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है और अनावश्यक चिंता का कारण बन सकता है। जनरेटिव एआई अब भी अपेक्षाकृत एक नयी प्रौद्योगिकी है, और लगातार बदल रही है। हमारा नया अध्ययन इस बारे में पहला ऑस्ट्रेलियाई डेटा प्रदान करता है कि स्वास्थ्य संबंधी सवालों के जवाब देने के लिए कौन चैटजीपीटी का उपयोग कर रहा है, और किस उद्देश्य से। परिणाम लोगों को यह बताने में मदद कर सकते हैं कि वे अपने स्वास्थ्य के लिए इस नयी प्रौद्योगिकी का उपयोग कैसे करें, और इसे सुरक्षित रूप से उपयोग करने के लिए आवश्यक नए कौशल – दूसरे शब्दों में, ''एआई स्वास्थ्य साक्षरता'' का निर्माण करें। स्वास्थ्य के लिए चैटजीपीटी का उपयोग कौन करता है?

# डीजीपी और प्रमुख सचिव ने लिया प्रयागराज का जायजा, एंट्री-एग्जिट पॉइंट पर रखें विशेष नजर

## वीकेंड पर उमड़ेगी भारी भीड़, पुलिस-प्रशासन हाई अलर्ट, 58 करोड़ से ज्यादा ने किया स्नान

एजेंसी ▶▶ महाकुंभ नगर

प्रयागराज में महाकुंभ अब अपने अंतिम पड़ाव की तरफ अग्रसर हो रहा है। दुनिया के इस सबसे बड़े मेले का आखिरी अमृत स्नान 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा और इसके साथ ही इस महाकुंभ का समापन हो जाएगा। संगम स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार सड़क और रेल मार्ग प्रयागराज पहुंच रही है। महाशिवरात्रि पर तो प्रयागराज में जबरदस्त भीड़ जुटेगी ही लेकिन महाशिवरात्रि से पहले शनिवार और रविवार को वीकेंड पर भी भारी भीड़ होने की संभावना है। भारतीय रेलवे भी अलर्ट मोड पर है। प्रयागराज के साथ-साथ दिल्ली-हावड़ा रेल रूट के सर्वाधिक व्यस्ततम रेलवे स्टेशनों में शुमार पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर भी वीकेंड को रेलवे हाई अलर्ट है।

**1200 अतिरिक्त ग्रामीण बसें चलेंगी, साथ ही 750 शटल बसें चलाई जाएंगी**



महाकुंभ के अंतिम चरण के सफल संचालन को योगी सरकार 1200 अतिरिक्त ग्रामीण बसों की वृद्धि करेगी। बसों का क्षेत्रवार आवंटन किया गया है,। सरकार ने भीड़ को देखते हुए बसों की पूर्ति के लिए यह निर्णय लिया है। महाशिवरात्रि स्नान एवं 20 से 28 फरवरी के लिए 1200 बसें रिजर्व में रखी गई है, जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। इसके अलावा संगम क्षेत्र में 750 शटल बसें भी चल रही हैं।



### सभी वीआईपी पास रद्द



आखिरी वीकेंड पर भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा उपाय किए हैं। सभी वीआईपी पास रद्द कर दिए गए हैं और नए वाहन पास जारी करना बंद कर दिया गया है। सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि अगर इस वीकेंड में भी भीड़ बढ़ती है तो सबसे पहले रेलवे स्टेशन के एंट्री और एग्जिट प्वाइंट को एकल किया जाएगा भीड़ अगर और ज्यादा बढ़ती है तो अलग-अलग दिशा के यात्रियों के लिए अलग-अलग होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं।

### वैज्ञानिक ने दावों को नकारा

### गंगाजल अब भी पूरी तरह से शुद्ध

महाकुंभ में गंगा के जल की शुद्धता को लेकर लगातार सवाल किए जा रहे हैं। देश के जाने-माने



पद्मश्री वैज्ञानिक डॉ. अजय सोनकर ने गंगा के जल को सिर्फ स्नान योग्य ही नहीं बल्कि अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया है। 5 घाटों के गंगाजल की लैब में जांच के बाद उन्होंने यह दावा किया है। उनका कहना है कि महाकुंभ में 58 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु के स्नान के बाद भी शुद्धता ठीक है।

### सीएम सरमा ने डुबकी लगाई

### सनातन को बताया 'दुनिया का भविष्य'

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया और



इस बात पर प्रकाश डाला कि सनातन संस्कृति प्रमुखता से उभरी है। मैं स्नान करके बहुत भाग्यशाली हूं। व्यवस्थाएं बहुत अच्छी थीं। मैं इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ औरप्रशासन को धन्यवाद देता हूं।

---

## खबर संक्षेप

### सूरत में फिरौती मांग रहे एनएसयूआई के 5 'कैद'

**सूरत।** सूरत के सारोली थाना पुलिस ने कॉलेज संचालकों के मालिकों को फिरौती के लिए



धमकी देने के मामले में पांच एनएसयूआई से जुड़े लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मीडिया को बुलाकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर और सोशल मीडिया में कॉलेजों के खिलाफ वीडियो बना तीनों निजी कॉलेजों को बदनाम किया था। संचालकों को धमकी दी थी।

### शाह करेंगे पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को महाराष्ट्र के पुणे में 27वीं पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद



की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्यों के बीच विवादों का समाधान निकालना और सहकारी संघवाद को मजबूत करना है। बैठक में बुनियादी ढांचे, खनन, जल आपूर्ति, पर्यावरण,वन जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

### भगवान भी रातों-रात नहीं सुधार सकते

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बयान से इन दिनों राज्य की राजनीति गरम है। उन्होंने कहा है कि भगवान भी बेंगलुरु में जाम और बुनियादी संरचना की समस्या का रातोंरात समाधान नहीं कर सकते हैं। बेंगलुरु को 2-3 साल में नहीं बदला जा सकता। इसे तभी बदला जा सकता है जब उचित योजना बने और क्रियान्वित भी हो।

### सीवर सफाई के दौरान दो लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** नरेला में शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे सीवर सफाई के दौरान दो लोगों की जहरीली गैस से मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है। विजय मोची निवासी वार्ड नंबर 15, छिल्लर चौक, बेगुसराय और नंदू निवासी ग्राम संगवार, टीकम गढ़ एमपी नरेला के मंशा देवी अपार्टमेंट के पास, पॉकेट 6 में सफाई के लिए सीवर में उतरे थे। दोनों दम घुटने से बेहोश हो गए। तभी तीसरा व्यक्ति अनिल कुमार निवासी गांव भेड़िया टोला, अमरपुर, भोजपुर, बिहार भी सीवर में घुस गया। सभी भर्ती हैं।

---

### होली-दिवाली पर मुफ्त, बाकी 10 सिलेंडर 500 रुपए में सिलेंडर देने की योजना का ड्राफ्ट तैयार

कैबिनेट की अगली बैठक में मिल सकती है मंजूरी

# होली पर दिल्ली की महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर दे सकती है भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में नवनिर्वाचित भाजपा सरकार होली से पहले दिल्ली की महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर का तोहफा दे सकती है। इसे लेकर शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने कैबिनेट के साथ अधिकारियों की एक बैठक की। योजना का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। कैबिनेट की अगली बैठक में इस पर फैसला भी लिया जा सकता है। दिल्ली सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि विभागीय अधिकारियों के साथ इस संबंध बैठक हुई है। होली और दिवाली में गरीब महिलाओं को एक-एक एलपीजी सिलेंडर दिए जाने की योजना का खाका तैयार हो गया है।

दिल्ली सचिवालय में सिरसा ने कहा कि इस योजना के लिए ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। अगले दो दिनों में होने वाली कैबिनेट बैठक में मुफ्त सिलेंडर की योजना पर मुहर लग जाएगी। साल में दो सिलेंडर मुफ्त दिए जाने के साथ साल के अन्य 10 और सिलेंडर पर भी सब्सिडी देकर कुल 500 रुपए की कीमत पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम अपने संकल्प पत्र के हर वादे को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। अलग-अलग विभाग से जुड़ी जनहित की योजनाओं को जल्दी ही धरातल पर लाने का काम किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में दिल्ली की जनता को लुभाने के लिए कई वादे किए थे। इसमें गरीब परिवारों को एलपीजी सिलेंडर 500 रुपए में और होली-दिवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर का वादा भी शामिल था। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा था कि होली-दिवाली पर भाजपा सरकार सभी परिवारों को फ्री गैस सिलेंडर देगी।



### सीएम ने पानी और सड़कों को लेकर की विभागीय अधिकारियों संग बैठक

शपथ ग्रहण के दूसरे दिन शुक्रवार को भी बैठकों का दौर जारी रहा। अलग-अलग योजनाओं के बारे में मंत्रियों ने अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए। इसमें सबसे पहले होली का त्योहार है। भाजपा का होली व दिवाली गरीब महिलाओं को फ्री सिलेंडर देने का वायदा प्राथमिकता में है। कैबिनेट की अगली बैठक में इसका प्रस्ताव लाने की बात भी मंत्री ने कही है। होली-दिवाली पर फ्री गैस सिलेंडर सरकार उन्हीं महिलाओं को देगी, जिनके नाम एलपीजी गैस सिलेंडर का कनेक्शन है। वहीं सीएम और मंत्रियों ने पानी और सड़कों को लेकर भी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठकें की हैं।

### फ्लैट पर भी पीएम आवास का लाभ मिलेगा

शहरी विकास को लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना पर चर्चा हुई। राजधानी के लोगों को इस योजना का लाभ देने के लिए इसमें पक्के घर के साथ फ्लैट्स भी शामिल किए हैं। इसके तहत नए फ्लैट लेने पर लाभार्थी को बैंक कर्ज में करीब 2.60 लाख रुपये तक का लाभ मिल सकता है। हालांकि अंतिम फैसला होना बाकी है।

### मोहल्ला क्लीनिकों की होगी जांच

दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य और परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को लेकर बेठक हुई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिकों की जांच कराई जाएगी। वहीं दवाइयों की कमी से लेकर डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन तक की जांच की जाएगी। पंकज सिंह ने साफ कहा कि अगर कोई गड़बड़ी मिलती है तो इसमें कार्यवाही की जाएगी।

### सभी डिस्पेंसरी बनेंगी आरोग्य मंदिर

सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार नगर निगम और राज्य सरकार की डिस्पेंसरी अपग्रेड करते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर-पीएचसी में बदली जाएंगी। पहले 30 दिन में 11 डिस्पेंसरी का लक्ष्य है। केंद्र सरकार की ओर से दिल्ली के कुल 1139 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर मंजूर किए गए हैं। अभी 553 मोहल्ला क्लीनिक हैं, जिन्हें अपग्रेड किया जाएगा और बाकी 413 नए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए जाएंगे।

---

# पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी व मंत्रियों के हटाए गए पर्सनल स्टाफ



एक्शन में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शपथ लेने के बाद से ही एक्शन मोड में नजर आ रही हैं। उन्होंने सीएम का चार्ज संभालते ही एक के बाद एक धड़ाधड़ काम करने शुरू कर दिए हैं। पहले आयुष्मान योजना को मंजूरी, फिर कैग रिपोर्ट्स को सदन में पेश करने की मंजूरी मिली।

अब रेखा गुप्ता ने एक और निर्णय लेते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्रियों के व्यक्तिगत स्टाफ की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। साथ ही, पूर्व सरकारों ने जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की अन्य विभागों या संस्थानों में नियुक्त किया था, उन्हें तत्काल अपने मूल विभागों में रिपोर्ट करने का निर्देश दे दिया गया है। बता दें कि 20 फरवरी को गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिल्ली के मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों की नियुक्ति हो गई है। नवनिर्वाचित सरकार के गठन के लिए सभी श्रेणियों के कर्मचारियों की नियुक्ति नए सिरे से की जाती है।

ऐसे में पूर्व सीएम आतिशी और सबी मंत्रियों के त्यागपत्र देने के बाद उनके पर्सनल स्टाफ को समाप्त माना जाता है। इसी कारण पूर्व सीएम और मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ को उनके मूल विभागों में रिपोर्ट करने को कहा गया है। उनकी यहां की सेवाएं खत्म कर दी गई हैं।

### प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए थे अफसर

पूर्व सरकार ने कई अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति पर विभिन्न बोर्ड और कॉरपोरेशनों में भेजा था।



शुक्रवार को गुप्ता ने सभी विभागों को अपने कर्मचारियों का अपडेट देना होगा। विभाग के जो अधिकारी और कर्मचारी कहीं और नियुक्त किए गए थे, उन्हें मूल विभागों में लौटाया जाएगा। एक हफ्ते पहले ही सभी विभागों से कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर और व्यक्तिगत स्टाफ की नियुक्ति की सूची मांगी गई थी। इसके बाद गुप्ता ने कड़ा फैसला लेते हुए पूर्व सरकार द्वारा नियुक्त किए गए कर्मचारी और अधिकारियों को वापस उनके विभाग में जाने का आदेश दिया गया है।


---

### 2 हादसों में 10 की मौत

# प्रयागराज जा रहे तीर्थयात्रियों की गाड़ी टकराई, 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ मिर्जापुर

प्रयागराज जा रहे कर्नाटक के तीर्थयात्रियों की गाड़ी ट्रक से टकरा गई। इस घटना में 6की



मौत हो गई, जबकि 5घायल हैं। बीदर से 11 लोग क्रूजर गाड़ी से तीर्थयात्रा पर निकले थे। इन्होंने श्रीकाशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन किया और महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे थे। हाईवे पर रूपापुर गांव के पास सुबह 7बजे चालक को झपकी आ गई और तेज रफ्तार क्रूजर सड़क किनारे खड़े ट्रक से भिड़ गई।

### पप्पू यादव की रिश्तेदार समेत 4 की गई जान

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव की रिश्तेदार डॉ. सोनी कुमारी यादव सहित 4 की लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। सभी लोग कुंभ नहाकर प्रयागराज से पूर्णिया लौट रहे थे। वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन हाईवे पर बिरनो थाना क्षेत्र के मिर्जापुर के पास इनकी बेलेनो कार ट्रक में घुस गई।

### राजस्थान विधानसभा में हंगामा

# गहलोत नाराज, इंदिरा पर स्तरहीन टिप्पणी ठीक नहीं

एजेंसी ▶▶ जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।




उन्होंने एक्स पर लिखा कि ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार सदन चलाना ही नहीं चाहती। उनके मंत्री और विधायक अनर्गल टिप्पणियां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री अविनाश गहलोत ने देश के लिए शहादत देने वाली पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर स्तरहीन टिप्पणी की है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

### पूर्व मुख्यमंत्री माथुर का भी अपमान किया

गहलोत ने कहा कि विधायक गोपाल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर पर गंभीर आरोप लगाए थे। शर्मा ने माथुर पर किरोड़ीलाल मीणा और हरीश शर्मा के एनकाउंटर की साजिश रचने का दावा किया था, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा नेताओं द्वारा ऐसे आरोप लगाना अपमानजनक है।

### हिमाचल की पहाड़ियों ने ओढ़ी बर्फ की चादर



**मौसम खुलते ही दिखा खूबसूरत नजारा**

शिमला। हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। शुक्रवार को मौसम खुलते ही बर्फ से लदी पहाड़ियां चांदी की तरह चमकीं। शिमला, कुल्लू, किन्नौर, लाहौल-स्पीति, चंबा, मंडी, कांगड़ा व सिरमौर जिले के ऊपरी क्षेत्रों में बुधवार रात से गुरुवार देररात तक बारिश-बर्फबारी दर्ज की गई।

---

### मोदी ने किया अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन

# इसे भाषा तक सीमित नहीं,आजादी की लड़ाई का सार बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तालकटोरा स्टेडियम में शुक्रवार को 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की धरती पर मराठी भाषा का ये प्रतिष्ठित आयोजन हो रहा है। अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन सिर्फ एक भाषा या एक राज्य तक सीमित नहीं है। मराठी साहित्य सम्मेलन में आजादी की लड़ाई का सार है। 1878 में अपने पहले आयोजन से लेकर अब तक अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन देश की 147 साल की यात्रा का साक्षी रहा है।

## सम्मेलन देश की 147 साल की यात्रा का साक्षी रहा

### मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिला




उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले, मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया। भारत और दुनिया में 120 मिलियन से अधिक मराठी भाषी लोग हैं। लाखों मराठी भाषी दशकों से मराठी को यह मान्यता मिलने का इंतजार कर रहे थे। मुझे यह कार्य पूरा करने का अवसर मिला और मैं इसे अपने जीवन का एक बड़ा सौभाग्य मानता हूं।

### मराठी भाषी व्यक्ति ने ही रखी थी आरएसएस की आधारशिला

पीएम ने कहा कि आज हम इस बात पर भी गर्व करेंगे कि महाराष्ट्र की इस धरती पर एक महान मराठी भाषी व्यक्ति ने 100 साल पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीज बोए थे।

### दिल्ली में 71 वर्षों के बाद मनेगा जश्न

प्रधानमंत्री के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में 71 वर्षों के बाद मराठी साहित्य सम्मेलन मराठी साहित्य की कालातीत प्रासंगिकता का जश्न मनाएगा और समकालीन विमर्श में इसकी भूमिका तलाशेगा।इस सम्मेलन का उद्देश्य आज के सामाजिक संवाद के संदर्भ में मराठी साहित्य को सम्मानित करना और तलाशना है।

### शरद के आमंत्रण पर मुझे यह अवसर मिला

पीएम मोदी ने कहा कि राकांपा प्रमुख शरद पवार के आमंत्रण पर मुझे इस गौरवशाली परंपरा में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। मराठी भाषा अमृत से भी मीठी है। इसलिए आप मराठी भाषा और मराठी संस्कृति के प्रति मेरे प्रेम से भली-भांति परिचित हैं। मैं आप विद्वानों जितना मराठी में पारंगत नहीं हूं, लेकिन मैंने मराठी बोलने, मराठी के नए शब्द सीखने का निरंतर प्रयास किया है।

---

# राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर युवाओं के हितों के बारे में सोचे तमिलनाडुः प्रधान

**त्रि-भाषा नीति को लेकर बढ़ते विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को पत्र लिखकर दी नसीहत**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

त्रि-भाषा नीति को लेकर केंद्र और तमिलनाडु के बढ़ता विवाद फिलहाल कहीं से भी थमता हुआ नजर नहीं आ रहा है। एक तरफ तमिलनाडु की सरकार कह रही है



कि उसने हमेशा से ही दो-भाषा नीति का समर्थन किया है। ऐसे में वह तीन-भाषा नीति को कभी भी स्वीकार नहीं करेगी। वहीं, दूसरी तरफ केंद्र की तरफ से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को एक पत्र लिखकर कहा कि उन्हें राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर युवा शिक्षार्थियों के भविष्य के बारे में सोचना चाहिए। जिन्हें नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) से लाभ होगा।

दरअसल केंद्रीय मंत्री प्रधान का यह पत्र स्टालिन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे गए एक हालिया पत्र के जवाब में दिया गया है। जिसमें तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने कहा था कि समग्र शिक्षा अभियान और पीएम श्री योजना को एनईपी के साथ जोड़ना बिल्कुल ठीक नहीं है।

### संघवाद की भावना के खिलाफ लिखा पत्र

प्रधान ने पत्र में कहा कि स्टालिन के द्वारा पीएम को लिखा गया पत्र केंद्र द्वारा प्रोत्साहित संघवाद की भावना के खिलाफ है। राज्य द्वारा एनईपी को गलत तरीके से देखना और अपने राजनीतिक विचार-विमर्श को बनाए रखने के लिए प्रगतिशील शैक्षणिक सुधारों की अवहेलना उचित नहीं है।

### एनसीटीई ने जारी किए नए ड्राफ्ट रेगुलेशन

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने अध्यापक शिक्षा संस्थानों को मान्यता प्रदान करने के लिए नए ड्राफ्ट रेग्युलेशन-2025 जारी किए हैं। पूर्व में इन्हें 2014 में जारी किया गया था। रेग्युलेशन को संशोधित किया गया है।

## विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी जारी रही

# शेयर बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 425 अंक टूटा

**मुंबई।** वाहन शेयरों में बिकवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी जारी रहने से प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। अमेरिकी बाजारों में कमजोर रुख और शुल्क लगाने की चेतावनियों ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।

सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इसके अलावा अदाणी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, पावर ग्रिड, जोमैटो, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और अल्ट्राटेक सीमेंट भी नुकसान में बंद हुए। दूसरी ओर लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, लार्सन एंड टूब्रो, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक और एनटीपीसी शामिल हैं।



मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि एफआईआई की लगातार निकासी, रुपये में गिरावट, महंगे मूल्यांकन और अमेरिका के शुल्क लगाने की आशंका जैसे नकारात्मक कारकों के चलते निवेशक भारतीय शेयर बाजारों से दूर हैं। तापसे ने कहा कि स्थानीय शेयर बाजारों ने एशियाई और यूरोपीय बाजारों की तुलना में कमजोर प्रदर्शन किया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 3,311.55 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 1.18 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक में 0.43 प्रतिशत की गिरावट आई।

### घरेलू बाजार में कमजोर रुख

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार में व्यापक आधार पर कमजोर रुख जारी रहा, जिसका मुख्य कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख को लेकर निवेशकों की चिंता थी। अगर अमेरिका में लंबे समय तक ब्याज दरें अधिक रहीं, तो उभरते बाजारों में नकदी बाधित हो सकती है।

### भारत में बेचो, चीन में खरीदों की नीति

नायर ने कहा, ''भारत फिलहाल अपने एशिया के अन्य उभरते देशों से पीछे है, क्योंकि एफआईआई निकासी अधिक बनी हुई है। 'भारत में बेचो, चीन में खरीदो' की रणनीति फिलहाल लाभ दे रही है।'' एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कास्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए।

# काइनेटिक ग्रुप का इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी विनिर्माण क्षेत्र में दस्तक

एजेंसी ⏭ मुंबई

वाहन कलपुर्जा विनिर्माता काइनेटिक ग्रुप ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के अहमदनगर में 50 करोड़ रुपये के निवेश से बैटरी उत्पादन संयंत्र स्थापित करने के साथ ईवी बैटरी विनिर्माण क्षेत्र में प्रवेश की घोषणा की। पुणे की कंपनी ने कहा कि यह सुविधा दोपहिया और तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के लिए 60,000 रेंज-एक्स ब्रांड की बैटरी का उत्पादन करेगी। इसमें कहा गया है कि इस संयंत्र में एलएफपी (लिथियम-आयन फॉस्फेट) और एनएमसी (निकल मैंगनीज, कोबाल्ट), दोनों प्रकार की बैटरियां बनाई जाएंगी। इसके अलावा, काइनेटिक ग्रुप ने कहा कि वह इन बैटरियों को घरेलू खपत के अलावा ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माताओं) को भी आपूर्ति करने की योजना बना रहा है। इसके अलावा, यह सुविधा तिपहिया वाहनों के लिए प्रिज्मीय सेल विकसित कर रही है। काइनेटिक ग्रुप के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक आजिंक्य फिरोदिया ने कहा, "रेंज-एक्स, बैटरी के क्षेत्र में अग्रणी कार्य का परिणाम है और भारत की यातायात परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अहमदनगर संयंत्र बैटरी प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और स्थिरता का प्रमाण है।"

- 60,000 रेंज-एक्स ब्रांड की बैटरी का उत्पादन करेगी

### सालाना वृद्धि दर तेजी से बढ़ रही

फिरोदिया ने कहा कि स्वचालन और स्मार्ट प्रौद्योगिकी को एकीकृत करके, यह सुविधा विश्वसनीय, कुशल और स्वच्छ ऊर्जा समाधान सुनिश्चित करती है। कंपनी ने कहा कि भारत में ईवी बाजार 28.52 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर से बढ़कर 2029 तक 18.319 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

## वॉलमार्ट फोन-पे भारत में आईपीओ लेकर आएगी

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोन-पे ने देश के शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने के लिए अपने संभावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की तैयारी शुरू कर दी है। कंपनी का मूल्य वर्ष 2023 में आयोजित अंतिम वित्तपोषण दौर के दौरान 12 अरब डॉलर था। फोन-पे ने एक बयान में कहा, "कंपनी अपने संभावित आईपीओ के संबंध में प्रारंभिक कदम उठा रही है और भारतीय शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने की योजना बना रही है। यह कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो इस साल अपनी 10 साल की वर्षगांठ मनाएगी। कंपनी अभिनव वित्तीय सेवाओं और प्रौद्योगिकी समाधानों के साथ करोड़ों ग्राहकों की सेवा करने के लिए विकसित हुई है।"फोन-पे ने दिसंबर, 2022 में सिंगापुर से भारत में स्थानांतरण किया था। इसके लिए उसे सरकार को लगभग 8,000 करोड़ रुपये का कर देना पड़ा था।

## टाटा स्टील ने टी स्टील होल्डिंग्स में शेयर खरीदे

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील ने टी स्टील होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड के 191 करोड़ से अधिक इक्विटी शेयर 30 करोड़ डॉलर (2,603.16 करोड़ रुपये) में खरीदे हैं। टी स्टील होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड घरेलू इस्पात कंपनी टाटा स्टील की सिंगापुर स्थित इकाई है।

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that I, **Vian Vishnu Makhijani S/o Late Sh. Vishnu Makhijani**, I lost/misplaced the Original Allotment Letter and Original Possession Letter of the Flat No. D-10, Press Association Co-operative Group Housing Society Ltd., Press Enclave, Saket, New Delhi-110017 An FIR to this effect has been lodged in Police Station, vide LR No:**2388124/2024** dated **11/12/2024** any person found the original documents may write/contact with above named person at above address/phone No.9833919496 within 15 days from the date of publication of this notice and can personally inform or write to Dy. Director (GH) or Asstt, Director (GH), Block-C3, Second Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ (I) निविदा सूचना क्रमांक 73/2024-2025 दिनांक 19.11.2024 (II) निविदा संख्या 15245204 13.03.2025 को देय है। 01. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में नियत तिथि 19.02.2025 से बढ़ाकर 13.03.2025 कर दी गई है। 02. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में नया दस्तावेज़ संलग्न किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 590/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **करण कुमार, पुत्रः राजू कुमार, पताः ए–479, गली नं. 1, विजय पार्क, गढ़ी मेंडू, दिल्ली–110053** ने **FIR No. 467/2021, U/s 188 IPC, पुलिस थाना कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **करण कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **करण कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 467/2021, U/s 188 IPC, पुलिस थाना कोतवाली, दिल्ली** के अभियुक्त **करण कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सायशा चड्ढा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–08
केंद्रीय जिला, कमरा नं. 272
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2072/N/2025

# उपग्रह स्पेक्ट्रम नीति में कंपनियों के साथ भेदभाव न हो : मित्तल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारती समूह के चेयरमैन सुनील मित्तल ने शुक्रवार को कहा कि ग्रामीण तथा दुर्गम क्षेत्रों में उपग्रह संपर्क के लिए स्पेक्ट्रम साझा आधार पर दिया जा सकता है, लेकिन जब शहरी क्षेत्रों की बात आती है तो भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) और सरकार को एक ऐसी नीति लाने की जरूरत है जो रेडियो तरंगों के आधार पर सेवा देने वालों के साथ भेदभाव न करे।

- ग्रामीण तथा दुर्गम क्षेत्रों में स्पेक्ट्रम साझा आधार पर दे



मित्तल ने कहा कि दुर्गम व वंचित क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने के लिए उपग्रह संपर्क की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ''हम इसका पूरी तरह स्वागत करते हैं।'' दूरसंचार क्षेत्र के दिग्गज मित्तल ने 'एसओयूएल लीडरशिप कॉन्क्लेव' 2025 के अवसर पर यह बात कही। मित्तल ने कहा, '' दुनिया के ऐसे कई स्थान हैं और कई लोग अब भी दुर्गम क्षेत्रों में रह रहे हैं, जहां तक पहुंचने जरूरत है। ऐसा करने का एकमात्र तरीका उपग्रह ब्रॉडबैंड संपर्क है।'' मित्तल ने कहा, '' हम अग्रणी कंपनियों में से एक हैं और अपनी मंजूरियों की प्रतीक्षा कर रहे हैं और हम पहले से ही दुनिया के कई हिस्सों में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक शानदार पहल है और हमने पहले ही इसके लिए अनुमति मांगी है... जैसे ही हमें हरी झंडी मिलेगी, हम अपनी सेवाएं शुरू कर देंगे।'' मित्तल ने कहा कि समूह इस बात पर बहुत स्पष्ट है कि सभी ग्रामीण, दुर्गम क्षेत्रों के लिए स्पेक्ट्रम साझा आधार पर दिया जाना चाहिए।

### भारत में दुनिया की सबसे कम दरें

भारत में दुनिया में सबसे कम दूरसंचार दरें हैं, जहां उपयोगकर्ता ढाई से तीन डॉलर में 30-60 जीबी डेटा प्रति माह का आनंद ले सकते हैं। उन्होंने कहा, '' मेरा व्यक्तिगत तौर पर मानना है कि देश की सेवा के लिए बीएसएनएल सहित तीन से चार संचालक होंगे... मेरा मानना है कि सही संख्या तीन से चार है, इससे अधिक नहीं।''

# सोना 700 रु. टूटकर 88,750 रु. प्रति 10 ग्राम पर

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की कमजोर मांग के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 700 रुपये टूटकर 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। इसके साथ मूल्यवान धातु रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे आ गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि आभूषण विक्रेताओं की कमजोर मांग के कारण 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 700 रुपये घटकर 88,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। कमजोर वैश्विक रुझानों के कारण भी गिरावट को बल मिला। स्थानीय बाजार में चांदी की भी कीमत 300 रुपए गिरकर एक लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई। वायदा कारोबार में एमसीएक्स पर अप्रैल आपूर्ति वाले सोने के अनुबंध का भाव 225 रुपये घटकर 85,799 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। जतिन त्रिवेदी ने कहा, "सोने का भाव कमजोर रहा और इसमें उतार-चढ़ाव रहा। एमसीएक्स में सोना 85,900 रुपये से 85,400 रुपये के बीच रहा।

## अदाणी समूह केरल में करेगा 30 हजार करोड़ का निवेश

**कोच्चि।** अदाणी समूह अगले पांच वर्ष में केरल में 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने यहां केरल निवेश वैश्विक शिखर सम्मेलन (आईकेजीएस) में कहा,'' हम 20,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करने की प्रतिबद्धता जता रहे हैं।'' समूह पहले ही विझिंजम बंदरगाह का विकास कर रहा है और तिरुवनंतपुरम में हवाई अड्डे का संचालन कर रहा है। वह राज्य में अपनी सीमेंट विनिर्माण क्षमता का विस्तार करने के साथ-साथ एक लॉजिस्टिक्स और ई-कॉमर्स केंद्र भी विकसित करेगा। समूह विझिंजम बंदरगाह का विकास कर रहा है और उसने पहले ही 5,000 करोड़ रुपये का निवेश कर दिया है। उन्होंने कहा कि समूह 5,500 करोड़ रुपये के निवेश से तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे की क्षमता को 45 लाख यात्री प्रति वर्ष से बढ़ाकर 1.2 करोड़ यात्री प्रति वर्ष करेगा।



## धानुका एग्रीटेक ने मनाया सेम्परा के 10 सालों का जश्न, भारतीय कृषि में सकारात्मक बदलाव लाने वाला बेहतरीन प्रोडक्ट



**नई दिल्ली।** कई सालों से किसान मोथा (साइपेरस रोटंडस) की समस्या से जूझ रहे हैं, यह एक तरह का वीड (खरपतवार) है जो गन्ने और मक्के की खेती को नुकसान पहुंचाता है। कई तरह की कोशिशें करने के बावजूद भी मोथा फसल पर फिर से लौट आता है, जिससे न सिर्फ फसल की उत्पादकता कम हो जाती है बल्कि श्रम की लागत भी बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने 2015 में निस्सान कैमिकल जापान के सहयोग से सेम्परा का लॉन्च किया था। यह आधुनिक हर्बीसाईड जापानी तकनीक से बनाया गया है। पिछले 10 सालों में सेम्परा ने गन्ने में वीड मैनेजमेन्ट को पूरी तरह से बदल डाला है और किसानों के जीवन को आसान बना दिया है। सेम्परा के 10 साल पूरे होने पर धानुका एग्रीटेक ने कृषि पर इसके प्रभाव और किसानों की समृद्धि में इसके योगदान का जश्न मनाया।2015 में लॉन्च किया गया सेम्परा एक सिस्टेमेटिक, पोस्ट-एमरजेन्स, सलेक्टिव हर्बीसाईड है जो गन्ने और मक्के की फसल से मोथा को नष्ट कर देता है। यह एमिनो एसिड के निर्माण को रोकता है, जिससे वीड को पनपने के लिए पोषण नहीं मिल पाता और इस तरह ऐप्लीकेशन के कुछ ही दिनों के भीतर वीड का पनपना रूक जाता है। सेम्परा एक लो-डोज़ वाला प्रोडक्ट है, जो दक्षता के साथ वीड की समस्या को हल कर देता है। सेम्परा का प्रभाव मिट्टी में बना रहता है, इसलिए यह नए सायप्रस को अंकुरित होने से रोकता है और लम्बे समय तक सुरक्षा देता है। कई कृषि केन्द्रों जैसे वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट, तमिलनाडु एग्रीकल्चर युनिवर्सिटी और हरियाणा एग्रीकल्चर युनिवर्सिटी में इसकी जांच की जा चुकी है।

**FORM NO. URC-2**

**Advertisement giving notice about registration under part I of Chapter XXI of the Act**

**[Pursuant to Section 374 (b) of the Companies Act, 2013 and rule 4 (1) of the Companies (Authorized to Register) Rules, 2014]**

1 Notice is hereby given that in pursuance of sub-section (2) of section 366 of the Companies Act 2013, an application be made to the Registrar at Central Registration Centre(CRC),Indian Institute of Croporate Affairs (IICA), Plot No. 6.7 and 8 Sector 5 IMT Manesar District Gurgaon (Haryana) Pin Code-122050 that **Jobsphere Tech LLP** , Limited Liability Partnership may be registered under Part I of Chapter XXI of the Companies Act 2013 as a company limited by shares

2 The Principal objects of the company are as follows:

To carry on the business of Providing Software Support and Maintenance to Client's .

3 A copy of the draft memorandum and articles of association of the proposed company may be inspected at the office at Unit No. B-3/245,G/F,Paschim Vihar,New Delhi-110063,IN

4 Notice is hereby given that any person objecting to this application may communicate their objections in writing to the Registrar at Central Registration Centre (CRC) Indian Institute of Corporate Affairs (IICA) Plot No. 6.7 and 8 Sector 5 IMT Manesar District Gurgaon (Haryana) Pin Code-122050 within twenty one days from the date of publication of this notice with a copy to the company at its registered office

**Dated this 19th February 2025**
**Name (s) of Applicant**
**1. Sanya Pandey (DIN 10386206)**
**2. Aman Goyal (DIN 10286720)**
**3. Shikha Verma (DIN 10286719)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. जहांगीर, पुत्र स्व. श्री इसहाक, निवासी म.नं. 605, गड्ढा कॉलोनी, सुल्तानपुर, नई दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **606/24, दिनांक 29.11.2024, अंतर्गत धारा 74/76 बीएनएस, थाना फतेहपुर बेरी, दक्षिण जिला, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. जहांगीर** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. जहांगीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **606/24, दिनांक 29.11.2024, अंतर्गत धारा 74/76 बीएनएस, थाना फतेहपुर बेरी, दक्षिण जिला, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो. जहांगीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.03.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आशीश कुमार मीना
जेएमएफसी, कमरा नं. 214
साकेत कोर्ट कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली

DP/2089/SD/2025
(Court Matter)

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् शिवपुर- चरचा, जिला - कोरिया (छ.ग.)**

क्र./2299/लो.नि.वि./न.पा.प./2025 शिवपुर – चरचा, दिनाँक 21/02/2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय निविदा)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | समय सीमा | फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 165087 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Palika Parishad Shivpur Charcha under SBM 2.0 (2nd Call) | INR Rs. 356.73 Lakhs | INR Rs. 1.78 Lakhs (Rupees One Lakh Seventy Eight Thousand only) TDR/ FDR in favour of Chief Municipal Officer, Municipal Council Shivpur Churcha | Rs. 10,000.00 (Rupees Ten Thousand only) in the form of DD in favour of Chief Municipal Officer, Municipal Council Shivpur Churcha | Construction Period - 15 months (including rainy season + 03 (three) months of trial run) from the date of issuing of work order. | 12.03.2025 by 04.00 PM |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई- प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://cproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् शिवपुर - चरचा, जिला - कोरिया (छ.ग.)

## रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 86.71 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 86.71 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में सुधार के कारण रुपया नुकसान में रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर घरेलू बाजार और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में सुधार के कारण शुक्रवार को भारतीय रुपये में गिरावट आई। हालांकि, कच्चे तेल में नरमी ने गिरावट पर कुछ अंकुश लगाया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, डॉलर के मुकाबले रुपया 86.50 पर सकारात्मक रुख के साथ खुला। सत्र के दौरान इसका शुरूआती लाभ जाता रहा और यह कारोबार के दौरान 86.77 के निचले स्तर पर आ गया। कारोबार के अंत में यह 86.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की गिरावट है।

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5786




मंगल कोणचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

**शब्द पहेली - 5785 का हल**







## 2026 में छोड़े गए खेलों के आयोजन को भी भारत तैयार

### राष्ट्रमंडल खेल महासंघ से औपचारिक बात हो चुकी

# भारत राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी कराने का इच्छुक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का इच्छुक है और 2026 में ग्लास्गो खेलों से बाहर किये गए सभी खेलों का आयोजन भी यहां कराने के लिये तैयार है ताकि देश की पदक तालिका पर असर नहीं पड़े। खेल मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा ,'' हम राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी के इच्छुक हैं और इस मसले पर राष्ट्रमंडल खेल महासंघ से औपचारिक बात हो चुकी है। हमने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर किये गए सभी खेलों का आयोजन भारत में कराने का भी अनौपचारिक प्रस्ताव रखा है।''

### पत्र सौंपने की आखिरी तारीख 31 मार्च

राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी की इच्छा जताने का पत्र सौंपने की आखिरी तारीख 31 मार्च है और मंत्रालय सूत्रों ने कहा कि प्रक्रिया जल्दी ही पूरी की जायेगी। भारत में एकमात्र राष्ट्रमंडल खेल दिल्ली में 2010 में आयोजित हुए थे।

### ग्लास्गो से हॉकी, बैडमिंटन कुश्ती, क्रिकेट आदि खेल बाहर

ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों से हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे खेल बाहर किये जाने से भारत की पदक उम्मीदों को झटका लगा है। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बजट में कटौती के लिये सिर्फ दस खेल शामिल किये गए हैं।




### राष्ट्रमंडल की मेजबानी से ओलंपिक के लिए बल मिलेगा

हाल ही में भारत का दौरा करने वाली राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की सीईओ कैटी सेडलेयर ने कहा था कि ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की आकांक्षाओं को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से बल मिलेगा। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी का आशय पत्र पहले ही सौंप चुका है।

### पदकों की संख्या पर असर नहीं पड़ेगा

सूत्र ने कहा ,'' हमने यह प्रस्ताव इसलिये रखा है ताकि हमारे पदकों की संख्या पर असर नहीं पड़े। अनौपचारिक प्रस्ताव रखा जा चुका है और हमें जवाब का इंतजार है।''ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित किये जायेंगे।

### भारत ने तीरंदाजी व निशानेबाजी का प्रस्ताव रखा था

भारत ने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान भी तीरंदाजी और निशानेबाजी स्पर्धायें कराने का प्रस्ताव रखा था और सीजीएफ तथा बर्मिंघम ने इसे मंजूरी भी दे दी थी लेकिन कोरोना महामारी के कारण ऐसा हो नहीं सका। ग्लास्गो ने लागत में कटौती के लिये टेबल टेनिस, स्क्वाश और ट्रायथलन को भी हटा दिया है। वहां सिर्फ चार स्थानों पर ही खेलों का आयोजन किया जायेगा।

### ग्लास्गो में सिर्फ दस खेल शामिल

ग्लास्गो खेलों में सिर्फ दस खेलों एथलेटिक्स, पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड), तैराकी और पैरा तैराकी, लयबद्ध जिम्नास्टिक, ट्रैक साइकिलिंग, पैरा ट्रैक साइकिलिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन, पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, बॉल और पैरा बॉल, तीन गुना तीन बास्केटबॉल और तीन गुना तीन व्हीलचेयर बास्केटबॉल को ही शामिल किया गया है।

### 2036 के ओलंपिक मेजबानी के लिए पत्र सौंपा

ओलंपिक 2036 की मेजबानी की दावेदारी को लेकर सूत्र ने बताया ,'' हमने आशय पत्र पिछले साल ही अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को सौंप दिया है। हम आईओसी चुनाव का इंतजार कर रहे हैं जो अगले महीने होने हैं। ओलंपिक 2036 के मेजबान पर फैसला अगले साल मार्च से पहले नहीं आने वाला है। आईओसी चुनाव के बाद बात आगे बढ़ेगी और हम पूरी तरह से तैयार हैं।''

## खबर संक्षेप




### कतर ओपन में कार्लोस को जिरि लेहेका ने हराया

**दोहा।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को इस साल की दूसरी पराजय का सामना करना पड़ा जब 25वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने उन्हें कतर ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में 6-3, 3-6, 6-4 से हराया। स्पेन के 21 वर्ष के अल्काराज को 2025 में आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में नोवाक जोकोविच ने हराया था। इस महीने की शुरूआत में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ने रोटरडम ओपन जीता था। अल्काराज ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' मैने अपनी टीम और कोच से बात की है। मुझे नहीं पता कि कहां कमी रह गई। उसने शानदार खेल दिखाया और उसे श्रेय दिया जाना चाहिये।''अब लेहेका का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर से होगा जिन्होंने मात्तेओ बेरेतिनी को 4 -6, 6-4, 6-3 से हराया।

### हरियाणा, रेलवे राष्ट्रीय कबड्डी में पहला मैच जीते

**कटक।** गत चैम्पियन हरियाणा, रेलवे और मध्य प्रदेश ने 71वीं सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैम्पियनशिप में पहले दिन अपने मुकाबले जीते। टूर्नामेंट में 30 टीमों को आठ पूल में बांटा गया है और हर पूल से शीर्ष दो टीमें नॉकआउट



में पहुंचेंगी। हरियाणा ने तेलंगाना को 50 -20 से हराया जबकि रेलवे ने पूल बी में मणिपुर को 59 - 27 से मात दी। पूल डी में मध्यप्रदेश ने आंध्र प्रदेश को 59-35 से हराया। मेजबान ओडिशा ने पूल एफ में विदर्भ को 57-28 से शिकस्त दी।

### पुणे हाफ मैराथन के विजेता डोप जांच में विफल

**नई दिल्ली।** पिछले साल पुणे हाफ मैराथन में खिताब जीतने वाले प्रधान विलास किरुलाकर को एथलेटिक्स इंटीग्रिटी इकाई (एआईयू) ने डोप टेस्ट में विफल होने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। किरुलाकर ने दिसंबर 2024 में एक घंटे चार मिनट और 22 सेकंड के समय के साथ पुणे मैराथन जीती थी। उन्हें प्रदर्शन बढ़ाने वाली ड्रग मेल्डोनियम का पॉजिटिव पाया गया है। एआईयू ने कहा, ''उनके डोप नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ मेल्डोनियम की मौजूदगी के बाद आरोप का नोटिस (अनुच्छेद 2.1 और अनुच्छेद 2.2) जारी किया गया है।''

### पॉल राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने भारत के पूर्व गोलकीपर सुब्रत पॉल को शुक्रवार को राष्ट्रीय टीम का निदेशक नियुक्त किया।



समिति ने इसके साथ ही पुरुषों की अंडर20 टीम के मुख्य कोच के रूप में बिबियानो फर्नांडिस के नाम की भी सिफारिश की। यह निर्णय भारत के पूर्व कप्तान आईएम विजयन की अध्यक्षता में तकनीकी समिति की बैठक में लिए गए।

### दोनों टीमें एकदिवसीय प्रारूप में संघर्ष करते नजर आ रही

# चैम्पियंस ट्रॉफी : इंग्लैंड का सामना सितारों के बिना उतरी आस्ट्रेलियाई टीम से आज

एजेंसी ▶▶| लाहौर

खराब फॉर्म से जूझ रही इंग्लैंड टीम का सामना चैम्पियंस ट्रॉफी में शनिवार को अपने पहले मैच में एशेज प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलियाई टीम से होगा जो प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने से उनके बगैर खेल रही है। दोनों टीमों एक दिवसीय प्रारूप में संघर्ष करती नजर आ रही है। विश्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया को पिछली दो श्रृंखलाओं में श्रीलंका (0. 2) और पाकिस्तान (1 . 2) ने हराया। दूसरी ओर कोच ब्रेंडन मैकुलम की इंग्लैंड टीम ने 2023 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद से कोई वनडे श्रृंखला नहीं जीती है। जोस बटलर की कप्तानी वाली टीम को भारत ने 3- 0 से हराया।

### आस्ट्रेलिया के पांच प्रमुख खिलाड़ी चोट के कारण बाहर

पिछली बार सितंबर 2024 में दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की वनडे श्रृंखला आस्ट्रेलिया ने 3-2 से जीती थी। उसके बाद से हालांकि आस्ट्रेलिया के पांच प्रमुख खिलाड़ी चोटों के कारण टीम से बाहर है। उनके तेज गेंदबाजों की धुरंधर तिकड़ी पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क चोट के कारण नहीं खेल रहे हैं।



### मार्श व ग्रीन चोट के कारण बाहर

हरफनमौला मिचेल मार्श (कमर की चोट), कैमरन ग्रीन (चोट) के अलावा मार्कस स्टोइनिस अचानक संन्यास के ऐलान के कारण बाहर हैं। ऐसे में देखना है कि इस मिनी विश्व कप में क्या कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ की आस्ट्रेलियाई टीम अतीत की सफलता दोहरा पाती है।

### स्मिथ को संभालनी होगी ओपनिंग पारी

मार्श की गैर मौजूदगी में स्मिथ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं और उन्हें पारी के सूत्रधार की भूमिका निभानी होगी। आक्रामक सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड पर भी नजरें होंगी जिन्होंने 2022 की श्रृंखला में यहां 101 और 89 रन बनाये थे। हेड ने इंग्लैंड के खिलाफ पिछले साल ट्रेंट ब्रिज में 154 रन की नाबाद पारी खेली थी।

### इंग्लैंड के पास त्रिकोणीय तेज आक्रमण

इंग्लैंड के पास जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड और ब्रायडन कार्स के रूप में त्रिकोणीय तेज आक्रमण है जबकि आदिल रशीद स्पिन का जिम्मा संभालेंगे। हेड ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा ,'' हम अच्छी शुरूआत सुनिश्चित करेंगे। सलामी बल्लेबाज के और पर मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।''

**डकेट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद**

बल्लेबाजों की मददगार विकेट पर बेन डकेट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो भारत के खिलाफ शानदार फॉर्म में थे। जो रूट इंग्लैंड की बल्लेबाजी की धुरी हैं और वह अपनी उपयोगिता फिर साबित करना चाहेंगे।

### संभावित टीमें

**आस्ट्रेलिया :** स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबोट, एलेक्स कारी, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, जैक फ्रेसर मैकगुर्क, आरोन हार्डी, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट, एडम जम्पा

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), फिल साल्ट, बेन डकेट, जैमी स्मिथ, जो रूट, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, ब्राइडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल रशीद, मार्क वुड।

**मैच का समय :** दोपहर 2 . 30 से।

क्रिकेट

# मुंबई को हराकर विदर्भ चौथी बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में

- फाइनल में विदर्भ का सामना केरल से होगा
- मुंबई को 80 रन से हराकर विदर्भ चौथी बार रणजी फाइनल में



एजेंसी ▶▶| नागपुर

बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे के पांच विकेट की मदद से विदर्भ ने शुक्रवार को यहां 42 बार के चैंपियन मुंबई को 80 रन से हराकर चौथी बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में जगह बनाई। विदर्भ फाइनल में केरल का सामना करेगा जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाफ पहली पारी ने दो रन की बढ़त हासिल करके पहली बार खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। पुणे के रहने वाले 22 वर्षीय स्पिनर दुबे ने 127 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे 406 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही मुंबई की टीम 325 रन पर आउट हो गई। विदर्भ ने इस तरह से पिछले साल मुंबई के हाथों फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। विदर्भ को फाइनल में पहुंचाने में दुबे ने अहम भूमिका निभाई है। वह इस सत्र में अभी तक 66 विकेट ले चुके हैं। अब वह एक रणजी सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने के बिहार के आशुतोष अमन के रिकॉर्ड से केवल दो विकेट दूर हैं।

विदर्भ चौथी बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा है। इससे पहले वह 2017-18 और 2018-19 में चैंपियन बना था। मुंबई के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने आखिर तक मैच को रोमांचक बनाए रखा। शार्दुल ठाकुर ने फिर से अपने बल्लेबाजी कौशल का अच्छा नमूना पेश करते हुए 124 गेंद पर 66 रन बनाए जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है।

### शार्दुल व शम्स ने निभाई शतकीय साझेदारी

शार्दुल ने शम्स मुलानी (46) के साथ सातवें विकेट के लिए 103 रन जोड़े। मुलानी के रन आउट होने से यह साझेदारी टूटी। इसके बाद यश ठाकुर ने शार्दुल को बोल्ड किया जिससे मुंबई का स्कोर आठ विकेट पर 254 रन हो गया। इसके बाद हालांकि रॉयस्टन डायस और मोहित अवस्थी ने अंतिम विकेट के लिए 52 रन जोड़कर मुंबई को 93.4 ओवर में 300 के पार पहुंचा दिया। दुबे ने अवस्थी को पगबाधा आउट करके विदर्भ को जीत दिलाई।

चैंपियंस ट्राफी

# गिल के शतक से भारत को मिला आत्मविश्वास




एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

शुभमन गिल इन दिनों एक दिवसीय क्रिकेट की 'रन मशीन' साबित हो रहे हैं और उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैच कहां खेला जा रहा है या विरोधी टीम कौन सी है। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के पहले मैच में उनके सामने चुनौती अलग थी।

- चैंपियन ट्राफी में भारत को पाक व न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना है
- गिल एक दिवसीय क्रिकेट में रन मशीन साबित हो रहा

पिच धीमी थी और गेंदबाज लगातार बल्लेबाजों की कमियां तलाश रहे थे। इसके बावजूद गिल ने आठवां वनडे शतक जड़ा और भारत को छह विकेट से जीत दिलाई। उन्होंने 125 गेंद में शतक पूरा किया जो उनका सबसे धीमा शतक है लेकिन शायद कैरियर का सबसे महत्वपूर्ण भी। बरसों से भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली के कैरियर के आखिरी दौर में गिल का फॉर्म भारतीय टीम के लिये अच्छा संकेत है। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी मैचों में भारत को उनसे इसी प्रदर्शन की जरूरत होगी। बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने कुछ बेहतरीन स्ट्रोक्स लगाये जिसमें तेज गेंदबाज तंजीम हसन को लगाया पूल शॉट शामिल है।

स्पिनरों और तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान को भी उन्होंने सहजता से खेला और इस दौरान 52 गेंद में 30 रन ही बनाये लेकिन उस समय विकेट बचाकर खेलना ज्यादा जरूरी था। गिल ने बाद में मेजबान प्रसारक से कहा ,'' यह मेरे कैरियर की सबसे संतोषजनक पारियों में से एक थी। मुझे अंत तक टिककर खेलना था और मैने वही कोशिश की।''

### गिल शानदार बल्लेबाजी कर रहा: रोहित

कप्तान रोहित ने भी कहा ,' वह पिछले कुछ समय से शानदार बल्लेबाजी कर रहा है और बांग्लादेश के खिलाफ भी उसने इस लय को जारी रखा। इसमें हैरान होने की जरूरत नहीं है। यह देखकर अच्छा लगा कि वह अंत तक टिका रहा।''

# सभी चयन ट्रायल कैमरे के सामने होंगे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिये भारतीय टीम के चयन में पारदर्शिता लाने की कवायद में सभी चयन ट्रायल अब कैमरे के सामने होंगे जिसमें खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद होंगे। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। पिछले कुछ अर्से में चयन से जुड़े मसलों के अदालत तक जाने के मद्देनजर खेल मंत्रालय ने मेरिट के आधार पर चयन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिये यह फैसला लिया है। सूत्र ने कहा ,'' अक्सर यह देखा जाता है कि चयन मामलों को लेकर विवाद होते हैं और वे अदालत तक जाते हैं जिससे खिलाड़ियों पर असर पड़ता है। इसलिये हमने अब से सारे चयन ट्रायल कैमरे के सामने पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में कराने का फैसला लिया है।'' सूत्र ने कहा ,'' चयन प्रक्रिया के दौरान मंत्रालय और साई के अधिकारी मौजूद होंगे।'' सूत्र ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय खेल महासंघों और खिलाड़ियों के बीच समन्वय को बढावा देने के लिये दिल्ली के विभिन्न स्टेडियमों में महासंघों को कार्यालय खोलने के लिये जगह दी जायेगी।

SAI
भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

### कोहली ने छह पारियों में 137 रन बनाए है

# कोहली फॉर्म में वापसी के लिए खुद पर दबाव बना रहे : कुंबले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के पूर्व कप्तान और कोच अनिल कुंबले का मानना है कि विराट कोहली फॉर्म में वापसी के लिए खुद पर बहुत अधिक दबाव बना रहे हैं और उन्होंने इस स्टार बल्लेबाज को तनाव मुक्त रहने की सलाह दी है। कोहली ने वनडे विश्व कप 2023 के बाद इस प्रारूप में जो छह पारियां खेली हैं उनमें वह केवल 137 रन ही बना पाए हैं जिसमें एक अर्धशतक शामिल है।

कुंबले ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, '''मुझे लगता है कि वह कुछ ज्यादा ही प्रयास कर रहे हैं। वह जिस तरह से अपनी पारी आगे बढ़ा रहे हैं उसमें आप



इसे देख सकते हैं। उन्हें इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।''पूर्व कप्तान ने कहा, ''रोहित शर्मा को देखिए वह खुलकर खेलते हैं क्योंकि आगे काफी बल्लेबाज हैं और वे सभी शानदार फॉर्म में हैं। इसी तरह से विराट को भी किसी चीज की चिंता किए बिना खुलकर खेलने की जरूरत है।'' कुंबले ने कहा, ''सभी खिलाड़ी अपने करियर में मुश्किल दौर से गुजरते हैं लेकिन उन्हें बल्लेबाजी करते हुए देखकर मुझे ऐसा लगता है कि वह खुद पर बहुत अधिक दबाव डाल रहे हैं।''इस पूर्व भारतीय कप्तान का मानना है सहज होकर खेलने से कोहली इस खराब दौर से बाहर निकाल सकते हैं। कुंबले ने कहा, ''जब आप पर इस तरह का दबाव होता है और आप पर अपेक्षाओं का बोझ बन जाता है तो आप अचानक ही इस तरह की चीजों को अनावश्यक महत्व देने लग जाते हो और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बहुत अधिक प्रयास करने लग जाते हो।''

### अपने कौशल के प्रति वफादार रहने से सफलता मिली

# बारीकियों पर काम से मिली सफलता : शमी

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

**दुबई।** चोट के कारण क्रिकेट से दूर रहने का कठिन दौर पीछे छोड़कर आये भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा कि बारीकियों पर काम करने और अपने कौशल के प्रति वफादार रहने से उन्हें आईसीसी टूर्नामेंटों में कामयाबी मिलती है जिसमें उनका फोकस किफायती गेंदबाजी पर नहीं बल्कि विकेट लेने पर रहता है।

शमी ने चैम्पियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में पांच विकेट लिये जिसकी मदद से भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की। वह 200 वनडे विकेट तक सबसे तेजी से पहुंचने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज भी बन गए।

### इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से की वापसी

शमी ने इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के जरिये वापसी की और अब जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय आक्रमण की कमान संभाल रहे हैं। शमी ने कहा ,'' मैं अपने फन को पूरी वफादारी से निखारने की कोशिश करता हूं। आप अपने कौशल के प्रति कितने वफादार हैं या अपने लक्ष्य को पाने की कितनी भूख आपके भीतर है। आप कैसे लय हासिल कर सकते हैं। भूख होना जरूरी है।''



### रन बने तो चलेगा पर विकेट मिलना चाहिए

शमी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,''आईसीसी टूर्नामेंटों में अगर मेरी गेंदों पर रन भी बनते हैं तो चलता है लेकिन विकेट मिलने चाहिये। उसी से टीम को फायदा होगा। मैं हमेशा यही सोचता रहता हूं।'' शमी को 2023 वनडे विश्व कप के दौरान टखने में चोट लगी थी जिसके बाद वह 14 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे।

### जरूरत के हिसाब से गेंदबाजी करता हूं

शमी ने कहा ,'' लय सही होनी जरूरी है। गेंदबाजी करते समय असहज तो नहीं हैं। मैं इन चीजों पर ध्यान देता हूं। नतीजे पर ध्यान नहीं देता। वर्तमान पर फोकस रहता है और जरूरत के हिसाब से गेंदबाजी करता हूं।'' वनडे क्रिकेट में छठी बार पांच विकेट लेने वाले शमी ने बताया कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में भारत को हारते देख वह कितने दुखी थे जब बुमराह ने अकेले दम पर गेंदबाजी का जिम्मा संभाल रखा था।



## पीएम नरेंद्र मोदी ने स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का किया उद्घाटन

# सभी क्षेत्रों में विकास की गति बढ़ाने के लिए विश्वस्तरीय नेताओं और अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व की आवश्यकता, यह समय की मांग भी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (एसओयूएल) लीडरशिप कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में भूटान के पीएम श्री दाशो शेरिंग तोबगे, एसओयूएल बोर्ड के अध्यक्ष सुधीर मेहता और उपाध्यक्ष हसमुख अधिया अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ में उपस्थित थे।

पीएम ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए बेहतर नागरिकों का विकास आवश्यक है, प्रत्येक क्षेत्र में अच्छे नेताओं को तैयार करना आवश्यक है और यह समय की मांग है। एसओयूएल सिर्फ संगठन का नाम नहीं है, बल्कि एसओयूएल भारत के सामाजिक जीवन की आत्मा होगी।

एसओयूएल के सभी हितधारकों को शुभकामनाएं देते हुए पीएम मोदी ने घोषणा की कि निकट भविष्य में गुजरात की गिफ्ट सिटी के निकट एसओयूएल का एक नया, विशाल परिसर बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप ऐसे नेताओं को तैयार करेगा जो राजनीति के क्षेत्र सहित पूरी दुनिया में अपनी छाप छोड़ेंगे।

*राष्ट्र निर्माण के लिए बेहतर नागरिकों का विकास जरूरी*

*एसओयूएल की स्थापना विकसित भारत यात्रा में बड़ा कदम*

### बेहतरीन लीडर्स का विकास जरूरी



पीएम मोदी ने कहा कि कुछ आयोजन ऐसे होते हैं जो हृदय के बहुत करीब होते हैं आज का कार्यक्रम भी ऐसा ही है। राष्ट्र निर्माण के लिए बेहतर नागरिकों का विकास जरूरी है। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण, 'जन से जगत', किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करने के लिए आरंभ जन से ही होता है। उन्होंने कहा कि बेहतरीन लीडर्स का विकास जरूरी है और समय की मांग है इसलिए 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' की स्थापना विकसित भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है।

### भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा

पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में ऐसे संसाधनों की आवश्यकता है जो नवाचार का नेतृत्व करने और कौशल को दिशा देने में सक्षम हों। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में कौशल के बढ़ते महत्व की ओर इशारा किया। पीएम ने कहा कि भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में गति को बढ़ाने के लिए विश्व स्तरीय नेताओं और अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व की आवश्यकता है। इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय संस्थान न केवल एक विकल्प हैं, बल्कि आवश्यकता भी हैं।

### ऊर्जावान नेताओं की आवश्यकता

पीएम मोदी ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में ऊर्जावान नेताओं की आवश्यकता है जो वैश्विक जटिलताओं का समाधान ढूंढ सकें, आवश्यकतों को पूरा कर सके और साथ ही वैश्विक मंच पर राष्ट्र हितों को प्राथमिकता दे सकें। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन नेताओं का दृष्टिकोण वैश्विक होना चाहिए, लेकिन मानसिकता स्थानीय भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों और वैश्विक संस्थानों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार की गतिशीलता को समझने वाले नेताओं की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एसओयूएल की भूमिका ऐसे नेताओं को तैयार करना है, जिनका दायरा बड़ा हो और उनसे उच्च अपेक्षाएं हों।

### शेरिंग तोबगे बोले

## पीएम मोदी मेरे बड़े भाई उनसे मिलकर खुशी होती है

भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे ने कहा कि स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप पीएम नरेंद्र मोदी की सोच है और यह प्रामाणिक नेताओं को विकसित करने और उन्हें महान भारतीय गणराज्य की सेवा करने के लिए सशक्त बनाने के लिए पीएम की अटूट प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पीएम मेरे बड़े भाई, जब भी मुझे आपसे मिलने का मौका मिलता है, मैं खुशी से झूम उठता हूं। मेरे गुरु, जब भी मैं आपसे मिलता हूं, मैं एक लोक सेवक के रूप में और भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित होता हूं।



### खबर संक्षेप

## सांसद पर बैट से हमला 10 संदिग्धों को पहचाना

**गुवाहाटी।** असम के नागांव जिले के रूपोहिहाट में गुरुवार को धुबरी से कांग्रेस के लोकसभा सांसद रकीबुल हुसैन और उनके निजी सुरक्षा अधिकारियों (पीएसओ) पर अज्ञात लोगों ने हमला किया। इस मामले में असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पुलिस ने कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन पर हमले की कथित घटना में शामिल व्यक्तियों की पहचान कर ली है। अब तक कुल 10 लोगों की पहचान कर ली गई है।



## ट्रेन से टकराने के बाद छह हाथियों की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका में एक वन्यजीव अभयारण्य के पास एक यात्री ट्रेन के झुंड से टकराने से कम से कम छह हाथियों की मौत हो गई। राजधानी कोलंबो से लगभग 200 किलोमीटर (124 मील) दूर मिननेरिया के पास हुई टक्कर में चार हाथियों के बच्चे और दो वयस्कों की मौत हो गई। सरकार के वन्यजीव विभाग के प्रवक्ता हसिनी सरथचंद्र ने कहा कि वन्यजीव विभाग ने घटना की जांच शुरू कर दी है।



### जोहान्सबर्ग में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर हुई दोनों की यह मुलाकात

# भारत-चीन के विदेश मंत्रियों की बैठक में उठा कैलाश मानसरोवर यात्रा का मुद्दा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के विवादित इलाकों से हुई सेनाओं की वापसी के बाद भारत और चीन के मध्य अपने संबंधों को फिर से पटरी पर लाने के लिए जारी कोशिशों के बीच शुक्रवार को दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की दक्षिण-अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें कैलाश मानसरोवर यात्रा और नई दिल्ली से बीजिंग तक सीधी हवाई उड़ान सेवाओं की फिर से शुरुआत करने, एलएसी पर शांति-सौहार्द कायम करने, सीमापार बहने वाली नदियों और पर्यटन के मामले पर चर्चा की गई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कुल 30 मिनट तक चली इस बैठक में दोनों विदेश मंत्रियों ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। साथ ही आपसी सहयोग से जुड़े अन्य मामलों व साझा हितों वाले क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया। पिछले साल रियो डी जेनेरियो में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई बैठक के बाद जयशंकर और वांग यी के बीच हो रही यह दूसरी मुलाकात थी। विदेश मंत्रालय ने इस बैठक में जयशंकर के संबोधन को लेकर एक बयान भी जारी किया।

वहीं, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट में कहा, जोहान्सबर्ग में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में 21 फरवरी की सुबह सीपीसी पोलित ब्यूरो के सदस्य और चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात करने का अवसर मिला। उन्होंने बैठक को लेकर अपनी पोस्ट में कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं।

### समूह के विदेश मंत्रियों को संबोधित करते हुए बोले जयशंकर, वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष आने वाली चुनौतियों से उबारने में मददगार है जी-20 समूह



### यात्रा पर तारीखों का ऐलान होना बाकी

पिछले महीने विदेश सचिव-उप मंत्री तंत्र की बैठक में भाग लेने के लिए भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बीजिंग की यात्रा की थी। जिसमें दोनों पक्षों के बीच साल की गर्मियों में कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत करने पर सहमति जताई गई थी। हालांकि इस संबंध में अभी तक भारत और चीन ने औपचारिक रूप से तारीखों की कोई घोषणा नहीं की है।

### मुश्किल वक्त में हो रही बातचीतः जयशंकर

विदेश मंत्री ने चीन के विदेश मंत्री के साथ बैठक में कहा कि ऐसे समय में जब दोनों देशों के संबंध एक मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। तब हमें इस बैठक ने एक-दूसरे से मिलने का अवसर प्रदान किया है। हमें इस बात को पहचानना चाहिए कि ध्रुवीकरण वाली वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत और चीन जी-20 को बतौर संस्थान के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। यह हमारे अंतरराष्ट्रीय सहयोग को भी प्रमाणित करता है। उन्होंने कहा, रियो डी जेनेरियो में हुई हमारी पिछली बैठक के बाद कुछ जरूरी गतिविधियां हुई हैं। जिसमें हमारे एनएसए और विदेश सचिव ने चीन की यात्रा की और वहां पर दोनों देशों के संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की गई। एलएसी से लगे सीमाई इलाकों में शांति और सौहार्द के प्रबंधन सहित संबंधों से जुड़े अन्य मामले भी इस दौरान वार्ता में शामिल रहे। आज पुनः विचारों का आदान-प्रदान कर प्रसन्नता हुई। भारत, चीन जी-20, एससीओ और ब्रिक्स के सदस्य हैं। बैठक में साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय, वैश्विक मामलों पर भी मंथन किया गया।

### चुनौतियों से निपटने में मददगार जी-20

विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने 'वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थिति पर चर्चा' विषय से जोहान्सबर्ग में आयोजित की गई जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया की बढ़ती बहुध्रुवीयता के दौर में यह एक महत्वपूर्ण मंच है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थिति बेहद कठिन और जटिल बनी हुई है। इसके पीछे कोरोना महामारी के हालात, कुछ जगहों पर जारी संघर्ष, वित्तीय दबाव और खाद्य सुरक्षा जैसे मुद्दे जिम्मेदार हैं। इन सबके बीच हालांकि जी-20 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के सामने आने वाली चुनौतियों के दौरान अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग मंच के रूप में उनसे निपटने में अहम भूमिका निभाता है।

### भारत और पाक के बीच फ्लैग मीटिंग

## 'एलओसी' पर संघर्ष विराम बनाए रखने पर बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच जम्मू और कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तनाव कम करने के लिए शुक्रवार को फ्लैग मीटिंग हुई। यह मीटिंग हाल ही में हुई सीमा पार गोलीबारी और आईईडी हमलों की घटनाओं के बाद आयोजित की गई थी। दोनों देशों के बीच यह बैठक लगभग 75 मिनट तक चली, जिसमें नियंत्रण रेखा पर शांति बनाए रखने और संघर्षविराम समझौते को जारी रखने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। मीटिंग में भारतीय सेना की पुंछ ब्रिगेड के कमांडर और पाकिस्तान सेना के दो ब्रिगेड कमांडर शामिल हुए। पिछले कई हफ्तों से एलओसी पर तनाव जारी था, जिसके बाद यह बैठक हुई है। इसमें 2021 से जारी संघर्षविराम को बनाए रखने, नियंत्रण रेखा को तनाव मुक्त करने और अन्य मुद्दों पर सहमति बनी है। यह फ्लैग मीटिंग पाकिस्तान और भारत के बीच काफी समय बाद हुई है, क्योंकि इससे पहले 2021 में आखिरी बार फ्लैग मीटिंग आयोजित हुई थी। भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियां नियंत्रण रेखा की लगातार निगरानी कर रही हैं। पाकिस्तान द्वारा नियंत्रण रेखा पर लगातार नापाक हरकतों के बीच, 11 फरवरी को जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर में एक आईईडी विस्फोट में एक कैप्टन समेत दो जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद से एलओसी पर तनाव और बढ़ गया है। भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियां नियंत्रण रेखा की लगातार निगरानी कर रही हैं।






### ब्रिटेन के मंत्री अगले हफ्ते आएंगे

## भारत और ब्रिटेन एफटीए पर एक बार फिर से शुरू करेंगे बातचीत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ब्रिटेन लंबे समय से अधर में पड़े मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ब्रिटेन के व्यापार मंत्री डगलस अलेक्जेंडर के अगले सप्ताह भारत आने और केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात कर सकते हैं। दोनों नेता एफटीए वार्ता में तेजी लाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। एफटीए पर भारत और ब्रिटेन के बीच बातचीत लंबे समय से बंद है। इस व्यापार समझौते का उद्देश्य टैरिफ को कम करके और व्यवसायों के लिए बाजार पहुंच को आसान बनाकर दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ाना है। भारत और यूके एक व्यापक व्यापार सौदे की दिशा में काम कर रहे हैं जो प्रमुख क्षेत्रों जैसे माल, सेवाओं, प्रौद्योगिकी और निवेश में आर्थिक सहयोग को बढ़ावा दे सकता है। अलेक्जेंडर और गोयल के बीच आगामी बातचीत में प्रमुख चिंताओं को संबोधित करने और वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए सामान्य आधार खोजने की उम्मीद है।

### दोनों देशों के पीएम ने की थी वार्ता

ब्राजील में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद, ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने 2025 में यूनाइटेड किंगडम और भारत के बीच एफटीए वार्ता को फिर से शुरू करने की घोषणा की। इससे पहले 22 नवंबर को, यूके-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूकेआईबीसी) के अध्यक्ष रिचर्ड हील्ड ने कहा कि भारत और यूके के बीच एफटीए में व्यवसायों और द्विपक्षीय व्यापार के लिए परिवर्तनकारी क्षमता है। उन्होंने कहा कि एफटीए दोनों देशों के बीच आवागमन को आसान बनाकर एक अंतर पैदा करेगा। ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और यूनाइटेड किंगडम के पीएम महामहिम सर कीर स्टार्मर की मुलाकात के बाद ब्रिटेन ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार वार्ता को फिर से शुरू करने की घोषणा की। ब्रिटेन और भारत एक व्यापक और महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत जारी रखेंगे।

## यूएस के बाद कनाडा ने 7 लैटिन अमेरिकी संगठन आतंकी इकाई घोषित किए

एजेंसी ▶▶ ओटावा



अमेरिका के बाद अब कनाडा ने भी 7 लैटिन अमेरिकी आपराधिक समूहों को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। यह कार्रवाई कनाडा की आपराधिक संहिता के तहत की गई है। नागरिक सुरक्षा मंत्री डेविड मैकगिन्टी ने कहा कि अब कनाडाई कानून प्रवर्तन एजेंसियां फेंटेनाइल तस्करी के खिलाफ मजबूती से कार्रवाई कर सकेंगी। आतंकवादी संगठनों की सूची में मैक्सिको के सिनालोआ कार्टेल, जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल और ला नुएवा फमिलिया मिचोआकाना को शामिल किया गया है। आतंकवादी समूहों में नामित अन्य संगठन मैक्सिको से कार्टेल डेल गोल्फो, कार्टेल्स यूनिडोस, वेनेजुएला में ट्रेन डी अरागुआ, मारा साल्वाट्रुचा और एमएस-13 शामिल हैं। एमएस-13 कैलिफोर्निया में शुरू हुआ लेकिन वह अल-साल्वाडोर में प्रमुख आपराधिक ताकत के रूप में उभरा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109